kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-252 ❑ बुधवार, 15 अक्टूबर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12

भारत और रूस के बीच बौद्ध धर्म पर आधारित यह साझा आध्यात्मिक विरासत केवल एक प्राचीन सांस्कृतिक सूत्र नहीं, बल्कि करुणा, शांति और सार्वभौमिक बंधुत्व जैसे शाश्वत मूल्यों की प्रतीक भी है।



केशव प्रसाद मौर्य

राहुल गांधी ने आईपीएस वाई पूरन की आत्महत्या मामले में कार्रवाई की मांग 11

सीएम धामी ने 1456 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र 12

# अयोध्या में बनेगा एनएसजी का नया हब : अमित शाह

## आतंकवादियों को पाताल तक ढूंढ निकालेगी भारत की सुरक्षा एजेंसियां

एजेंसी

मानेसर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को घोषणा की कि अयोध्या में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का एक नया हब स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में स्थापित किए जा रहे एनएसजी के हब किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। अमित शाह हरियाणा के मानेसर में एनएसजी के 41वें स्थापना दिवस समारोह और स्पेशल ऑपरेशंस ट्रेनिंग सेंटर (एसओटीसी) के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनएसजी के कार्य में बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। अब तक एनएसजी के छह हब-मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, अहमदाबाद और जम्मू में स्थापित हो चुके हैं। इनके साथ अब अयोध्या में भी एक नया हब बनाया जाएगा। इन छह जोनों में एनएसजी कमांडो 24 घंटे और 365 दिन तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी आकस्मिक आतंकी हमले की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके। हर जोन के लिए एक विशेष कंपोजिट ग्रुप बनाया गया है जो अपने क्षेत्र में आने वाले किसी भी खतरे का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम रहेगा। गृह मंत्री ने बताया कि एनएसजी का मुख्यालय हरियाणा की ह्लवीर भूमिङ्क मानेसर में स्थित है। यहां न केवल एनएसजी बल्कि देशभर के राज्यों की आतंक विरोधी इकाइयों के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जा रही है। एनएसजी का यह नया ट्रेनिंग सेंटर आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जहां अत्याधुनिक युद्ध कौशल और विशेष ऑपरेशंस की ट्रेनिंग दी जाएगी।

अमित शाह ने आतंकवादी समूहों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भारत की सुरक्षा एजेंसियां उन्हें पाताल लोक तक ढूंढ निकालेंगी। उन्होंने कहा, ह्लभारत के सुरक्षा बल आतंकवादियों को ढूंढकर दंडित करेंगे, चाहे वे कहीं भी छिपे हों। ऑपरेशन सिंदूर और ● शेष पेज 11 पर



### एनएसजी ने आतंकवाद के खिलाफ बहुत बड़ी लड़ाई लड़ी है : अमित शाह

गुरुग्राम। हरियाणा के मानेसर में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के 41वें स्थापना दिवस समारोह में मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आठ एकड़ में बनने वाले ब्लैक कैट स्पेशल ऑपरेशंस ट्रेनिंग सेंटर का शिलान्यास किया। गृहमंत्री ने इससे पहले वट वृक्ष का पौधा भी रौपा। समारोह को संबोधित करते हुए गृहमंत्री शाह ने कहा कि चार दशक की लंबी यात्रा में एनएसजी के जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर देश को सुरक्षित किया है। ● शेष पेज 11 पर

## पंचायतों को आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने के लिए पारदर्शिता, तकनीक और स्थानीय संसाधनों के उपयोग पर बल

# ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की आत्मा : मुख्यमंत्री योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम पंचायतों को आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्यों से नवाचारों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है। मंगलवार को पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतें केवल प्रशासनिक इकाइयां नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की आत्मा हैं। इन इकाइयों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पारदर्शिता, तकनीक और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

बैठक में प्रस्तुत विवरण के अनुसार, पंचायतों की स्वनिधि बढ़ाने के लिए विभिन्न सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। स्थानीय कर एवं यूज़र चार्ज संग्रह की प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है। पंचायतों की आय वृद्धि के लिए विभिन्न नवाचारों पर कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और तकनीकी उपयोग के माध्यम से ग्राम पंचायतों की राजस्व प्राप्ति और जनसेवा की गुणवत्ता दोनों में सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विकास प्राधिकरणों के अतिरिक्त जिला पंचायतों के अधीन क्षेत्रों में भवन मानचित्र स्वीकृति के लिए जिला पंचायतों के पास दक्ष मानव संसाधन की उपलब्धता होनी चाहिए। इसके लिए प्रत्येक जिला पंचायत में सिविल इंजीनियर अथवा आर्किटेक्ट की तैनाती की व्यवस्था की जाए, जिससे स्थानीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए ग्राम सचिवालयों में आधार केंद्र खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड निर्माण, संशोधन, बायोमेट्रिक अपग्रेडेशन आदि कार्यों के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जाए, जिससे नागरिकों को सुविधा मिले और मिलने वाले शुल्क से ग्राम पंचायत की आय में भी वृद्धि हो। बैठक में यह भी बताया गया कि पंचायती राज विभाग की ओर से तालाबों, पोखरों की सूचीकरण और उपयोग नीति पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत तथा जिला पंचायत के अधीन तालाबों, पोखरों का समयबद्ध पट्टा किया जाए और इनसे प्राप्त राशि को हर घर नल, जल संरक्षण तथा ग्राम्य हित के कार्यों में ही उपयोग ● शेष पेज 11 पर

## उप्र सरकार के कार्मिकों को दीपावली से पहले सीएम योगी का बड़ा उपहार

# 14.82 लाख राज्य कर्मचारियों को मिलेगा बोनस

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के अवसर पर राज्य कर्मचारियों को बड़ा उपहार देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है। प्रदेश की प्रगति में सरकारी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार हर स्तर पर उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकार के कर्मचारियों को उत्पादकता असम्बद्ध बोनस अनुमन्य किया गया है। यह बोनस मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा 7,000 के आधार पर 30 दिनों की परिलब्धियों का आगणन करते हुए दिया जाएगा, जिससे प्रत्येक पात्र कर्मचारी को 6,908 का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली से पहले यह आर्थिक लाभ कर्मचारियों के परिवारों के लिए आनंद और उत्साह लेकर आएगा तथा शासन-प्रशासन में नई ऊर्जा का संचार करेगा। इस निर्णय से राज्य सरकार के लगभग 14 लाख 82 हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे, जिस पर कुल व्ययभार लगभग 1,022 करोड़ आएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पात्र कर्मचारियों को बोनस का भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि सभी परिवार इस पर्व को उल्लासपूर्वक मना सकें।

राज्य सरकार द्वारा अनुमन्य बोनस के दायरे में वे पूर्णकालिक अराजपत्रित कार्मिक शामिल हैं जिनके पद का वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 (47,600-1,51,100) तक है (सादृश्य ग्रेड वेतन 4,800 तक) ● शेष पेज 11 पर



❑ 1,022 करोड़ का व्ययभार वहन करेगी राज्य सरकार

## मंगोलिया को ऑयल रिफाइनरी प्रोजेक्ट के लिए 1.7 अरब डॉलर की ऋण सहायता देगा भारत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना के बीच मंगलवार को यहां के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। भारत मंगोलिया को तेल रिफाइनरी परियोजना के लिए 1.7 अरब डॉलर का ऋण देगा। यह भारत की विश्व में सबसे बड़ी विकास सहयोग परियोजना है। दोनों नेताओं ने वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत अब मंगोलिया के नगरिकों को निःशुल्क ई-वीजा सुविधा देगा। इसके अलावा हर वर्ष मंगोलिया के युवा सांस्कृतिक राजदूत बन प्रायोजित यात्रा पर भारत यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य में सांस्कृतिक एकजुटता और बौद्ध विरासत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सदियों से दोनों देश बौद्ध धर्म के सूत्र में बंधे हैं, जिसकी वजह से हमें आध्यात्मिक बंधु भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय ने मंगोलिया में बौद्ध धर्म के लिए अहम भूमिका निभाई है। दोनों नेताओं ने तय किया कि नालंदा और 'गंदन मॉनेस्टेरी' को साथ जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि हम 'गंदन मॉनेस्टेरी' में एक संस्कृत शिक्षक भी भेजेंगे, ताकि वहां के बौद्ध ग्रंथों का गहराई से अध्ययन किया जा सके और प्राचीन ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाया जा सके। हमारा रक्षा और सुरक्षा सहयोग भी लगातार मजबूत हो रहा है। प्रधानमंत्री ने हर्ष व्यक्त किया कि अगले वर्ष भगवान बुद्ध के दो महान शिष्यों– सारिपुत्र और मौद्गल्या-यन के पवित्र अवशेष को भारत से मंगोलिया भेजा जाएगा। मंगोलिया के राष्ट्रपति उखना ने आज सुबह राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति उखना ने राष्ट्रपति ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों के विस्फोटक बनाने का सामान और 5 आईईडी बरामद

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों के जवानों ने मंगलवार को नक्सलियों के छिपाकर रखी गई बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। इतना ही नहीं सर्चिंग के दौरान नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाए गए 5 प्रेशर आईईडी भी बरामद किए गए। बीजापुर के एसपी जितेंद्र यादव ने इसकी पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि सुरक्षाबलों की सतर्कता और सूझ-बूझ से नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को समय रहते विफल कर दिया। बरामद सामग्री से साफ जाहिर होता है कि नक्सली सुरक्षाबलों को गंभीर क्षति पहुंचाने की योजना बना रहे थे। हालांकि, सुरक्षाबलों की त्वरित कार्रवाई ने उनके नापाक मंसूबों पर पानी फ़ेर दिया। अभी इलाके में लगातार गस्त सर्चिंग की कार्रवाई जारी है।
पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई ताड़पाला बेस कैम्प से कोबरा 206, केरिपु 229, 153 एवं 196 की संयुक्त टीम द्वारा अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखी गई। विस्फोटक सामग्री और बीजीएल बनाने की सामग्री बरामद की गई। बरामद सामग्री में 51 नग जिंदा बीजीएल, 100 बंडल एचटी एल्युमिनियम तार, 50 नग स्टील पाइप, बड़ी मात्रा में बिजली का तार, 20 नग लोहे की शीट और 40 नग लोहे की प्लेट शामिल हैं। इसके अलावा नक्सलियों द्वारा लगाए गए 5 नग प्रेशर आईईडी बरामद कर जिन्हें बीडीएस टीम की मदद से सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया गया।

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल से कर्नाटक दौरे पर

बेंगलुरु। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बुधवार से अपने दो दिवसीय दौरे पर राज्य के कल्याण क्षेत्र का दौरा करेंगी। वे यहां कृषि मूल्य संवर्धन इकाइयों, प्रशिक्षण केंद्रों और सामान्य सुविधा केंद्रों का दौरा करेंगी केंद्रीय मंत्री सीतारमण की सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से कल्याण कर्नाटक के सात जिलों में से प्रत्येक में एक कृषि मूल्य संवर्धन इकाई स्थापित की गई है। केंद्रीय मंत्री सीतारमण बुधवार और गुरुवार को किसानों को आर्थिक सशक्तीकरण के उद्देश्य से स्थापित कृषि मूल्य संवर्धन इकाइयों, प्रशिक्षण केंद्रों और सामान्य सुविधा केंद्रों का दौरा करेंगी।

# बिहार विधानसभा चुनाव : भाजपा ने 71 उम्मीदवारों की पहली सूची की जारी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पहली सूची में 71 उम्मीदवार के नाम शामिल है।

पटना में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उम्मीदवारों के नामों का औपचारिक ऐलान किया। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के अहम घटक दल के रूप में भाजपा इस बार जनता दल (यूनाइटेड) और अन्य सहयोगी दलों के साथ मिलकर चुनाव मैदान में उतरेगी। राजग में हुए सीटों के बंटवारे के तहत भाजपा इस बार 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सीट और उम्मीदवारों की सूची भाजपा ने बेतिया से रेणु देवी, रक्सौल से प्रमोद कुमार सिन्हा, पिपरा से श्यामबाबू प्रसाद यादव, मधुबन से राणा रणधीर सिंह, मोतिहारी से प्रमोद कुमार, ढाका से पवन जायसवाल, रीगा से बैद्यनाथ प्रसाद, बथनाहा से अनिल कुमार राम, परिहार से गायत्री देवी, सीतामढ़ी से सुनील कुमार पिंटू, बेनीपट्टी से विनोद नारायण झा, खजौली से अरुण शंकर प्रसाद, बिस्फी से हरिभूषण ठाकुर बचौल को टिकट दिया गया है। भाजपा की ओर से राजनगर से सुजीत पासवान, झंझारपुर से नीतीश मिश्रा, छातापुर से नीरज कुमार बबलू, नरपतगंज से देवंती यादव, फारबिसगंज से विद्या सागर केसरी, सिकटी से विजय कुमार मंडल, किशनगंज से स्वीटी सिंह, बनमनखी से कृष्ण कुमार ऋषि, पूर्णिया से विजय कुमार खेमका, कटिहार से तारकिशोर ● शेष पेज 11 पर




❑ वरिष्ठ नेता नंदकिशोर यादव का कटा टिकट

### नीतीश की नाराजगी के बाद राजग में सीट शेयरिंग फॉर्मूले में बदलाव संभव

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में पेंच फंस गया है। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आगामी राज्य विधानसभा चुनाव के लिए राजग में सीट बंटवारे और जनता दल (यूनाइटेड) को विधानसभा सीटों के आवंटन पर कड़ी नाराजगी जताई है। पार्टी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजगीर, मोरवा और सोनबरसा विधानसभा सीट चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) (लोजपा-आर) को दिया गया है। यहां से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और ● शेष पेज 11 पर

### सपा ने मेरठ जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी को हटाया, गुर्जर नेता कर्मवीर गूमी को दी कमान

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गुटबाजी के चलते मेरठ के जिलाध्यक्ष को हटा दिया गया है। इस संबंध में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने पत्र जारी किया है। उनकी जगह कर्मवीर सिंह गूमी पार्टी ने नया जिलाध्यक्ष बनाया है। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने पत्र जारी करते हुए मंगलवार को जारी पत्र में बताया कि कर्मवीर सिंह गूमी को पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर तत्काल मेरठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया जाता है। उन्होंने नवमनोनीत जिलाध्यक्ष को निर्देश दिए हैं कि वह जल्द ही जिला कमेठी का गठन कर पार्टी आलाकामान को अवगत कराएं। उल्लेखनीय है कि उप्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए सपा ने गुटबाजी और अंतर्कलह को दूर करने की कवायद शुरू कर दी है। इसी क्रम में मेरठ में अपने बयानबाजी को लेकर चर्चा में रहने वाले जाट समाज से आने वाले मौजूदा जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी को हटाया गया है और गुर्जर समाज से आने वाले कर्मवीर सिंह गूमी को जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है।

## बिना एमसीएमसी की मंजूरी के

# कोई भी राजनीतिक विज्ञापन सोशल मीडिया या इंटरनेट पर नहीं होगा प्रकाशित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य राज्यों में उपचुनाव से पहले चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया और डिजिटल प्रचार के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। अब सभी राजनीतिक विज्ञापनों के लिए मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से पूर्व-प्रमाणन, उम्मीदवारों को नामांकन के समय अपने सोशल मीडिया खातों की जानकारी और राजनीतिक दलों को चुनाव के 75 दिनों के भीतर डिजिटल प्रचार पर हुए खर्च का विवरण आयोग को देना अनिवार्य कर दिया गया है। आयोग ने निर्देश दिया कि बिना एमसीएमसी की मंजूरी के कोई भी राजनीतिक विज्ञापन सोशल मीडिया या इंटरनेट पर प्रकाशित नहीं होगा। इसके लिए जिला और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) का गठन किया गया है, जो सोशल मीडिया सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों पर प्रसारित होने वाले विज्ञापनों की जांच करेगी और पेड न्यूज के संदिग्ध मामलों पर आवश्यक कार्रवाई करेगी। नामांकन के समय उम्मीदवारों से उनके सोशल मीडिया खातों की जानकारी ली जाएगी, जिससे आयोग उनके डिजिटल प्रचार की निगरानी कर सके। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 77(1) और उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत चुनाव प्रचार खर्च की जानकारी देना अनिवार्य किया गया है। इस खर्च में ● शेष पेज 11 पर




❑ चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया और डिजिटल प्रचार के लिए जारी किए दिशानिर्देश

# अपने मिशन में संयुक्त राष्ट्र के साथ दृढ़ता से खड़ा है भारत : राजनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदानकर्ता देशों (यूएनटीसीसी) के प्रमुखों के सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था को बनाए रखने में भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि कुछ देश अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन करके उन्हें कमजोर कर रहे हैं। कुछ देश अपने नियम बनाकर अगली सदी पर हावी होना चाहते हैं। अपनी स्वतंत्रता के आरंभ से ही भारत अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के अपने मिशन में संयुक्त राष्ट्र के साथ दृढ़ता से खड़ा रहा है। संयुक्त राष्ट्र में सैन्य योगदान देने वाले 32 देशों के वरिष्ठ अधिकारियों का सम्मेलन नई दिल्ली के मानेकशा सेंटर में शुरू हुआ है, जो 16 अक्टूबर तक चलेगा। पहली बार भारतीय सेना की मेजबानी में हो रहे इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सैनिक भेजने वाले देशों के प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेने आये हैं। इनमें अल्जीरिया, आर्मेनिया, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, ब्राजील, बुरुंडी, कंबोडिया, मिस्र, इथियोपिया, फिजी, फ्रांस, घाना, इटली, कजाखिस्तान, केन्या, किर्गिस्तान, मेडागास्कर, मलेशिया, मंगोलिया, मोरक्को, नेपाल, नाइजीरिया, पोलैंड, रवांडा, श्रीलंका, सेनेगल, तंजानिया, ● शेष पेज 11 पर



❑ रक्षा मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था बनाए रखने में भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया

❑ संयुक्त राष्ट्र में सैन्य योगदान देने वाले 32 देशों के वरिष्ठ अधिकारियों का सम्मेलन शुरू हुआ

## गूगल की निवेश योजना को विकास के लिए उपयोगी और भारत को वैश्विक टेक्नोलॉजी लीडर के रूप में स्थापित करने वाला बताया

# गूगल की निवेश योजना देश के विकास के लिए उपयोगी : प्रधानमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी टेक कंपनी गूगल की निवेश योजना को विकास के लिए उपयोगी और भारत को वैश्विक टेक्नोलॉजी लीडर के रूप में स्थापित करने वाला बताया है। गूगल आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) हब और गीगावॉट-स्केल डाटा सेंटर विकसित करने के लिए 15 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उद्योगपति गौतम अडानी सहित कई प्रमुख हस्तियों ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए इसे देश की डिजिटल प्रगति, युवाओं के लिए अवसर और एआई नेतृत्व की दिशा में बड़ा कदम बताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि उन्हें विशाखापत्तनम जैसे गतिशील शहर में गूगल एआई हब के शुभारंभ से बेहद प्रसन्नता हुई है। यह बहुआयामी निवेश गीगावॉट-स्केल डाटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर को भी शामिल करता है, जो विकसित भारत के उनके विजन से मेल खाता है। यह तकनीक को लोकतांत्रिक बनाएगा, सभी के लिए एआई ● शेष पेज 11 पर



❑ गूगल आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) हब और गीगावॉट-स्केल डाटा सेंटर विकसित करने के लिए 15 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा।

### प्रधानमंत्री 16 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश में 13,430 करोड़ की विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री श्रीशैलम स्थित प्रसिद्ध श्री भ्रमरम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में पूजा-अर्चना करेंगे। इसके अलावा वे कुरनूल में 13,430 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री सुबह नंदयाल जिले के श्रीशैलम स्थित प्रसिद्ध श्री भ्रमरम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में पूजा-अर्चना करेंगे। यह मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों और 52 शक्तिपीठों में से एक है। इस मंदिर की विशेषता यह है कि यहां एक ही परिसर में ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठ दोनों स्थित हैं, जिससे यह देशभर में अद्वितीय धार्मिक स्थल बनता है। प्रधानमंत्री इसके बाद श्रीशैलम स्थित श्री शिवाजी स्फूर्ति केंद्र का दौरा करेंगे। यह केंद्र छत्रपति शिवाजी महाराज को समर्पित एक स्मारक परिसर है, जिसमें ध्यान मंदिर के चारों कोनों पर उनके चार प्रमुख किलों—प्रतापगढ़, राजगढ़, रायगढ़ और शिवनेरी—के मॉडल बने हैं। केंद्र में शिवाजी महाराज की ध्यान मुद्रा में प्रतिमा स्थापित है। यह स्मारक 1677 में शिवाजी महाराज की श्रीशैलम यात्रा की स्मृति में स्थापित श्री शिवाजी स्मारक ● शेष पेज 11 पर

# भारत को परम वैभव के शीर्ष पर पहुंचाने का महामार्ग है स्वदेशी: धीरज राय

**स्वदेशी जागरण मंच, गोरक्ष प्रांत एवं स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में आज उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का सफल आयोजन**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। स्वदेशी जागरण मंच, गोरक्ष प्रांत एवं स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में आज उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का सफल आयोजन एल.पी.के. इंटर कॉलेज, बसडीला, सरदार नगर, गोरखपुर में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं में स्वदेशी भावना, आत्मनिर्भरता की चेतना तथा उद्यमशीलता के संस्कार का विकास करना था।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुपम श्रीवास्तव, क्षेत्र संयोजक , स्वदेशी जागरण मंच, पूर्वी उत्तर प्रदेश ने स्वदेशी के मूल दर्शन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को ्स्वदेशी अपनाओ, स्वावलंबन बढ़ाओ्ं का मंत्र दिया। उन्होंने उपस्थित जनों को स्वदेशी का संकल्प एवं शपथ दिलाई तथा आयोजन के सफल संचालन हेतु डॉ. दिनेश मणि त्रिपाठी के योगदान के लिए विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।प्रांत संयोजक, धीरज राय ने अपने संबोधन में कहा भारत को परम वैभव के शिखर पर ले जाने का महामार्ग केवल स्वदेशी और स्वावलंबन से ही प्रशस्त होगा। जब प्रत्येक युवा अपने क्षेत्र में उत्पादन, नवाचार और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देगा, तभी सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव होगा।्ंकार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन श्री योगेश पांडेय ने किया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न उद्यमिता संवर्द्धन योजनाओं की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। सम्मेलन में क्षेत्र के अनेक सफल उद्यमियों को ्उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मान्ं से सम्मानित किया गया।सम्मानित उद्यमियों में प्रमुख रूप से अमरेंद्र चतुर्वेदी, सच्चिदानंद दीक्षित, पंकज शुक्ला, विशाल त्रिपाठी, केशव मिश्रा, अविनाश शुक्ला, राजेश कुमार सिंह एवं सी.बी. सिंह सम्मिलित रहे।इन सभी ने अपने संघर्ष, नवाचार और सफलता की प्रेरक यात्राएँ साझा कर उपस्थित युवाओं को अपने जीवन में कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कालेज के वरिष्ठ प्रवक्ता महेश्वर त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ्युवा शक्ति जब स्वदेशी चेतना के साथ आगे बढ़ेगी, तब भारत निश्चित ही विश्व में सांस्कृतिक, आर्थिक और नैतिक नेतृत्व का केंद्र बनेगा।्ंउन्होंने सम्मेलन की सफलता के लिए आयोजक टीम को धन्यवाद दिया और युवाओं से 'स्वदेशी से स्वावलंबन' की राह पर दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ने का आह्वान किया।स्वदेशी ही राष्ट्र पुनर्निर्माण का पथ है, आत्मनिर्भर भारत की यही सच्ची दिशा है।

## अनुष्का यादव बनीं एक दिन की थाना प्रभारी, सीखी पुलिस कार्यप्रणाली

गोरखपुर। महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में चल रहे मिशन शक्ति फ़ेज-5.0 अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जनपद गोरखपुर के थाना शाहपुर पर अनोखी पहल की गई। सर्वहितकारी कन्या इंटर कॉलेज, बिछिया की कक्षा 12वीं की छात्रा अनुष्का यादव को एक दिन के लिए थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई।थाना प्रभारी के रूप में पदभार संभालने के बाद अनुष्का यादव ने थाना परिसर में आने वाली जन-शिकायतों को सुना और उनके निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस कार्यप्रणाली, रजिस्टर लेखा, जीडी प्रविष्टि, मालखाना प्रबंधन सहित थाने की अन्य प्रक्रियाओं की जानकारी ली।थाना प्रभारी बनी छात्रा ने कहा कि यह अनुभव उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा और उन्होंने जाना कि पुलिस किस प्रकार जनता की समस्याओं के समाधान हेतु सतत प्रयासरत रहती है। कार्यक्रम के दौरान अन्य छात्राओं को भी थाने का भ्रमण कराया गया तथा उन्हें पुलिस व्यवस्था, शिकायत प्रक्रिया और कानून व्यवस्था बनाए रखने के तरीकों के बारे में बताया गया।इस अवसर पर मिशन शक्ति टीम के सदस्यगण, थाना शाहपुर के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की आपस में टक्कर दोनों पक्ष गंभीर से घायल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोराव प्रयागराज। कोरावं के खजुरी कला दुग्ध डेयरी के पास दो मोटर साइकिल आपस मे जोरदार भिड़ंत होने से दोनों तरफ गंभीर चोट आई एम्बुलेंस तत्काल न पहुचने के कारण निजी वाहन से सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र घायलों को पुलिस सीएचसी इलाज कराने ले गई लेकिन एक तरफ से दो लोग एक तरफ से एक लोग गंभीर चोट आने के कारण प्रयागराज रेफर कर दिया एक को हल्का चोट आने के कारण प्राथमिक उपचार किया गया बता दे कि मझिगवां गाव के रहने वाले श्री कांत आदिवासी अपनी पत्नी सुषमा देवी व साथ में एक छोटा बच्चा को लेकर खजुरी कला में मृतक अपने रिस्तेदार अनंत प्रसाद के दसवा में सम्मिलित होने जा रहे थे तो दूसरी तरफ पैतिहा झलमल गाव के रहने वाले मनोज मौर्य पुत्र लक्ष्मण प्रसाद व सुशील मौर्य पुत्र हरिश्चन्द्र कोराव तरफ जा रहे थे खजुरी कला में स्थित दुग्ध डेयरी के आसपास दोनों मोटर साइकिल आपस मे जोरदार टक्कर लगता है और गंभीर रूप से घायल हो जाते है सूचना पर तत्काल कोराव पुलिस मौके पर पहुचकर निजी वाहन से सीएचसी कोराव इलाज के लिए ले गए लेकिन तीन लोगों को गंभीर चोट आने के कारण प्रयागराज रेफर कर दिया गया है जहाँ पर घटना हुई आसपास के लोगो का कहना है कि कई लोग सड़क खुटा गाड़कर भैस जानवर बाधते जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है स्थानीय जिम्मेदार विभाग ऐसे लोगो को चिन्हित कर कार्रवाही नही कर रहा फिलहाल घायल लोगो को हालत बहुत ठीक नही बताया जा रहा।

## अधेड़ युवक ने छः साल की बच्ची को किया अर्धनग्न

कोराव, प्रयागराज। बड़ोखर गाव में एक तार-तार शर्मशार करने वाली घटना क्षेत्र में सामने आई है। एक मौर्या बिरादरी की लगभग छः साल की नाबालिक मासूम लड़की को बड़ोखर गाव का एक अधेड़ युवक गुप्ता बिरादरी का अपने चँगुल में बहला फुसलाकर अपने किराए के रह रहे कमरे में ले गया और अर्धनग्न करने लगा पास में लगी आटा चक्की में मौजूद लोगों ने संयोग बस देख लिया इस तरह का घिनौना कृत्य करने वाला व्यक्ति भाग निकला परिजनों द्वारा जिस कमरे में किराए के मकान में रहता था उसमें ताला लगा दिया गया है चार दिन से फरार है कोई सुराग नही चल रहा परिजनों द्वारा लाज लज्जा बस पुलिस को सूचना नही दिए लेकिन इस घटना की जानकारी धीरे धीरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई है

## बंदर ने उड़ाए नोट, प्रयागराज का अनोखा मामला

प्रयागराज। के सोरांव तहसील में अजीबोगरीब घटना सामने आई। एक युवक रजिस्ट्री कराने आया था, तभी एक बंदर उसकी बाइक से बैग निकालकर पेड़ पर चढ़ गया और 500-500 के नोट नीचे फेंकने लगा। नोटों की बारिश देख लोग हैरान रह गए और नोट बटोरने लगे। बाद में लोगों ने सभी नोट युवक को वापस कर दिए। यह घटना गंगानगर जोन की है और चर्चा का विषय बन गई है। स्थानीय लोग इस घटना को लेकर हैरान हैं। ऐसी घटनाएं दुर्लभ ही देखने को मिलती हैं। यह मामला सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है।

## खीरी पुलिस चौकी में तैनात सिपाही पर किशोरी से छेड़खानी का आरोप

प्रयागराज। जिले के खीरी थाना क्षेत्र स्थित कचरा पुलिस चौकी में तैनात सिपाही अमन रजावत पर किशोरी ने छेड़खानी का आरोप लगाया है। आरोप है कि सिपाही ने नशे की हालत में किशोरी के साथ अभद्रता की। पीड़िता के परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई, लेकिन थाना प्रभारी पर आरोपी को संरक्षण देने के आरोप लगे हैं। मामले को लेकर स्थानीय लोग काफी आक्रोशित हैं। पुलिस विभाग की छवि पर इस घटना से सवाल खड़े हुए हैं। हालांकि, बाद में आरोपी सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया गया। मामले की जांच उच्च अधिकारियों को सौंपी गई है।

## प्रयागराज के खीरी क्षेत्र में दो पक्षों में मारपीट, महिला घायल

प्रयागराज। प्रयागराज के खीरी थाना क्षेत्र में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोगों का आरोप है कि थाना प्रभारी की कार्यशैली लचर है और वह भूमाफियाओं को संरक्षण देते हैं। क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। खीरी में लगातार अपराधों की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे जनता में पुलिस प्रशासन के खिलाफ भारी नाराजगी है। लोग सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## फूलपुर में होमगार्ड का अवैध असलहे के साथ वीडियो वायरल

प्रयागराज। प्रयागराज के फूलपुर थाने में तैनात होमगार्ड जगत पाल सिंह का अवैध असलहे के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में वह दबंग छवि दिखाते नजर आ रहे हैं। जगत पाल के बेटे राजशेखर की भी असलहे के साथ फोटो सामने आई है। यह मामला नरई गांव का है। बाद में जांच में पाया गया कि असलहा लाइसेंसी है और वीडियो दो साल पुराना है। अधिकारियों ने पुष्टि कर दी कि असलहा होमगार्ड के नाम पर रजिस्टर्ड है। जांच की जिम्मेदारी एसीपी फूलपुर को सौंपी गई है।

## होलागढ़ में अवैध पटाखा कारोबारियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

प्रयागराज। प्रयागराज के होलागढ़ थाना प्रभारी वीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र में अवैध पटाखा बेचने, बनाने और स्टोर करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस हर गतिविधि पर नजर रख रही है और त्योहार के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। थाना प्रभारी ने अपील की कि दिवाली का त्योहार प्रेमपूर्वक मनाएं और किसी भी अवैध कार्य में संलिप्त न हों। पुलिस टीम पूरी मुस्तैदी से गश्त कर रही है और जनता की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। स्थानीय लोग इस कदम की सराहना कर रहे हैं।

## प्रयागराज पुलिस ने चार बदमाशों को किया गिरफ्तार, लूट का खुलासा

प्रयागराज। की कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने छिनैती की घटना का खुलासा करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से लूटे गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। नगर जोन की टीम ने कार्रवाई की। इक्व्ध पुष्कर वर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी दी। आरोपियों से पूछताछ जारी है और इनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। इस सफलता के बाद स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है।

## कथा वाचक ने श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन सुनाया शिव विवाह का मनमोहक प्रसंग



नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र के अचलीखेड़ा गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। कथा का आयोजन ग्राम के श्रद्धालु धर्मेन्द्र कुमार वर्मा के मुख्य संयोजन में किया जा रहा है। यह कथा 11 अक्टूबर से प्रारंभ हुई है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तगण कथा श्रवण हेतु पहुंच रहे हैं। कथा के तीसरे दिन सुप्रसिद्ध कथा वाचक श्रीकृष्णा नन्द मृदुल जी महाराज ने भगवान शंकर और माता पार्वती के शिव विवाह प्रसंग का सुंदर और भावपूर्ण वर्णन किया। महाराज श्री ने कथा के माध्यम से भक्तों को भक्ति, संयम और समर्पण का संदेश देते हुए कहा कि शिव विवाह जीवन में त्याग और प्रेम के अद्भुत संगम का प्रतीक है। कथा के दौरान शिव बारात और विवाह दृश्य को आकर्षक झांकियों के माध्यम से मंचित किया गया, जिसे देखकर भक्तगण भाव-विभोर हो उठे। पूरे परिसर में ्हर-हर महादेव्ं और ्बम-बम भोले्ं के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।ग्रामवासियों और क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर कथा में सहभागिता की। कथा के आगामी दिनों में श्रीकृष्ण जन्म, गोवर्धन लीला और रुक्मिणी विवाह जैसे पावन प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बैनर तले रामपुर कला में पशु आरोग्य शिविर का लगा कैम्प



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरावं प्रयागराज । विकास खण्ड कोरॉव में मंगलवार को रामपुर कला पहाड़ी चौराहे पर पं0 दीन दयाल उपध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान रामपुर कला के चिन्ता मणि यादव व अखिलेश कुमार कोल प्रमुख प्रतिनिधि की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। जिसमें पशुपालक गोष्टी के तहत डा0 ईश्वरी नारायण यादव, उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी, कोरॉव द्वारा, पशुओं के प्रबन्धन रख-रखाव, सरकारी योजनाओं की जानकारी जैसे पशुओं की टैगिंग, आन लाइन पंजीकरण, पशुधन क्रेडिट कार्ड व उपयोग, जोखिम प्रबंधन के तहत पशु बीमा व उसकी प्रक्रिया आदि पर पशुपालकों से विस्तार में चर्चा की गयी। पशुओं को चिकित्सा सेवा डा0 संजीव कुमार सिंह पशुचिकित्साधिकारी खीरी द्वारा दी गई। शिविर में छोटे-बड़े कुल 963 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण व निः शुल्क औषधि वितरण किया गया। सहयोगी वर्ग रामनारायण पटेल, सतीश कुमार यादव, अनिरुद्ध कुमार, वीरेंद्र कुमार, अमन भास्कर, लवकुश, सुधीर, अतुल, अशोक कुमार व धर्मेन्द्र पाल आदि स्टाफ ने सहयोग किया।

# शराब के नशे में धुत गुर्जर गैंग ने मेले में किया उपद्रव, तोड़फोड़, पांच गिरफ्तार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। कोतवाली के बिंदौवा मेंले में सोमवार रात सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान शराब के नशे में धुत गुर्जर गैंग के सदस्यों ने अराजकता फैलाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में अश्लील डांस की मांग करने लगे समझाने और मना करने पर दबंगों ने पुलिस व आयोजको से अभद्रता करते हुए गाली गलौज कर तोड़फोड़ करते हुए खूब हंगामा काटा जिसके बाद मेला सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों ने स्थानीय थाने पर सूचना दी इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मेले में अभद्रता एवं उपद्रव करने वाले पांच नामजद युवकों को गिरफ्तार कर उनके 10 अज्ञात साथियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किया।

गिरफ्तार युवकों के कब्जे से एक बिना नंबर की स्कॉर्पियो काली गाड़ी बरामद कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर डीके सिंह ने बताया कि क्षेत्र के बिंदौवा गांव में सोमवार देर रात परंपरागत मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपने को गुर्जर गैंग का सदस्य बताने वाले ललित रावत, सदाशिव, मिथुन, देशदीपक एवं विक्रांत सहित उनके साथ के लगभग एक दर्जन युवक शराब के नशे में धुत दबंगई करते हुए अश्लील डांस की मांग करने लगे वहीं आयोजको द्वारा मना करने पर एवं सुरक्षा में लगी पुलिस द्वारा समझाने पर वह गाली गलौज कर तोड़फोड़ करने लगे सूचना पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दबंगई करने वाले पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया एवं एक काली बगैर नंबर की स्कॉर्पियो गाड़ी जिस पर काली फिल्म लगी हुई थी उसे कब्जे में लिया गया वहीं आयोजकों की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद समेत 10 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार नामजद पांचों युवकों को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार युवको के विरुद्ध पूर्व में जनपद के कई थानों में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। उक्त सभी युवक क्षेत्र में अपनी दबंगई के बल पर भय व आतंक फैलाने वाले गुर्जर गैंग 7299 के सक्रिय सदस्य हैं।

# गोरखपुर के मठिया में रुद्र महायज्ञ और रामलीला मंचन से गूंजा भक्ति का स्वर

**शिव बारात और भरत मिलाप प्रसंग बने आकर्षण का केंद्र**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। ग्राम सभा मठिया में आयोजित नव दिवसीय श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक चेतना का अनूठा संगम बन गया। इस भव्य आयोजन के दौरान जहां एक ओर शिव-पार्वती विवाह एवं शिव बारात की झांकी ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया, वहीं दूसरी ओर रामलीला के विभिन्न प्रसंगों ने रामकथा को जीवंत कर दिया।

शिव बारात में झलकी आध्यात्मिकता और रहस्यपं. जे. पी. व्यास ने कथा वाचन के दौरान भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग को अत्यंत रोचक एवं भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने शिव बारात के अनोखे स्वरूप–भूत, प्रेत, नाग, राक्षस और योगियों के साथ बारात–का वर्णन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।शिव की वेशभूषा–भस्म से लिप्त शरीर, जटाओं में गंगा, गले में नाग और माथे पर चंद्रमा–श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। पूरा पंडाल ''हर हर महादेव'' के जयघोष से गूंजता रहा।रामलीला मंचन ने छू लिया भावनाओं का तारजय मां आदि शक्ति रामलीला मंडल द्वारा प्रस्तुत रामलीला में सीता हरण, भरत मिलाप और रामराज्याभिषेक जैसे प्रसंगों का अत्यंत जीवंत मंचन किया गया। आठवें दिन के सीता हरण दृश्य में रावण, मारीच और सूर्पणखा के प्रभावशाली अभिनय ने दर्शकों को भावविह्वल कर दिया।भरत मिलाप में छलका भक्ति और प्रेम का सागरयज्ञ के अंतिम दिन भरत मिलाप और रामराज्याभिषेक के भावनात्मक दृश्य ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन पर भरत एवं समस्त अयोध्यावासियों द्वारा किए गए स्वागत दृश्य और राम के राजतिलक ने उपस्थित जनसमूह को भक्तिरस में सराबोर कर दिया।रात्रि भजन संध्या और पूर्णाहुति से हुई समापन की ओर यात्राभजन गायक सच्चिदानंद पांडे द्वारा प्रस्तुत भजनों ने रात्रि में भक्तों को गहरे भक्ति भाव में डुबो दिया। आयोजन के अंतिम दिन पूर्णाहुति के साथ हवन सम्पन्न हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति अर्पित कर यज्ञ को पूर्णता प्रदान की।सांस्कृतिक समरसता का सशक्त संदेशइस आयोजन में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक समरसता और एकता का संदेश भी दिया गया। आयोजन में ग्राम प्रधान चंद्रिका सिंह, पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी राणा प्रताप सिंह, गिरधारी पांडेय, श्रवण सिंह, राजू सिकंदर, भोजपुरी गायक रिंटू पांडे, रंजीत, सुनील सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# खोए हुए सूटकेस की वापसी: चिनहट पुलिस ने अभय त्रिपाठी के चेहरे पर लाई खुशी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। कर्तव्यपरायणता और तत्परता का बेहतरीन उदाहरण पेश करते हुए चिनहट पुलिस ने एक व्यक्ति का खोया हुआ सूटकेस उसे वापस कर दिया, जिससे उसके चेहरे पर खुशी लौट आई। प्रेम बाग निवासी अभय त्रिपाठी का सूटकेस कल देर शाम भरे बाजार में रखा मिला था, जिसे पुलिस ने अपनी सक्रियता से सुरक्षित रखा और मालिक तक पहुँचाया।जानकारी के अनुसार, चिनहट थाना क्षेत्र के बाजार में देर शाम पुलिस को एक लावारिस सूटकेस रखा मिला। थाना प्रभारी दिनेश चंद्र मिश्रा के निर्देश पर मटियारी चौकी पर तैनात उप निरीक्षक विशाल यादव, चौकी प्रभारी दीपक पांडे, और कांस्टेबल विनय शुक्ला की टीम ने इस सूटकेस के मालिक की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने सूटकेस के भीतर मौजूद दस्तावेजों और अन्य सुरागों के आधार पर गहनता से खोजबीन की।काफी मशक्कत के बाद, पुलिस टीम सूटकेस के सही मालिक, अभय त्रिपाठी, तक पहुँचने में सफल रही। जब अभय त्रिपाठी को मटियारी चौकी बुलाया गया और उनका खोया हुआ सूटकेस उन्हें वापस किया गया, तो उनके चेहरे पर आई खुशी देखने लायक थी। सूटकेस पाकर अभय त्रिपाठी ने भावुक होते हुए तत्काल चिनहट पुलिस टीम का हृदय से धन्यवाद किया।अभय त्रिपाठी ने पुलिस की ईमानदारी और त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि सूटकेस में उनका कीमती सामान और महत्वपूर्ण दस्तावेज़ थे, जिनके खो जाने से वह काफी परेशान थे। उन्होंने चिनहट पुलिस की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस ने न केवल उनका सामान वापस किया।

## आग में झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत

बंथरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता । इलाके में आग से जलने के कारण मंगलवार को एक महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद उसके पिता ने बेटी के ससुरारीजनों पर दहेज़ के लिए आग लगाकर उसकी हत्या का आरोप लगाकर स्थानीय थाना पर लिखित शिकायत की। उन्नाव जिले केवनी के मूल निवासी शिव प्रकाश बीते कई वर्षों से बंथरा में मकान बनाकर परिवार सहित रह रहे हैं। वह यहां बेटे पियूष दीक्षित के साथ हार्डवेयर की दुकान भी चलाते हैं। उन्होंने 4 फरवरी 2022 को बेटे पियूष की शादी कानपुर नगर के चकेरी निवासी अशोक तिवारी की बेटी ऐश्वर्या के साथ की थी। बीती 4 अक्टूबर को उनकी बहू ऐश्वर्या आग से झुलस ग?ई थी। जिसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ और मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बेटी की मौत के बाद ऐश्वर्या के पिता अशोक बंथरा थाने पहुंचे और पुलिस में शिकायत करते हुए बताया कि बेटी की शादी में दस लाख रुपए खर्च किए थे। लेकिन व्याह के बाद ससुराल वाले उससे पांच लाख रुपए की और डिमांड कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर ससुराल वाले ऐश्वर्या को प्रताड़ित करते थे।

# मलौली गांव में हुए विस्फोट, दो की मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव में हुए विस्फोट में दो व्यक्तियों की मौत हो गई ।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोसाईगंज कस्बा के मोहल्ला मातन टोला निवासी मोहम्मद अहमद उर्फ ननकी (35) पुत्र खलील अपने साले सुहेल (22) पुत्र पप्पू निवासी जानगंवा थाना अतरौली जनपद हरदोई मोटर सायकिल पर बैठकर जा रहे थे।दोनों के बीच में विस्फोटक सामग्री रखी हुई थी। इन दिनों की मोटर सायकिल सुरियामऊ मार्ग पर मलौली गांव में किशोरी लाल पटेल की गिट्टी सरिया की दुकान के सामने पहुंचे तभी झटका लगने के कारण विस्फोट हो गया। इस घटना में मोहम्मद अहमद की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और साले की मौत सी एच सी पर हुई।धमका इतना तेज था कि आज पास के घबरा गए। इस घटना में एक गाय की भी मौत हो गई।मृतक मोहम्मद अहमद के साले ने बताया कि उसके बहनोई कोरियानी जाने वाले रास्ते पर कॉस्मेटिक की दुकान चलाते थे।


## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल पैकेट पद्धति से ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **24.10.2025** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल **ireps** पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| निविदा सूचना संख्या | | 01022025 दिनांक 25-09-2025 | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | वरि0 मण्डल इंजीनियर–तृतीय/ उ.रे./ लख. के अधीन झांसी/ कबरई खदान से रेक द्वारा आपूर्ति के माध्यम से (IS/RDSO-CE/000: 2023, फरवरी 2023 तथा नवीनतम करेक्शन स्लिप) के अनुसार 65 मिमी गेज मशीन से क्रश की गई कठोर पत्थर की बैलास्ट की आपूर्ति एवं ढेर लगाना, जैसा कि निर्देशित किया गया हो। | |
| 2 | अनुमानित लागत | | ₹ 1, 55, 58, 000.00 |
| 3 | धरोहर राशि | | ₹ 2, 27, 800.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | क्र.सं. 01 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह (06) माह। |
| 5 | निविदा डालने का प्रारंभ | क्र.सं. 01 के लिए | 10.10.2025 |
| 6 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्र.सं. 01 के लिए | 24.10.2025 at 15:00 Hrs. |
| 7 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | |

नोटः तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ. रे. नयी दिल्ली का पत्र सं. 74-W/O/PT.XXV/WA/Loose दिनांक 07.04.2015.

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3164/2025

# बिना समिति सदस्य बने किसानों को नहीं मिलेगी खाद, किसानो में आक्रोश

## सरसों आलू गेहूं की बुवाई का समय किसान परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहनलालगंज।डीएपी खाद वितरण के लिए लागू की गई नई फार्मर आईडी व्यवस्था अब किसानों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। नई व्यवस्था के तहत बिना समिति सदस्य बने किसी किसान को खाद नहीं दी जाएगी, जिससे किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। मोहनलालगंज नगर पंचायत के मऊ गांव स्थित बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति में मंगलवार को दर्जनों किसान खाद के लिए लाइन में खड़े दिखाई दिए। लेकिन समिति सचिव ने साफ कहा कि ल्लबिना फार्मर आईडी के किसी को खाद नहीं मिलेगी।ङ्क इसके चलते सिर्फ कुछ ही किसानों को खाद मिल सकी जबकि बाकी किसानों को मायूस होकर लौटना पड़ा।किसानों ने आरोप लगाया कि फार्मर आईडी न होने पर 226 रुपए लेकर सदस्य बनाया जा रहा है, जो गलत है। किसानों ने कहा कि इस समय आलू, सरसों और गेहूं की बुआई का समय है, ऐसे में यह व्यवस्था किसानों के साथ ल्ललूटङ्क के समान है। खाद लेने आए किसान गया प्रसाद, माता प्रसाद, रामकुमार समेत कई लोगों ने बताया कि सदस्यता के लिए आधार कार्ड, खतौनी, दो फोटो और 226 रुपए मांगे जा रहे हैं। कई किसान मजबूर होकर खाद लिए बिना लौट गए।समिति के सचिव सलमान ने बताया कि ल्लऊपर से आए आदेश के अनुसार अब बिना समिति सदस्य बने किसी को खाद नहीं दी जाएगी। सदस्यता के लिए किसानों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करना होगा।

गांव के किसान गया प्रसाद ने कहा, ल्लसरकार ने बिना फार्मर आईडी के खाद बंद कर दी है, लेकिन खतौनी आधार कार्ड लेकर जाने पर भी खाद मिल नहीं रही। अब हम बुआई कैसे करें।किसानों मांग की है कि खतौनी आधार कार्ड पर खाद देने की सुविधा तत्काल बहाल कर पुरानी खाद वितरण व्यवस्था को अस्थायी रूप से लागू रखा जाए, ताकि किसान समय पर बुआई कर सकें। ए डी ओ कोऑपरेटिव शिव कुमार ने बताया कि सोसाइटी पर जो मेंबर होगे या जिनके पास फार्मर आईडी होगी तब ही खाद मिल पाएगी इसके लिए सोसाइटी पर आवश्यक दस्तावेजो के साथ नये मेंबर बनाने का काम किया जा रहा है ।

# लखनऊ में गाय से टकराकर सड़क पर गिरी बाइक, विस्फोट होने से दो युवकों समेत गाय की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज इलाके में मंगलवार दोपहर को गाय की बछिया से टकरा कर बाइक सड़क पर गिरी और विस्फोट हो गया। इस घटना में बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। गाय की भी मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

गोसाईगंज थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ करने पर पता चला है कि मलौली गोसाईगंज रोड पर दो व्यक्ति, मोटरसाइकिल (यूपी 32 बीडी 4926) पर बैठ कर गोसाईगंज से मलौली गांव की तरफ जा रहे थे। मलौली बाज़ार में पटेल ट्रेडर्स की दुकान के सामने अचानक एक बछिया से टकरा गए, जिससे बाइक से गिर गये। बाइक में तेज धमाका हुआ और धुंआ फैल गया। आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो देखा कि दो युवक गंभीर रूप से पड़े हुए हैं। इसमें एक युवक की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के मोबाइल नंबर से जानकारी करने पर प्रथमदृष्टया ज्ञात हुआ कि दोनों आपस में रिश्तेदार हैं। मृतक की पहचान वाहन स्वामी बाजार खाला निवासी आरिफ और मो. अहमद के रूप में हुई। दोनों शवों को पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# ऐतिहासिक अहिनवार मेले की तैयारियों को लेकर एसीपी रजनीश वर्मा ने किया औचक निरीक्षण

## साफ-सफाई व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए सख्त दिशा-निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। आगामी 19 अक्टूबर को निगोहां थाना क्षेत्र के अहिनवार गांव में लगने वाले ऐतिहासिक मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को मोहनलालगंज एसीपी रजनीश वर्मा ने थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी के साथ मेला स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसीपी व थाना प्रभारी ने मेले में लगने वाली दुकानों, झूलों, पार्किंग स्थलों, भीड़ नियंत्रण, साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। इस मौके पर वीडीओ मोहनलालगंज, एडीओ पंचायत मोहनलालगंज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। एसीपी रजनीश वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था और यातायात नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। वहीं, थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मेले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सादी वर्दी में पुलिसकर्मी भी तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

# मोहनलालगंज तहसील में सर्वर ठप, दिवाली पर रजिस्ट्री कराने पहुंचे लोगों की खुशियां मायूसी में बदली



मोहनलालगंज। लखनऊ।राजधानी लखनऊ की मोहनलालगंज तहसील में रजिस्ट्री कार्यालय का सर्वर मंगलवार को पूरे दिन ठप रहने से हज़ारों लोग परेशान रहे। दिवाली पर्व के शुभ अवसर पर प्लॉट और जमीन की रजिस्ट्री कराने पहुंचे लोगों की खुशियां सर्वर ठप होने से मायूसी में बदल गईं। सुबह से ही रजिस्ट्री करवाने आए खरीदार, विक्रेता और वकील कार्यालय परिसर में जमे रहे, लेकिन शाम तक सर्वर चालू न होने से कोई भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी।जानकारी के मुताबिक, सुबह लगभग 9 बजे से ही सर्वर डाउन हो गया, जिससे रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी तरह ठप हो गई। करीब 500 से अधिक रजिस्ट्रियां प्रभावित रहीं। लोग घंटों इंतज़ार करते रहे, पर तकनीकी खराबी दूर नहीं हो सकी। कार्यालय में आए लोगों ने बताया कि सर्वर बंद होने के चलते न तो दस्तावेज़ अपलोड हो सके और न ही फीस की एंट्री की जा सकी।कई लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है, बल्कि रजिस्ट्री कार्यालय में सर्वर डाउन की समस्या अब आम हो चुकी है। वहीं, त्योहार के अवसर पर काम ठप होने से खरीदारों को भारी असुविधा हुई।इसी बीच मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला और महामंत्री रामलखन यादव ने इस समस्या को लेकर कड़ा विरोध जताया। दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि तहसील में सर्वर डाउन रहना अब नियमित समस्या बन चुकी है, जिससे जनता को तो दिक्कत होती ही है, साथ ही राज्य सरकार को भी करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान झेलना पड़ता है।बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने तहसील प्रशासन और जिला स्तरीय अधिकारियों से सर्वर की समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समस्या जल्द दूर नहीं की गई तो बार एसोसिएशन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।लोगों ने बताया कि प्रशासन को समय रहते इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि आए दिन तकनीकी खराबी के कारण रजिस्ट्री रुकने से आम जनता, वकील और कर्मचारी सभी प्रभावित हो रहे हैं।रजिस्ट्री विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि सर्वर की समस्या मुख्यालय स्तर की है, जिसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है और तकनीकी टीम इस पर काम कर रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही सर्वर सामान्य हो जाएगा।

# आईटी सिटी में किसानों की किस्मत खुलेगी: नवंबर में पहली लॉटरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए की महत्वाकांक्षी आईटी सिटी योजना में अपनी जमीन लैंड पूलिंग के तहत देने वाले किसानों को जल्द ही विकसित भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इसके लिए नवंबर माह के अंत तक लॉटरी का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने योजना स्थल का निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति देखी। उपाध्यक्ष ने बताया कि किसानों को 25 प्रतिशत विकसित आवासीय भूखंड निःशुल्क दिए जाएंगे। फिलहाल लगभग 117 भू-स्वामियों द्वारा 550 बीघा भूमि देने के आवेदन किए जा चुके हैं, जिनमें से 70 बीघा भूमि के एग्रीमेंट डीड साइन हो चुके हैं। योजना कुल 2,660 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की जा रही है, जिसमें ग्राम बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, मोहारी कला, खुजौली व भटवारा की जमीन शामिल है। आईटी सिटी में 72 से 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के लगभग 10 हजार आवासीय भूखंड सृजित किए जाएंगे। साथ ही 400 एकड़ औद्योगिक क्षेत्र और 200 एकड़ व्यावसायिक क्षेत्र भी विकसित होगा।

प्रथमेश कुमार ने बताया कि किसान पथ से योजना के मध्य तक 5 करोड़ रुपये की लागत से 2 किमी लंबी कनेक्टिंग रोड बनाई जाएगी, जबकि 10 किमी लंबाई का रोड नेटवर्क तैयार करने का कार्य जारी है। योजना में 200 एकड़ ग्रीन बेल्ट में गोल्फ सिटी और 15 एकड़ में वाटर बॉडी भी बनाई जाएगी। संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने कहा कि भूमि पूलिंग का यह अंतिम अवसर है। इसके बाद अर्जन प्रक्रिया शुरू होगी और नए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

# लखनऊ में मौलाना जव्वाद पर हमला, एफआईआर दर्ज होने पर पांच घंटे बाद धरना समाप्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार देर शाम को शिया धर्म गुरु मौलाना कल्बे जव्वाद पर हमला हुआ है। पत्थर से गाड़ी का शीशा टूट गया। इस घटना से नाराज वो अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची ठाकुरगंज थाना की पुलिस ने छह लोगों को नामजद और 20 से अधिक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया। इसके बाद मौलाना ने धरना समाप्त किया। कर्बला अब्बास बाग के केयरटेकर सैयद सारिम ने ठाकुरगंज थाना में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि मौलाना कल्बे जवाद नकवी कर्बला अब्बास बाग के प्रशासक होने के नाते वो अवैध निर्माण की जानकारी मिलने पर शाम को कर्बला का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी दौरान उनके ऊपर हमला हुआ। पुलिस के सामने एक पक्ष के लोगों ने ईंट पत्थर चलाना शुरू कर दिया, जिससे कार का शीशा टूट गया।

मौलाना के साथ अभद्रता और मारपीट की कोशिश भी की गई। इससे नाराज होकर मौलाना जवाद ने कर्बला परिसर में धरना शुरू कर अवैध कब्जों को खाली करवाने और हमले के आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग शुरू कर दी। इस दौरान मौलाना ने पुलिस पर आरोपितों संग मिलीभगत का आरोप लगाया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने केयरटेकर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है, जिसके बाद मौलाना ने धरना समाप्त किया। करीब पांच घंटे तक धरना चला था।

# उप्र में अब तक 256 दुर्दांत अपराधी मारे गए, मेरठ जोन अव्वल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जारी हैं एनकाउंटर की कार्रवाई

## सबसे अधिक 85 अपराधी ढेर करने के चलते मेरठ जोन पहले स्थान पर




लखनऊ । मिशन शक्ति 5.0 के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पिछले 20 दिनों की बात की जाए तो पुलिस ने 12 से अधिक अपराधियों का मुठभेड़ में पकड़ा है। इस दौरान कई अपराधी मारे भी गए हैं। पुलिस ने बीते सोमवार को मेरठ में एक बच्ची के साथ दरिंदगी के मामले में 25 हजार के इनामी बदमाश शहजाद उर्फ निक्की को ढेर किया। वहीं, कुछ दिन पहले बरेली जिले में अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग करने वाले बदमाशों को करारा जवाब दिया गया। एनकाउंटर की कार्यवाही में 256 दुर्दांत अपराधियों को पुलिस ने ढेर कर यमलोक पहुंचाया है।

अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि राज्य सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत प्रदेश में पिछले साढ़े आठ वर्षों में अपराध और अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड कार्रवाई की। एनकाउंटर में 256 दुर्दांत अपराधी मारे गए तो 31,960 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कुल 15,726 मुठभेड़ की कार्रवाईयां कीं हैं, जिनमें 10,324 अपराधी घायल हुए हैं। 18 पुलिसकर्मी शहीद और 1,754 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

प्रदेश में सबसे अधिक मुठभेड़ मेरठ ज़ोन में दर्ज की गईं, जहां पुलिस ने 4,453 कार्रवाई की। इन कार्रवाई में 8,312 अपराधी दबोचे गये जबकि 3,131 अपराधी घायल हुए। 85 कुख्यात अपराधियों को मौके पर ही मार गिराया गया। इस दौरान 461 पुलिसकर्मी घायल हुए जबकि अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए दो पुलिसकर्मी शहीद हो गये। एनकाउंटर की कार्रवाई ने पूरे प्रदेश में मेरठ जोन पहले स्थान पर रहा है।

इसी तरह, वाराणसी ज़ोन में 1,108 मुठभेड़ हुईं, जिनमें 2,128 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया जबकि 27 अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर किया गया। इस दौरान 688 अपराधी और 99 पुलिसकर्मी घायल हुए। पूरे प्रदेश में वाराणसी जोन एनकाउंटर कार्रवाई में दूसरे स्थान पर है।

एनकाउंटर कार्रवाई में पूरे प्रदेश में आगरा जोन तीसरे स्थान पर है। यहां 2,374 एनकाउंटर की कार्रवाई की गईं, जिनमें 5,631 अपराधियों को दबोचा गया। इस दौरान 816 अपराधी घायल हुए जबकि 22 अपराधी मार गिराए गए। मुठभेड़ के दौरान 59 पुलिसकर्मी घायल हुए। एनकाउंटर आंकड़ों पर नजर डालें तो लखनऊ ज़ोन में 846 मुठभेड़ के दौरान 17 दुर्दांत अपराधियों को मारा गया। प्रयागराज ज़ोन में 572 मुठभेड़ के दौरान 10 अपराधी मारे गए। बरेली ज़ोन में 2,059 मुठभेड़ में 17, कानपुर जोन में 717 मुठभेड़ में 12 और गोरखपुर जोन में 642 मुठभेड़ में 8 अपराधियों को मारा गया।

इसी तरह, लखनऊ कमिश्नरी में 138 मुठभेड़ में 12, गौतमबुद्ध नगर में 1,117 मुठभेड़ में 9, वाराणसी कमिश्नरी में 131 मुठभेड़ में 7, कानपुर कमिश्नरी में 234 मुठभेड़ में 4, आगरा कमिश्नरी में 458 मुठभेड़ में 7, गाजियाबाद कमिश्नरी में 736 मुठभेड़ में 13 और प्रयागराज कमिश्नरी में 141 मुठभेड़ में 6 अपराधियों को ढेर किया गया। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत अपराधियों के खिलाफ चला यह साढ़े आठ वर्षीय अभियान न सिर्फ आंकड़ों में बल्कि जमीनी हकीकत में भी कानून का राज स्थापित करने में सफल रहा है। पुलिस की त्वरित, कठोर और साहसिक कार्रवाई ने अपराधियों को प्रदेश छोड़ने पर मजबूर कर दिया है और उत्तर प्रदेश अब भयमुक्त और सुरक्षित राज्य के रूप में अपनी पहचान को सशक्त कर रहा है।

## सड़क उखड़ी तो नगर निगम हुआ सख्त, ठेकेदारों पर जुर्माना

लखनऊ। शहर की सड़कों पर हो रहे घटिया पैचवर्क कार्य को लेकर नगर निगम ने कड़ी कार्रवाई की है। जोन-1 क्षेत्र के राणा प्रताप मार्ग और नवल किशोर रोड पर हाल ही में हुई सड़क मरम्मत के कुछ ही दिनों में दोबारा सड़क उखड़ने की शिकायत पर जांच कराई गई। जांच में कार्य की गुणवत्ता खराब पाई गई, जिसके बाद दो ठेकेदारों पर जुर्माना और एक जेई पर कार्रवाई की गई है। अधिशासी अभियंता किशोरी लाल की रिपोर्ट में पाया गया कि मरम्मत के दौरान इस्तेमाल की गई सामग्री मानक के अनुरूप नहीं थी। बारिश और वाहनों के दबाव से सड़क कुछ ही दिनों में दोबारा खराब हो गई। इसके लिए जिम्मेदार पाए जाने पर ठेकेदार फर्म मुकेश एंटरप्राइजेज और ममता ट्रेडर्स पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसी के साथ, कार्य की निगरानी में लापरवाही बरतने पर जूनियर इंजीनियर प्रतिमा यादव का एक दिन का वेतन रोका गया है। अधिशासी अभियंता ने इस संबंध में उच्च अधिकारियों को पत्र भी भेजा है। चीफ इंजीनियर महेश वर्मा ने कहा कि शहर की सड़कों की गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

# मिशन शक्ति है एक वरदान,नारी का बढ़ रहा है मान

## 12वीं की छात्रा बनी एक दिन की पुलिस अधीक्षक, सीतापुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण हेतु समर्पित उत्तर प्रदेश सरकार की मिशन शक्ति पहल के तहत पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल के द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु जनपदीय पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं।साथ ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिला सुरक्षा, सम्मान एव स्वालंबन का संदेश देते हुए आज दिनांक 14.10.25 को पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं में आत्मविश्वास विकसित करने और नेतृत्व की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु एक प्रेरणादायी पहल की गई। इस पहल के अंतर्गत आर्य कन्या इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की मेधावी छात्रा पूजा भारती को एक दिन की पुलिस अधीक्षक बनने का अवसर दिया गया। छात्रा का सम्मानपूर्वक स्वागत बुके देते हुए न केवल पुलिस अधीक्षक महोदय की कुर्सी पर बैठाया गया, बल्कि उन्हें पूरे दिन का कार्यभार भी सौंपा गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी व नोडर मिशन शक्ति) आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोंसले एवम क्षेत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी उपस्थित रही

पुलिस अधीक्षक सीतापुर, महोदय श्री अंकुर अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा एक दिन की पुलिस अधीक्षक बनाना केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं है, यह समाज को यह दिखाने का प्रयास है कि बेटियाँ भी प्रशासनिक और नेतृत्वकारी भूमिकाओं में उत्कृष्टता से काम कर सकती हैं, यह प्रतीकात्मक जिम्मेदारी हमारी बेटियों की नेतृत्व क्षमता में हमारे अटूट विश्वास को दर्शाती है। हमारा मानना है कि नारी शक्ति ही हमारे समाज की सबसे बड़ी ताकत है। हम जनता से अपील करते हैं कि आप भी अपनी बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। पुलिस प्रशासन महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है ।

### दिनभर निभाई जिम्मेदारियां

पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री पूजा भारती द्वारा पुलिस कार्यालय में आये फरियादियों की जनसुनवाई करते हुए आये पारिवारिक एवम् पति-पत्नी के विवाद के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को जांच एवम् यथोचित कार्यवाही के निर्देश दिये गये। साथ ही पुलिस अधीक्षक महोदय के फोन पर प्राप्त कॉल्स को भी रिसीव किया। पुलिस कार्यालय के विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी को नजदीक से समझा और अधिकारियों के साथ प्रशासनिक कार्यों में भाग लिया ।

### महिला थाना निरीक्षण

सांकेतिक पुलिस अधीक्षक सुश्री पूजा भारती द्वारा पुलिस कार्यालय से महिला थाना पहुंचकर औचक निरीक्षण करते हुए थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होने महिला थाना कार्यप्रणाली को समझा जिसमें सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, आवास, मैस आदि का निरीक्षण किया। साथ ही थाने पर प्राप्त महिलाओं की शिकायतों के निस्तारण से लेकर फीडबैक प्रक्रिया के विषय मे भी जानकारी ली।

### रिजर्व पुलिस लाइन्स का निरीक्षण

छात्रा सुश्री पूजा भारती द्वारा महिला थाने से स्क्वॉड सहित रिजर्व पुलिस लाइन्स पहुंचकर क्वार्टर गार्द पहुंचकर सलामी लेने के उपरांत शस्त्रागार, जीडी कार्यालय, एंटी रोमियो कार्यालय, गणना कार्यालय, मॉनिटरिंग रूम, परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण करते हुए कार्यप्रणाली एवम् व्यवस्थाओं को समझा। आरटीसी प्रशिक्षण केंद्र निरीक्षण-सुश्री पूजा द्वारा आरटीसी प्रशिक्षण केंद्र का भी निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिसमें आरटीसी क्लास रूम्स में चल रही कक्षाओं में उपस्थित रिक्रूट महिला आरक्षियों से वार्ता की।

## ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

सीतापुर। नेहरू युवा केंद्र के द्वारा ब्लॉक स्तरीय (खैराबाद) खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कल दिनांक 14.10.2025 को आर.एम.पी. इंटर कॉलेज के मैदान पर किया गया। इस प्रतियोगिता में ब्लॉक खैराबाद के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 200 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़, लंबी कूद, कबड्डी और बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताएं बालक एवं बालिका वर्गों में करवाई गई।100 मीटर बालक वर्ग में रिंकू श्रीवास्तव, आर.एम.पी. इंटर कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।100 मीटर बालिका वर्ग में गौरी राठौर, हिन्दू कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।लंबी कूद बालिका वर्ग में लक्ष्मी भोजवाल, आर.एम.पी. डिग्री कॉलेज प्रथम, सुगंधी, श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल द्वितीय और अनामिका, केंद्रीय विद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कबड्डी बालक वर्ग में स्पोर्ट्स स्टेडियम, सीतापुर प्रथम और आर.एम.पी. डिग्री कॉलेज द्वितीय स्थान पर रहा।कबड्डी बालिका वर्ग में केंद्रीय विद्यालय प्रथम और आर.एम.पी. इंटर कॉलेज द्वितीय स्थान पर रहा।

# राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर में स्वदेशी मेले में बढ़ रही लोगों की भागीदारी

## स्थानीय उत्पादों की हो रही जोरदार खरीदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । उपायुक्त उद्योग ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार इण्डिया एक्सो सेंटर और मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपीआईटीएस की तरह जनपद में दिनांक 09-10-2025 से 18-10-2025 के मध्य जनपद स्तर पर राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर के प्रांगण में स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में स्थानीय हस्तशिल्पियों, कारीगरों, उद्यमियों द्वारा उत्पादित उत्पाद की खरीद आमजनों द्वारा भारी मात्रा में की जा रही है। मेले में उद्योग विभाग, की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, ओडीओपी, खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग, हथकरघा विभाग, रेशम विभाग ग्रामीण आजीविका मिशन स्वयं सहायता समूह के स्टाल लगाये गये हैं। स्वदेशी मेले में मूंज, जूट एवं जलकुम्भी से बने उत्पादों को लोगों द्वारा बहुत पसन्द किया जा रहा है। आज दिनांक 14-10-2025 को लगभग 08 ग्राम प्रधानों द्वारा अपनी-अपनी ग्राम पंचायत के नागरिकों के साथ मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी एवं स्थानीय स्तर पर उत्पादित उत्पादों के स्टालों का अवलोकन किया गया। मेले में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत लगभग 85 लाभार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेले में प्रतिदिन सायं 04 बजे से 05 बजे तक विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाते हैं, इसी क्रम में आज दिनांक 14-10-2025 को तत्सत संस्था द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कल दिनांक 15-10-2025 को मुन्ना जादूगर द्वारा अपनी जादुई कला से लोगों का मनोरंजन किया जायेगा। मेले में दिन-प्रतिदिन लोगों की भागीदारी बढ़ती जा रही है।

# एल्पिस ग्लोबल स्कूल बिसवां में चतुर्दिवसीय कार्यक्रम का दूसरा दिन धूमधाम से सम्पन्न

## छात्रों ने दी सामाजिक संदेश से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां, विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिये 13 से 16 अक्टूबर तक चलेगा चतुर्दिवसीय कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बिसवां, सीतापुर। शहर के एल्पिस ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास हेतु दिनांक 13 से 16 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले चतुर्दिवसीय कार्यक्रम का द्वितीय दिवस आज बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस शो में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के रोचक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये,छात्रों ने अपने अभिनय कौशल द्वारा सभ्य समाज को एक नई दिशा देने का संदेश दिया। इस भव्य कार्यक्रम के प्रथम दिवस में विद्यालय के डायरेक्टर उमंग राजवंशी, श्री मुदित सिंघल नें दीपप्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया, तथा परिसरीय छात्रों के प्रतिभा प्रदर्शन को देखकर प्रमुदित मन से शुभाशीष देते हुए उत्कृष्ट सफल प्रदर्शन हेतु विद्यार्थियों समेत समस्त शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा नें सभी विद्यार्थियों के कला, कौशल की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए संस्था की सतत उन्नति की कामना के साथ उपस्थित सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं कर्मचारियों को कार्यक्रम की सफलता हेतु आभार व्यक्त किया

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत कक्षा-12 की छात्रा बनीं एक दिन की जिलाधिकारी

सीतापुर । महिलाओं और बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में चल रहे मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत आज जनपद सीतापुर में कक्षा-12 की छात्रा दीक्षा विमल को एक दिन का प्रतीकात्मक जिलाधिकारी बनाया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी कार्यालय में दीक्षा विमल का स्वागत किया गया और उन्हें जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठाकर विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। छात्रा ने अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रशासनिक कार्यों की जानकारी ली और महिलाओं की सुरक्षा व छात्राओं की शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार भी रखे।जिलाधिकारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारियों का अनुभव कराना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी छात्रा का उत्साहवर्धन किया।गौरतलब है कि मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत बेटियों को समाज में नेतृत्व और सशक्तिकरण का अनुभव दिलाने के लिए विभिन्न जिलों में ऐसी पहल की जा रही है।

# खैराबाद में निषाद पार्टी के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद का भव्य स्वागत

## जागो मछुआरों जागो कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद, सीतापुर । जनपद सीतापुर के खैराबाद स्थित भूमिजा मीटिंग हॉल में ल्लजागो मछुआरों जागोङ्क शीर्षक के अंतर्गत निषाद समाज जनजागरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में भारी जनसमूह की उपस्थिति रही। मंच से वक्ताओं ने समाज की एकता, शिक्षा, राजनीतिक सहभागिता और आर्थिक स्वावलंबन पर विशेष बल दिया।निषाद समाज के संघर्षों, योगदान और गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए यह संदेश दिया गया कि -ल्लसंगठित मछुआरा समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव है।ङ्ककार्यक्रम की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि निषाद समाज अब जाग चुका है और अपने अधिकारों के लिए पूरी शक्ति से संगठित है। इस सफल आयोजन के लिए समस्त कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं को हार्दिक बधाई। इस के उपरांत भूमिजा मीटिंग में कार्यशाला का भी पाठ पढ़ाया डॉक्टर संजय निषाद कैबिनेट मंत्री ने निषाद पार्टी के उत्पीड़न को लेकर दिया मार्गदर्शन,जिसमें उपस्थित निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव राजेश कश्यप ,जिलाध्यक्ष सुधीर कश्यप,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू कश्यप संगठन अध्यक्ष जिलाध्यक्ष रामचंद्र निषाद जिला आई टी संदीप कश्यप , द ग्रेट युवा वाहनी जिला अध्यक्ष राजाराम निषाद टगक्ष जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष संगीता निषाद जिला जिला संरक्षक शिवलाल कश्यप जिला महासचिव आर. के. निषाद, जिला उपाध्यक्ष सुरेश निषाद , वेदनाथ निषाद, रामचरण निषाद, दुर्गेश कश्यप ,मोहित कश्यप, अतुल निषाद, नरेंद्र निषाद ,सुरेंद्र निषाद ,ब्लॉक मछरेहटा रामसेवक निषाद ,महिला मोर्चा दीपाली कश्यप,अरुण धुरिया, मनीष कुमार धुरिया पत्रकार,राजेश निषाद, राजेन्द्र निषाद, गुडडू निषाद व अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी मौजूद रहे है।

# स्कूल की बिटिया का पहली बार मण्डलीय प्रतियोगिता में चयन

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड़ में प्रथम रह चुकी प्रीती। विद्यालय प्रबंधन के साथ क्षेत्र में खुशी की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा खीरी। तराई क्षेत्र के पब्लिक इंटर कालेज में अयध्यनरत छात्रा का चयन मण्डलीय खेलकूद प्रतियोगिता में होने से विद्यालय स्टाफ के साथ क्षेत्र में खुशी का माहौल बन गया।प्राप्त विवरण के अनुसार क्षेत्र के पब्लिक इंटर कालेज में अध्यनरत कक्षा 11 की छात्रा प्रीती पुत्री श्यामलाल निवासी ग्राम सरैया टेडिया का चयन मण्डल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में चयन होने से विद्यालय प्रबंधन के साथ साथ क्षेत्र में खुशी का माहौल बना। ज्ञात हो कि मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय के इतिहास में पहली बार किसी छात्र का चयन हुआ है। ज्ञात हो इसके पहले प्रीती ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेकर 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर चुकी हैं।अब पुनः मण्डल स्तर की प्रतियोगिता में प्रीती का चयन होने से विद्यालय प्रबंधन गदगद दिखाई दे रहा है। बुधवार सुबह प्रीती को जिला मुख्यालय से उन्नाव प्रतियोगिता स्थल पर जिम्मेदार ले जाएंगे।मण्डलीय प्रतियोगिता 15 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक उन्नाव में आयोजित होगी।इस मौके पर शिक्षक विपिन कुमार श्रीवास्तव, सुरेन्द्र कुमार मौर्य,महेश,शुभम कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राजमोहन कनौजिया सहित स्टाफ प्रीती को बधाई दे रहा है।

# मछुआरों की खुशहाली और कल्याण पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । उप्र सरकार के कैबिनेट मंत्री, मत्स्य विभाग डॉ. संजय कुमार निषाद अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी पहुंचे,उनका स्वागत डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने पुष्पगुच्छ देकर किया।

मंत्री ने एलआरपी स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में डीएम, एसपी, सीडीओ, उपनिदेशक मत्स्य, एलडीएम, सिंचाई तथा अन्य अधिकारियों के साथ मत्स्यपालकों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मत्स्यपालकों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए और जिले में संचालित बड़ी परियोजनाओं का डीएम और सीडीओ निरीक्षण करें।बैठक के दौरान मंत्री ने जोर देकर कहा कि मत्स्यपालक सिर्फ मछली पकड़ते नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। मत्स्यपालकों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए उन्हें केसीसी से जोड़ा जाए, ताकि वे आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बन सकें। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मत्स्य विभाग गोष्ठियों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से मत्स्यपालकों को योजनाओं के बारे में जानकारी दें।मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि मछुआरों की समृद्धि केवल उनके लिए ही नहीं, बल्कि पूरे गांव और जिले की समृद्धि है। हमें उन्हें हर संभव सुविधा और अवसर देने का प्रयास करना चाहिए। उपनिदेशक मत्स्य सृष्टि यादव और मत्स्य निरीक्षक निखिल त्रिपाठी को निर्देशित किया गया कि मछुआ दुर्घटना बीमा योजना और मत्स्यपालक कल्याण कोष के अंतर्गत चिकित्सा, शिक्षा और विवाह के लिए मिलने वाले अनुदान योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। हिदायत दी कि योजनाओं का लाभ वास्तविक मत्स्यपालकों तक प्रभावी रूप से पहुंचे।मंत्री ने अधिकारियों को यह भी बताया कि मत्स्यपालकों को तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण उपलब्ध कराना आवश्यक है।

## ग्रामीणों ने मतदान केंद्र अलग करने की लगाई गुहार

**धौरहरा खीरी।** विकास खंण्ड के एक गांव निवासी ग्रामीणों द्वारा सोमवार को तहसील मुख्यालय में एसडीएम धौरहरा को ज्ञापन सौंपकर आगामी प्रधानी चुनाव के लिए अपने गांव के प्राथमिक विद्यालय में पोलिंग बूथ बनाऐ जाने के लिए शिकायती पत्र सौंपा।प्राप्त शिकायती पत्र के मुताबिक विकास खण्ड धौरहरा की ग्राम पंचायत जुगुनू पुर के मजरा नरैनाबाबा के ग्रामीणों ने सोमवार को तहसील मुख्यालय पहुंचकर एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि को ज्ञापन सौंपकर कहा कि हमारे गांव में करीब 1800 मतदाता हैं। पूर्व में हम लोगो का मतदान केंद्र जुगुनू पुर के सविलियन विद्यालय था जहां मतदान के दौरान जुगुनू पुर के दूसरे समुदाय के लोगो द्वारा किसी न किसी प्रकार से मतदान के दिन खासकर महिलाओं को सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मताधिकार से वंचित होना पड़ता है जिससे निष्पक्ष मतदान में बाधा उत्पन्न होती रही है।इस मामले में एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि ने बताया कि ग्रामीणों का शिकायती पत्र प्राप्त हुआ लेकिन शासन से मतदान केंद्र बदलने की रिपोर्ट नवम्बर में मांगे जाने पर जांच कर रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## अयोध्या के दीपोत्सव में खिलेंगे लखीमपुर की माटी के दीए

**लखीमपुर खीरी ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ल्लइको-फ्रेंडली दीपोत्सवङ्क के संकल्प को साकार करने में लखीमपुर की माटी ने अपनी खुशबू भी मिलाई और करामात भी दिखा दी। सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल और बीडीओ धौरहरा संदीप कुमार के नेतृत्व में आकांक्षी ब्लॉक धौरहरा की ग्रामीण व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने गोबर से 25 हजार दीपक तैयार कर एक अनोखी मिसाल कायम की है।मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने प्रशिक्षु आईएएस मनीषधारवे के साथ विकास भवन परिसर से इन इको-फ्रेंडली दीयों से भरे वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये दीपक अब अयोध्या के भव्य दीपोत्सव में राम की पैरी (अयोध्या धाम) को रौशन करेंगे।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि अयोध्या का दीपोत्सव केवल रोशनी का नहीं, बल्कि जनसहभागिता और स्वावलंबन का उत्सव है। लखीमपुर की महिलाओं ने इस अभियान में जो योगदान दिया है, वह गर्व का विषय है। बीडीओ संदीप कुमार ने बताया कि महिलाओं ने कुछ ही दिनों में गोबर से इतने सुंदर व पर्यावरण हितैषी दीए तैयार किए हैं, जिनसे न केवल आय सृजन हुआ बल्कि आत्मनिर्भरता का दीप भी जला। ग्रामीण महिलाओं की मेहनत और सृजनशीलता से तैयार ये दीए अब अयोध्या की पवित्र भूमि पर जलकर उस संदेश को फैलाएँगे ल्लगोबर का हर दीया, आत्मनिर्भर भारत की ज्योति है।

## जिला जज ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**लखीमपुर ।** जिला जज शिव कुमार सिंह ने जिले में पदभार ग्रहण करने के बाद मंगलवार को पहली बार जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे वीरेंद्र नाथ पांडेय और सीजेएम प्रमोद यादव भी मौजूद रहे।जिला जज ने सबसे पहले महिला बैरक का निरीक्षण किया। यहां निरुद्ध 37 महिला बंदियों से उनके मुकदमों की जानकारी ली और सरकारी वकील की सुविधा के बारे में पूछा। महिला बंदियों के साथ रह रहे तीन बच्चों को बिस्कुट वितरित किए, जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। इसके बाद जिला जज जेल में बनी गौशाला पहुंचे, जहां उन्होंने गोवंश को फल खिलाकर दुलार किया। जेल अस्पताल में उन्होंने निरुद्ध 11 बंदियों के इलाज के संबंध में जानकारी ली और जेल चिकित्सक डॉ. दीपान्तर रावत से उपचार व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान जिला जज ने जेल पाकशाला में बंदियों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की। उन्होंने बच्चा बैरक में निरुद्ध बंदियों से उनकी आयु और मुकदमों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सजायाफ्ता बंदियों की अपील समय से तैयार कर जेल अधीक्षक के माध्यम से उच्च न्यायालय भेजने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि किसी भी बंदी को विधिक सहायता से वंचित न रखा जाए। इस मौके पर जेल अधिवक्ता मोहम्मद सईद खान, जेल अधीक्षक पी.डी. स्लैनिया, जेलर डी.के. वर्मा, डिप्टी जेलर डीपीएस राठौर और डॉ. दीपान्तर रावत मौजूद रहे।

## जरिगवां में वृद्धा आश्रम निर्माण कार्य का शुभारंभ, बुजुर्गों को मिलेगा सम्मान और सहारा

**सीतापुर , मिश्रिख ।** ज्योति स्वास्थ्य सेवा संस्थान द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम के निर्माण कार्य का शुभारंभ मंगलवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। उल्लेखनीय है कि इस आश्रम की नींव पूजन 15 जनवरी 2025 को किया गया था, जिसके बाद अब इसका कार्य औपचारिक रूप से आरंभ हुआ।कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन एवं हवन के उपरांत निर्माण कार्य का आरंभ किया गया। यह आश्रम मिश्रिख तहसील के ग्राम जरिगवां में स्थापित किया जा रहा है, जो चौरासी कोसी परिक्रमा का आठवां पड़ाव भी है।आश्रम का उद्देश्य उन बुजुर्गों को आश्रय, सेवा और स्नेह देना है जो अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में अकेलापन या असहायता का अनुभव कर रहे हैं। संस्थान के संस्थापक डॉ. अजय पाल ने कहा कि ल्लवृद्ध सेवा ही प्रभु सेवा है, और यह कार्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग से ही सफल हो सकता है। इस अवसर पर प्रदेश प्रचारक एवं जिला अध्यक्ष सचिन यादव, जिला उपाध्यक्ष अतुल तिवारी मौजूद।

# शासन की मंशा के अनुरूप हो धान खरीद, एडीएम ने दी कड़ी चेतावनी

## एडीएम ने राजापुर मंडी में लिया क्रय केंद्रों का जायजा, प्रभारियों को दिए सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। धान खरीद में पारदर्शिता और किसान हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। यही सख्त संदेश सोमवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कृषि उत्पादन मंडी समिति, राजापुर के औचक निरीक्षण के दौरान दिया। उन्होंने मौके पर विभिन्न क्रय केंद्रों की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और प्रभारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप निष्पक्ष, समयबद्ध और पारदर्शी खरीद प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए।एडीएम ने धान तौल प्रक्रिया, भुगतान रजिस्टर, भंडारण व्यवस्था और किसानों के सत्यापन की स्थिति का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र प्रभारी से धान की गुणवत्ता और खरीद की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। केंद्र प्रभारी ने बताया कि जिन किसानों का धान नमीयुक्त है, उनका धान मंडी परिसर में सुखाकर खरीदा जा रहा है। किसानों से लगातार अपील की जा रही है कि वे सूखाकर धान लेकर ही मंडी आएं, ताकि तौल और भुगतान की प्रक्रिया में कोई विलंब न हो।एडीएम ने निर्देश दिए कि आने वाले किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान की बिक्री के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे उन्हें उनके उपज का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही, गड़बड़ी या देरी पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए तत्काल कार्रवाई की जाएगी।एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि किसानों का सम्मान हमारी जिम्मेदारी है।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत सशक्त हुई बेटियां, सीखी आत्मरक्षा की कला

## डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बोलीं, हर बेटी में है शक्ति, जरूरत है उसे पहचानने की अब बेटियां नहीं झुकेंगी, डटकर जवाब देंगी : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । मंगलवार का दिन आर्यकन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की बालिकाओं के लिए गर्व और आत्मविश्वास से भर देने वाला रहा। मिशन शक्ति 5.0 के तहत जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धारवे और कॉलेज की प्राचार्य प्रोफ़ेसर गीता शुक्ला के साथ दीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर सविता शुक्ला ने किया।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण प्राप्त बालिकाएं किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में स्वयं की सुरक्षा करने में सक्षम होंगी। यह प्रशिक्षण केवल शारीरिक सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि मानसिक दृढ़ता, आत्मविश्वास और साहस बढ़ाने का भी महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि जब बेटियां सशक्त होंगी, तभी समाज और राष्ट्र सशक्त बन पाएंगे।उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 के तहत बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मविश्वासी और सुरक्षित बनाया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त छात्राएं अब स्वयं अपनी पहली सुरक्षा ढाल बन सकती हैं। यह अभियान नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धारवे ने कहा कि बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण सिर्फ सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन्हें साहस, आत्मविश्वास और जीवन की हर चुनौती से निपटने की ताकत भी देता है। आज की छात्राएं कल की निडर और सशक्त नागरिक हैं।

### तुलसी सभागार में बेटियों का दमदार प्रदर्शन

कुशल प्रशिक्षक जितेंद्र के निर्देशन में आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रशिक्षित बालिकाओं ने जब मंच पर कदम रखा, तो पूरा हाल तालियों की गूंज से भर उठा। किसी ने गली छेड़छाड़ की स्थिति में मनचले को झटके में जमीन पर पटका, तो किसी ने आत्मरक्षा के तेज़ और सटीक दांव दिखाए। हर वार में आत्मविश्वास झलक रहा था जैसे मानो हर बेटी यह कह रही हो कि ल्लडरना अब नहीं, डटकर लड़ना सीखा है।

# सतेती की गौशाला में भ्रष्टाचार से लेकर तस्करी तक के आरोप, जिलाधिकारी से कड़ी कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**ग्रामीणों का आरोप है कि अनुसार, गौशाला के संचालन में ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान ,उनके पति व पुत्र और पंचायत सचिव की मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है**

बदायूं। ब्लॉक अंबियापुर के ग्राम सतेती की ग्राम पंचायत इन्छा में संचालित सरकारी गौशाला को लेकर भ्रष्टाचार, पशु-क्रूरता और गौवंश तस्करी के गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी को सामूहिक शिकायती पत्र सौंपकर इस पूरे प्रकरण की उच्च-स्तरीय जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, गौशाला के संचालन में ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान ,उनके पति व पुत्र और पंचायत सचिव की मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। गौशाला में रखे गए गौवंशों को भूखा-प्यासा और बीमारू हालत में रखा जाता है। बीमार गौवंश का उपचार नहीं कराया जाता, और कई बार उनकी मृत्यु के बाद भी पंचनामा या पोस्टमार्टम रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाती। ग्रामीणों का कहना है कि मृत या अर्धमृत पशुओं को गुप्त रूप से हटा दिया जाता है, और उनकी जगह अन्य आवारा गौवंश पकड़कर रखे जाते हैं, ताकि रिकॉर्ड में संख्या पूरी दिखाई दे और अनुदान की रकम का गबन किया जा सके। ईयर टैग गायब, रिकॉर्ड में भारी गड़बड़ी ग्रामीणों ने बताया कि गौशाला में रखे अधिकांश पशुओं के कानों में पहचान टैग (ईयर टैग) तक नहीं लगे हैं।इससे पशुओं की वास्तविक पहचान छिपाकर गौवंशों की अदला-बदली और तस्करी का खेल खेला जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि चारा, भूसा और दवाओं के नाम पर जो सरकारी अनुदान जारी होता है, वह कागज़ों में ही खर्च दिखा दिया जाता है, जबकि हकीकत में पशु भूखे रहते हैं।

गौशाला के संसाधनों का उपयोग आरोपी निजी लाभ के लिए करते हैं। विरोध करने वालों को धमकियाँ और फर्जी मुकदमों का डर ग्रामीणों ने बताया कि जब भी कोई व्यक्ति इन अनियमितताओं का विरोध करता है, तो प्रधान परिवार के लोग और उनके सहयोगी कर्मचारी उसे फर्जी मुकदमों और जान से मारने की धमकी देते हैं।उनका कहना है कि आरोपी खुलेआम कहते हैं अगर किसी ने ज़्यादा बोलने की कोशिश की, तो उसी पर गायों को ज़हर देने का आरोप लगवा देंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि यह लोग अपने राजनीतिक संबंधों और विभागीय संपर्कों का दबाव बनाकर लोगों को डराते हैं और मुख्यमंत्री की वीडियो क्लिप दिखाकर यह दावा करते हैं कि हमारे खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकती।अब तो खुद योगी जी ने हमें छूट दे रखी है।इस डर के माहौल में कई लोग अब शिकायत करने से भी बच रहे हैं।

आरोपी सचिव को ही जांच अधिकारी बनाया गया ग्रामवासियों के अनुसार, पहले भी इस मामले की शिकायतें की गई थीं, लेकिन प्रधान प्रतिनिधि और सचिव के प्रभाव के कारण कोई कार्रवाई नहीं हुई। बल्कि, हाल में जब बीडीओ कार्यालय से जांच के आदेश दिए गए, तो उसी पंचायत सचिव को जांच अधिकारी नियुक्त कर दिया गया, जो स्वयं आरोपी पक्ष का हिस्सा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह नियुक्ति न्याय की भावना और प्रशासनिक निष्पक्षता के बिल्कुल विपरीत है तथा इसका उद्देश्य जांच को प्रभावित करना और साक्ष्य नष्ट करना है।एफआईआर, स्वतंत्र जांच और सुरक्षा की मांग ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि प्रधान, उनके परिजनों और पंचायत सचिव सहित संबंधित सभी लोगों के विरुद्ध भ्रष्टाचार, पशु-क्रूरता, गौवंश तस्करी और धमकी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाए।उन्होंने कहा कि जांच किसी स्वतंत्र एवं उच्च-स्तरीय समिति से कराई जाए, जिसमें स्थानीय प्रशासन से अलग अधिकारी और पशुपालन विभाग के विशेषज्ञ शामिल हों। ग्रामीणों ने गौशाला का भौतिक निरीक्षण, पशु-संख्या सत्यापन, अनुदान ऑडिट और वीडियो रिकॉर्डिंग कराने की भी मांग की है।इसके साथ ही शिकायतकर्ताओं और गौवंश दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जांच के दौरान साक्ष्य नष्ट करने या धमकाने पर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि भविष्य में आरोपियों को क्लीनचिट दी जाती है और वे ठोस प्रमाण प्रस्तुत करते हैं, तो यह जांच अधिकारियों की मिलीभगत मानी जाए और उन पर भी कार्रवाई की जाए। इस सामूहिक शिकायत पर बालिस्टर सिंह, सुबोध, उदयपाल, राजपाल, महावीर सिंह, संदीप सिंह, तेजेंद्र सिंह आदि ग्रामीणों ने हस्ताक्षर किए हैं। इनका कहना है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मामले को दबाने में लगे हैं, जिससे ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार और पशु-क्रूरता की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

## गृहकर बढ़ाने के विरोध में प्रदर्शन

**अनूपशहर।** नगर पालिका पालिका द्वारा गृहकर में 10 गुना से अधिक की वृद्धि के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर बढे हुए गृह कर को पूर्वक करने की मांग की। मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका परिषद में एकत्र होकर पालिका द्वारा गृह करने की गई अप्रत्याशित 10 गुना वृद्धि को लेकर प्रदर्शन किया। जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने कहा कि गृह कर में की गई वृद्धि का कोई पैमाना नहीं है। मन माने ढंग से कर्मचारियों द्वारा पक्षपात पूर्ण रवैया से गृह कर बढ़ा दिया है। पालिका प्रशासन को निर्धारित करना चाहिए, कि उनके द्वारा गृह कर में कितने प्रतिशत की वृद्धि की गई है। जिससे नगर वासी अपने पुराने गृहकर के अनुपात में वृद्धि की गई कर को मिलान करके गृह कर की स्थिति को स्पष्ट कर सकें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी गार्गी त्यागी को ज्ञापन देकर मांग की, कि प्रत्येक संपत्ति पर अधिकतम 10% की वृद्धि की जाए। इससे अधिक वृद्धि किए जाने पर कांग्रेस जन आंदोलन करने को विवश होगी। इस संदर्भ में अधिशासी अधिकारी गार्गी त्यागी को ज्ञापन सौंपा। सलाम खां, बबलू कुरैशी, प्रज्ञा गौड़, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा, आदित्य गौड़, हेमंत शर्मा, मोहन सरीन, कौशल शर्मा, राजेंद्र शर्मा, आशु राघव, चांद खां, अहमद हसन, मोहम्मद उमर आदि सम्मिलित रहे।

## पंजीकृत निर्माण श्रमिक अपने पंजीयन कार्ड का 15 अक्टूबर तक करायें नवीनीकरण

**मुरादाबाद ।** उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड लखनऊ के अन्तर्गत श्रम विभाग मुरादाबाद में निर्माण कार्य में लगे हुए श्रमिकों द्वारा अपना पंजीकरण कराया गया है। श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ विभिन्न योजनायें संचालित की जा रही हैं। उप श्रमायुक्त दीप्तिमान भट्ट ने बताया कि योजनाओं से लाभ प्राप्त करने के लिए पंजीकृत निर्माण श्रमिक सर्वप्रथम अपने पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र के माध्यम से करायें। इसके अतिरिक्त श्रम विभाग द्वारा समय-समय पर तहसील दिवस, लेबर अड्डों एवं अन्य स्थानों पर कैम्प लगाकर पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को उनके श्रमिक पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण कराये जाने हेतु जागरुक किया जा रहा है। श्रमिकों द्वारा अपने श्रमिक कार्ड का नवीनीकरण न कराने के कारण वे श्रमिक बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का हितलाभ प्राप्त करने के लिए वे अपने श्रमिक पंजीयन कार्ड का दिनांक 15 अक्टूबर तक नवीनीकरण करा लें।उन्होंने बताया कि ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्होंने अपने श्रमिक पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण विगत 04 वर्षो से नहीं कराया है उनका श्रमिक पंजीयन कार्ड पोर्टल पर निष्क्रिय कर दिया जायेगा।

## मरम्मत कार्य के चलते तहसील से हो रहा विभागीय कार्य का संचालन

**मुरादाबाद।** मुख्य कोषाधिकारी रेनू बौद्ध ने समस्त पेंशनरों एवं आहरण वितरण अधिकारियों को सूचित किया है कि कोषागार मुरादाबाद बिल्डिंग में पुर्ननिर्माण/मरम्मत कार्य होने के कारण कोषागार के कार्यों का संचालन सदर तहसील मुरादाबाद से किया जा रहा है। वर्तमान में समस्त राजकीय कार्यों के लिए सदर तहसील परिसर में अस्थाई रूप से संचालित कोषागार कार्यालय में सम्पर्क करें।

## 15 अक्टूबर को आएंगी महिला आयोग की सदस्य, करेंगी जनसुनवाई

**बदायूं।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि 15 अक्टूबर 2025 बुधवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे जनपद बदायूँ में मा0 सदस्य उ0प्र0, राज्य महिला आयोग लखनऊ अवनी सिंह द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला जनसुनवाई लोक निर्माण विभाग बदायूँ के गेस्ट हाउस में की जाएगी तथा अपरान्हन 01 बजे से ब्लाक उझानी में पोषण पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सम्बन्धित अधिकारीगण जनसुनवाई व पोषण पंचायत कार्यक्रम में समस्त सूचनाओं सहित ससमय प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## बुधवार तक बेरोजगार करें रोजगार महाकुम्भ में आवेदन

**बदायूं।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 के बेरोजगारों के लिए सेवायोजन विभाग द्वारा 14 से 15 अक्टूबर 2025 मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर में दो दिवसीय रोजगार महाकुम्भ का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार महाकुम्भ के माध्यम से सरकार द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ओमान की 46 कम्पनियों में चयन के अवसर मिलेंगें। कुल 10656 पदों पर भर्ती की जायेगी। यह रोजगार संगम पोर्टल https://rojgaarsangam.up.gov.in पर अपना जॉबसीकर के रूप में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इनमें कंस्ट्रक्शन वर्कर, सुपरवाइजर रिंगिंग, मोबराल, पंप आपरेटर, ट्रांजिट मिक्सर डाइवर, बस चालक शटरिंग, कारपेन्टर, कंस्ट्रक्शन हैल्पर जैसे पद सम्मलित है। चयनित उम्मीदवारों को 24 हजार से सवा लाख रुपए तक मासिक वेतन मिलेगा। इच्छुक कुशल व अकुशल वर्ग सभी तरह के अभ्यर्थी जिनके पास वैद्य पासपोर्ट होना आवश्यक है।उन्होंने बताया कि रोजगार महाकुम्भ में सम्मलित होने के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर अभ्यर्थी अपना पंजीकरण करते हुए प्रतिभागी कम्पनी में समस्त शैक्षिक योग्यता एवं बायोडाटा सहित मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर में रोजगार महाकुम्भमें प्रतिभाग कर सकते हैं। उपरोक्त मेला में शामिल होने हेतु अभ्यर्थी को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

## 17 अक्टूबर को डायट परिसर आडिटोरियम में होगा किसान मेला व किसान दिवस का आयोजन

**बदायूं।** उप कृषि निर्देशक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी अवनीश राय अध्यक्षता में किसान दिवस पूर्व की भांति विकास भवन सभागार में माह के तृतीय बुधवार दिनांक 15 अक्टूबर 2025 आयोजित किया जाना प्रस्तावित था।उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर 2025 को पूर्वान्हः 10:30 बजे से तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, दिल्ली रोड, मुरादाबाद में होने के कारण किसान दिवस स्थगित किया गया है। अब 17 अक्टूबर 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से डायट परिसर आडिटोरियम में किसान मेला व किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जनपद के समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण प्रतिभाग करेंगें, किसान कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकते हैं।

## डीएम ने पराली प्रबन्धन जागरुकता प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**बदायूँ।** प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इनसीटू मैनेजमेंट ऑफ कॉप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत कृषकों को पराली प्रबन्धन कार्यक्रम के अन्तर्गत खेतों में पराली न जलाने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पराली प्रबन्धन जागरुकता प्रचार वाहन को जिलाधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।डीएम ने कृषकों में पराली जलाने से होने वाले नुकसान तथा पराली प्रबन्धन के उपायों को अपनाकर मृदा स्वास्थ्य में वृद्धि एवं मृदा में जीवांश की मात्रा बढ सकें, के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरुक करने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), उप कृषि निदेशक मनोज कुमार, जिला कृषि अधिकारी मौजूद रहे।

## उम्मीद पोर्टल पर अपलोड होंगी वक्फ सम्पत्तियां

**बदायूँ।** ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी लालमन ने बताया कि शासन ने एकीकृत वक़्फ़ प्रबन्धन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम के अनुसार उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल https://umeed.minorityaffairs.gov.in पर मौजूदा वक़्फ़ सम्पत्तियों का विवरण निर्धारित समयावधि 05 दिसम्बर 2025 तक अपलोड किये जाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए जनपद स्तर पर दो सुन्नी एवं एक शिया वक़्फ़ कोआर्डिनेटर तैनात किये गये हैं।उन्होंने यह भी बताया कि उम्मीद पोर्टल पर मौजूदा वक़्फ़ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड करने के लिए सुन्नी एवं शिया सेन्ट्रल वक़्फ़ बोर्ड लखनऊ के दो उच्चाधिकारियों को अप्रूवर के रूप में तथा मुख्य कार्यपालक/कार्यपालक अधिकारियों/मास्टर ट्रेनर को चेकर के रूप में नामित किया गया है।

# संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**ब्लॉक स्तर पर भी ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई की मॉनिटरिंग के लिए बीडीओ को निर्देश**

**उन्होंने कहा कि गांव के बाहरी क्षेत्रों में स्थित कूड़े के ढेर को गड्ढे में भरवाकर निस्तारित कराया जाए**

मुरादाबाद। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान (5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर) के अंतर्गत जनपद में संक्रामक बीमारियों के प्रसार पर प्रभावी ढंग से रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संबंधित स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी के साथ समन्वय करके प्रत्येक सप्ताह विकासखंड क्षेत्र में ग्राम पंचायतवार साफ सफाई, एंटी लारवा दवाओं का छिड़काव और आंगनबाड़ी केंद्र तथा प्राथमिक विद्यालयों के आसपास झाड़ियां के कटान की स्थिति की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक विद्यालयों के आसपास गंदगी और झाड़ियों की वजह से बच्चों में स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होने का खतरा बना रहता है इसलिए खंड शिक्षा अधिकारी और खंड विकास अधिकारी प्राथमिक विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों के आसपास गंभीरता पूर्वक सफाई कार्य कराना सुनिश्चित करें।नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन के स्तर से मिलने वाली गंदगी और जल भराव जैसी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत राज अधिकारी ग्राम पंचायतों में नियमित तौर पर बेहतर साफ सफाई और एंटी लारवा दवाओं के छिड़काव के साथ ही गांव के बाहरी क्षेत्रों में कूड़े के ढेर के निस्तारण को लेकर भी प्रभावी कदम उठाएं।

उन्होंने कहा कि गांव के बाहरी क्षेत्रों में स्थित कूड़े के ढेर को गड्ढे में भरवाकर निस्तारित कराया जाए। आमजन को साफ सफाई के महत्व और गंदगी के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं तथा दुष्परिणामों के बारे में भी जागरूक करने पर जोर दिया जाए ताकि वे अपने आसपास साफ सफाई को लेकर गंभीर बने।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, सीएमओ डॉ कुलदीप सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे।

# जनपद स्तरीय स्पेस क्वीज संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर। स्पेस क्विज एवं आर्ट इन स्पेस अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम एलडीएवी कालेज में संपन्न हुआ। मंगलवार को एलडीएवी कालेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. विनोद कुमार, विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी प्रियंका गोयल, प्रधानाचार्या शशि बाला पंत ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। जनपद के विभिन्न विकास खंडों से चयनित शीर्ष 20 विद्यार्थियों ने अपने नोडल शिक्षक के साथ प्रतिभाग किया। 16 विकास खंडों से लगभग 7,000 विद्यार्थियों ने इस अभियान के अंतर्गत अपनी भागीदारी सुनिश्चित की थी। जिनमें से चयनित प्रतिभागियों को इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि इन स्पेस के निदेशक डा. विनोद कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान की नई संभावनाओं से जोड़ते हैं। इसरो के मिशन की जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने में मददगार होते हैं। विशिष्ट अतिथि एसडीएम प्रियंका गोयल ने कहा कि विज्ञान के व्यावहारिक प्रयोगों से विद्यार्थियों को जोड़ना समय की मांग है। नमस्कार फाउंडेशन के सचिव उत्कर्ष मिश्रा ने फाउंडेशन की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रधानाचार्या शशि बाला पंत ने विद्यार्थियों को अंतरिक्ष अनुसंधान की दिशा में प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता अखण्ड प्रताप सिंह ने किया। जिला कार्यक्रम समन्वयक अनुराग तिवारी ने कार्यक्रम के सफल संचालन में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर शीर्ष प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए । नोडल शिक्षक अखण्ड प्रताप सिंह, अभय सिंहा, मंजिलकांत, धीरज, सुरेंद्र कुमार, संतोष, संजय सैनी, तरुण शर्मा, रिपु दमन उपाध्याय, संध्या अग्रवाल, कृष्णकांत गौड़ को सम्मानित किया गया।

# प्रेमिका का रिश्ता दूसरी जगह तय होने पर युवक ने पानी की टंकी से लगाई छलांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर। प्रेमिका की शादी दूसरे स्थान पर तय हो जाने से पीड़ित युवक ने गांव में बनी पानी की टंकी के ऊपर से कूद कर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मंगलवार को सुबह लगभग 9:00 बजे गांव सिरोरा स्थित जल निगम की 80 फीट ऊंची पानी की टंकी पर गांव के ईदा अहमद का 22 वर्षीय पुत्र साजिद उर्फ सज्जा चढ़ गया। और खुदा के पास जाने की बात कह कर कूद गया। तत्काल स्वजनों द्वारा अनूपशहर स्थित चिकित्सालय ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव सिरोरा निवासी ईदा अहमद गांव में ही खेती-बाड़ी कर परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। उनके 6 बेटों में से चार बेटे दिल्ली में रहते हैं। तथा दो बेटे गांव में ही रहते हैं। पांचवें नंबर के पुत्र साजिद का पड़ोस में रहने वाली एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। किंतु युवती के परिजनों ने साजिद से निकाह करने को इनकार कर दिया। कुछ दिन पूर्व युवती का रिश्ता दूसरी जगह तय कर दिया।

इस बात से क्षुब्ध साजिद ने जीवन लीला समाप्त करने का निर्णय लेते हुए पानी की टंकी के ऊपर चढ़ गया। ग्रामीणों ने उसे काफी देर तक समझाने का प्रयास किया। मौके पर उसकी मां हुस्न बानो को भी बुला लिया। उन्होंने भी बेटे को नीचे उतर आने का अनुरोध किया। किंतु सभी के सामने साजिद ने ऊपर से छलांग लगा दी और जल निगम कर्मचारी के रहने के कमरे की छत पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन तत्काल उसे अनूपशहर चिकित्सालय ले गए वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बताया है, कि साजिद के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

# शासकीय कार्यों में सहयोग न करने वाले ग्राम प्रधानों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने मंगलवार को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों के संबंध में आहूत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सी व डी श्रेणी प्राप्त विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह कार्य में सुधार करें अन्यथा उनके विभागाध्यक्ष को कड़ी कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया जाएगा।

उन्होंने रैंकिंग में सुधार करने के भी निर्देश दिए।कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में आहूत बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्य प्रदर्शन घटक (केपीआई) शत प्रतिशत होना चाहिए। उन्होंने सी व डी श्रेणी प्राप्त विभाग के अधिकारियों के साथ को कार्य में सुधार करने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी कार्य किये जा रहे हैं, उसकी नियमित रूप से फीडिंग भी कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागीय कार्यों की नियमित समीक्षा करने व स्थलीय निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने कहा अधिकारियों से कहा कि शासन से जो धनराशि की मांग की जानी है वह समय से की जाए ताकि समय से धनराशि प्राप्त होने पर कार्यों को गुणवत्तापरक व समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जा सके।उन्होंने कहा कि जो ग्राम प्रधान फैमिली आईडी के कार्यों व अन्य शासकीय कार्यों में सहयोग नहीं कर रहे हैं उनके विरुद्ध विभागीय अधिकारी अपनी संस्तुति सहित पत्रावली प्रस्तुत करें ताकि ऐसे ग्राम प्रधानों के विरुद्ध 91 (जी ) के अंतर्गत कार्यवाही की जा सके।मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मंगलवार की बैठक में माह सितंबर 2025 तक के कार्यों की समीक्षा की गई। कुल 76 कार्यक्रमों में से 54 में ए-श्रेणी प्राप्त हुई है। 04 मे बी-श्रेणी, 04 में सी-श्रेणी व 03 में डी-श्रेणी तथा 11 ऐसे कार्यक्रम व विभाग हैं जिसमें श्रेणी नहीं दी गई है।जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री आवास, फैमिली आईडी सहित विभिन्न कार्यक्रमों की एक-एक कर समीक्षा की आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने व्यक्त की कड़ी नाराजगी**

मुरादाबाद। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन के बापू सभागार में मा. मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अनुसार राजस्व एवं विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अपने विभागीय योजनाओं में रुचि लेकर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुधार न होने की दशा में संबंधित अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में आईजीआरएस शिकायतों का प्रभावी ढ़ंग से निस्तारण न होने, शिकायतकर्ताओं से जनसंवाद न होने तथा कई माह के बाद शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से न किए जाने के कारण जनपद की रैंकिंग खराब हो रही है। अधिकारी पूर्ण मनोयोग से शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे खाद्य पदार्थों से संबंधित दुकानों का औचक निरीक्षण करते रहें। खाद्य पदार्थो में किसी भी प्रकार की शिकायत न मिलें। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए आबकारी, मण्डी, पूर्ति, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, नगर विकास एवं गरीबी उन्मूलन, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) आदि की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने किसानों का अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान यथाशीघ्र सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अतिरिक्त ऊर्जा, कृषि, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दिव्यांग पेंशन, समाज कल्याण, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, नियोजन, पंचायतीराज, प्राथमिक शिक्षा, पशुधन, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण विभाग, उद्योग, सहकारिता, सिंचाई आदि विभागों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विकास कार्यो में प्रगति लाकर ए कैटेगरी में बने रहने के निर्देश दिए। अतिरिक्त ऊर्जा विभाग की पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना में जनपद डी कैटेगरी में होने पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को योजना के क्रियान्वयन में सक्रियता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाए। विद्युत बिलों में गडबड़ी की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

## डीएम ने गांव दौरी निरोत्तमपुर में करवाई धान की फसल की क्रॉप कटिंग

बदायू। जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील सदर के ब्लॉक जगत के गांव दौरी निरोत्तमपुर में कृषक नरेंद्र सिंह के खेत में जाकर अपने सामने धान की फसल की क्रॉप कटिग करवाकर धान की तौल करवाई, जिसका वजन 18.87 किलो ग्राम प्राप्त हुआ, जो कि लगभग पौने चार क्विटंल प्रति बीघा पैदावार अथवा लगभग 45 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की पैदावार रहेगी।डीएम ने बताया कि क्रॉप कटिंग के प्रयोग के आधार पर जनपद में औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े तैयार किए जाते हैं। जिससे जिले में हो रहे उत्पादन की सटीक जानकारी हासिल हो जाती है। क्रॉप कटिंग के प्रयोग से प्राप्त उत्पादन के आंकड़ों के आधार पर किसानों के फसल में होने वाले नुकसान का आकलन एवं फसल बीमा की क्षतिपूर्ति राशि निर्धारित करने में सहायक होती है। इस मौके पर अपर सांख्यिकीय अधिकारी अजय विक्रम सिंह, गगन पटेल, तहसीलदार दीपक कुमार, फसल बीमा से जिला प्रबंधक धीरेन्द्र दीक्षित, राजस्व निरीक्षक शरबत अली, लेखपाल सत्यम कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# युवा कांग्रेस कमेटी ने डीएम को दिया ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। पूर्व में तय कार्यक्रम अनुसार युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु छीव के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय सचिव विशाल चौधरी व प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला के आव्हान पर प्रदेश कोड़िनेटर युवा कांग्रेस शफी अहमद व जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अकबर अहमद सकलैनी के सयुक्त नेतृत्व मे जिलाधिकारी कार्यालय स्थित अम्बेडकर पार्क मे बलात्कारियों का संगठन नही चलेगा, आनँदु अजी को न्याय दो, युवा पर अत्याचार नही सहेगा हिंदुस्तान जैसे नरों के साथ धरना प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी न्यायिक बिसौली केरल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर आनंदु अजी के साथ हुए यौन उत्पीड़न से प्रताड़ित होने पर की आत्महत्या को लेकर न्याय दिलाने एवं उपकरण में प्रकरण में सम्मिलित आरोपियों जो कि आरएसएस के सदस्य हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष सुनीता सिंह एवं वरिष्ठ कांग्रेसी आलोक सिंह तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में रफत अली खान तथा जाहिद सिद्दीकी मौजूद रहे इस अवसर पर सुनीता सिंह, आलोक सिंह ने सयुक्त रूप से कहा केरल के एक आईपी पेशेवर आनँदु अजी को आरएसएस के सदस्यों द्वारा उत्पीड़न कर आत्महत्या के लिए उकसाया गया जो कि आत्महत्या नही आरएसएस के सदस्यों द्वारा हत्या की गई है उनकी अंतिम इंस्टाग्राम पोस्ट में गठित और दावा किया गया है कि राष्ट्रीय स्वयं संघ के सदस्यों द्वारा उनका एवं शोषण किया गया था जिसके कारण में गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे।

इस घटना की हम कड़ी निंदा करते है तथा आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग करती है इस अवसर पर प्रदेश युवा कांग्रेस कोऑर्डिनेटर शफी अहमद तथा जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अकबर अहमद सकलैनी ने कहा कि स्वर्गीय आनंदू अजी के अनुसार वह अकेले पीड़ित नहीं है आरएसएस शिविर में इस तरह के शोषण बड़े पैमाने पर हो रहे हैं इस प्रकरण में कांग्रेस नेता एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा जी ने आरोपी की गहन जांच की मांग की है एवं आरएसएस नेतृत्व से इस मामले पर स्पष्टीकरण देने को कहा है शफी अहमद ने कहा जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रज्वल रेवन्ना जैसे बलात्कारी के मंच को साझा करते हैं तथा कुलदीप सेंगर जैसे बलात्कारी के लिए भाजपा के लोग सड़क से प्रदर्शन करते हैं तो देश मे बलात्कारियों का मनोबल तो बढेगा उन्होंने कहा आज समाज में न केवल युवतियां बल्कि युवा भी सुरक्षित नहीं हैं।

आनंदु अजी के साथ हुआ यह कृत्य अत्यंत निंदनीय है। इस मामले में आरएसएस जैसे संगठन का नाम सामने आना इसे और गंभीर बनाता है। इस अवसर पर शहर उपाध्यक्ष रफत अली खान ने कहा हम मांग करते हैं कि आनंदु अजी को तत्काल न्याय मिले। शोषण करने वालों को, चाहे वह कोई व्यक्ति हो या संगठन, कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।सहसवान विधानसभा अध्यक्ष फरमान गाजी व शशांक पटेल ने कहा युवा कांग्रेस ने इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# शांति शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति से मिले केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह

**मुलाकात की तस्वीरें वायरल हो रही हैं जिस पर गोंडा के लोगों में खुशी का माहौल है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। सांसद केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया भारत सरकार के विशेष दूत के रूप में अंतरराष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की है।

मुलाकात की तस्वीरें वायरल हो रही हैं जिस पर गोंडा के लोगों में खुशी का माहौल है।केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया ने सोमवार की रात शर्म अल-शेख,मिस्त्र में आयोजित हो रहे अंतर राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में अमेरिका के रा ष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की है। दोनों ने ताओं के बीच लगभग 30 सेकेंड तक बातचीत हुई,जिसमें दोनों नेता हंसते-मुस्कुराते नजर आ ए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोंडा सांसद व केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह को अपना विशेष दूत बनाकर भेजा था।यह सम्मे लन गाजा में जारी संघर्ष को समाप्त करने और क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित करने के उद्देश्य से बुलाया गया। मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सीसी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस सम्मेलन की सह-अध्यक्षता कर रहे हैं, जिसमें लगभग बीस से अधिक देशों के शीर्ष नेता और प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह को विशेष प्रतिनि धि के रूप में भेजने का निर्णय भारत की विदे श नीति के संतुलन और क्षेत्रीय कूटनीतिक स्थि ति को ध्यान में रखकर लिया गया है।भारत ने हमेशा मध्य पूर्व के संघर्षों में मानवीय दृष्टिकोण और शांति समाधान का समर्थन किया है और विशेष दूत भेजकर यह संदेश दिया है कि भार त शांति प्रक्रिया में निष्क्रिय पर्यवेक्षक नहीं, बल्कि एक रचनात्मक भागीदार बनना चाहता है।अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। गोंडा संसदीय क्षेत्र में लोग इस पर अपनी खुशी जता रहे हैं।

## स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री ने कई राज्यों से आये पत्रकारों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जायसवाल सभा महासभा दिल्ली की ओर से केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद नाइक के लोधी स्टेट स्थित उनके आवास कोठी नंबर एक पर आयोजित दीपावली मिलन समारोह व अन्य कार्यक्रम के दौरान जायसवाल समाज के कई राज्यों से आए पत्रकारों को सम्मानित कि या है।जिस क्रम में उत्तर प्रदेश के जनपद गोंडा से प्रधान संपादक हिंदी दैनिक बदलता स्वरूप पवन जायसवाल,मऊ से यूनिवार्ता संतोष जाय सवाल,उज्जैन, जबलपुर से सम्पादक राजेश राय,दिल्ली से आज तक के अनूप गुप्ता आदि दर्जनों मीडिया के लोगों को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश के स्टांप पंजीयन एवं न्यायालय शुल्क के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री रविंद्र कुमार जायसवाल के द्वारा अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया उनके साथ उत्तराखंड के पूर्व राज्य मंत्री रामकुमार वालिया पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल, पूर्व कुलपति गुलाब चंद्र जायसवाल, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के लेखाधिकारी निर्मल कुमार जायसवाल, रेल मंत्रालय के सेक्शन अफसर गुलाब चंद्र जायसवाल, जायसवाल महासभा दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र जायसवाल अधिवक्ता उच्च न्यायालय दिल्ली कोयंबटूर से अटल गुप्ता इंदौर से अशोक जायसवाल महाराष्ट्र से फूलचंद जायसवाल, दिल्ली से बृजेश गुप्ता व वर्षा जायसवाल गोरखपुर से राजकुमार जायसवाल व पूरे भारतवर्ष से समाज के सैकड़ो उच्च पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एसपी ने नवनिर्मित परिवार परामर्श केन्द्र व मिशन शक्ति केन्द्र का किया उद्घाटन

**केन्द्र में कम्प्यूटर सिस्टम, टेबल, कुर्सी, वाटर डिस्पेंसर जैसी सुविधाओं के साथ प्रशिक्षित कर्मी तैनात रहेंगे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत कोतवाली कर्नलगंज में नवनिर्मित परिवार परामर्श केन्द्र व मिशन शक्ति केन्द्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।परिवार परामर्श केन्द्र में महिलाओं और परिवारों को सामाजिक, कानूनी और मानसिक सहायता प्रदान करने के लिए आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध करायी गई हैं। केन्द्र में कम्प्यूटर सिस्टम, टेबल, कुर्सी, वाटर डिस्पेंसर जैसी सुविधाओं के साथ प्रशिक्षित कर्मी तैनात रहेंगे।यहाँ आने वाले नागरिकों को परामर्श,मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की जा एगी,जिससे घरेलू हिंसा,बाल अधिकार, महिला सुरक्षा और अन्य सामाजिक मुद्दों के समाधान में मदद मिलेगी।इस अवसर पर पुलिस अधी क्षक के द्वारा थाने में बने मिशन शक्ति रजिस्टर का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया और संबंधि त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।उन्होंने कहा कि मिश न शक्ति केन्द्र समाज में महिलाओं और बच्चों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने तथा उनके शिका यत निवारण में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। पुलिस अधीक्षक केद्वारा मिशन शक्ति केन्द्र में तैनात अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे म हिलाओं एवं बच्चों से संबंधित मामलों में सहा नुभूति,सतर्कता और त्वरित निवारण के प्रति सजग रहें।इसके साथ ही मिशन शक्ति केन्द्र में आने वाली शिकायतों का रिकॉर्ड व्यवस्थित ढंग से रखा जाए और सभी मामलों में गोप नीयता सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कहां कि पुलिस प्रशासन द्वारा यह कदम मिशन शक्ति 5.0 के उद्देश्यों के अनुरूप है।इसका उद्देश्य न केवल महिला और बाल सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।इस अव सर पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्या म राय,क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज राजेश कुमार सिं ह व प्रभारी निरीक्षक कर्नलगंज सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला में चित्रकला एवं स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन

रायबरेली। उपयुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि जी.आई.सी. ग्राउण्ड ?द्वितीय मैदान में 9-18 अक्टूबर तक यूपी ट्रेड शो 2025 स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेले में जनपद स्तर पर उत्पादित स्थानीय एवं स्वदेशी वस्तुओं के स्टॉल लगाए गए हैं। मेले में आज आम जन की भारी भीड़ देखने को मिली। सबसे अधिक भीड़ स्वयं सहायता समूह के स्टॉल पर रही जहां लोगो ने आचार एवं अन्य खाद्य उत्पादों की बड़े पैमाने पर खरीददारी की। कस्तूरबा गांधी आवासीय वि?द्यालय की छात्राएँ भी मेले का हिस्सा बनी एवं उनके द्वारा अपनी रुचि के अनुसार सामाग्री क्रय की गयी। मेले में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं के बीच चित्रकला एवं स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय वि?द्यालय सलोन की छात्रा मधु को प्रथम, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गौरा की छात्राओं अंकिता एवं सौम्या को द्वितीय एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बछरावां की छात्राओं ललिता एवं मीनाक्षी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## सफाई कर्मचारियों ने बालपुर शाखा मैनेजर को हटाने के लिए दिया धरना

**सफाई कर्मचारियों ने धरना देकर अपनी मांगों का एक ज्ञापन आरएम राजकुमार द्विवेदी को सौपा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफा ई कर्मचारी संघ शाखा के जिलाध्यक्ष तिवारी के नेतृत्व में सुबह दस से धीरे-धीरे ब्लॉकों के कर्मचारियों का जमावड़ा सिविल लाइन स्थित आरएम ऑफिस पर दोपहर 12 बजे तक हजारों की संख्या में एकत्रित सफाई कर्मचारियों ने धरना देकर आरएम राजकुमार द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि बालपुर शाखा मैनेजर आम मर्यादित भाषा का प्रयोग करते हैं कर्मचारियों से गाली गुप्ता देते हैं उनको तत्काल हटाया जाए जनपद के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का खाता सैलरी अकाउंट किया जाए ग्रामीण सफाई कर्मचारी को निशुल्क लोन व्यवस्था उपलब्ध कराया जाए ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को बैंक में लेनदेन के लिए अलग से काउंटर बनाया जाए दुर्घटना में मृतक कर्मचारियों के परिवार को एक करोड़ बीमा की सहायता राशि दिया जाए उपरोक्त मैंगो का समाधान नहीं किया जाता है तो दस दिन बाद ग्रामीण सफाई कर्मचारी अनि श्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे इस मौके पर जिला महामंत्री शिवराम शु क्ला प्रदेश उपाध्यक्ष अमीर अहमद कर्नलगंज ब्लॉक अध्यक्ष रवि गोस्वामी मनकापुर ब्लॉक अध्यक्ष अतुल तिवारी इटियाथोक ब्लॉक अध्य क्ष लोकनाथ शुक्ला रुपएडीह ब्लॉक अध्यक्ष लखन लाल पासवान वजीरगंज ब्लॉक अध्यक्ष सनी राम बेलसर ब्लॉक अध्यक्ष रघुनाथ मौर्य नवाबगंज ब्लॉक अध्यक्ष राम सजीवन तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष हलदरमऊ रमेश सिंह प्रचार मं त्री फूल राज कोरी विनय त्रिवेदी जुबेर अहमद झंझरी पंकज रामकरन वर्मा हरीश मिश्रा राम चंद्र दुबे सहित सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नवीन व लम्बित आवेदनों में अपडेशन कराने से पहले फार्मर रजिस्ट्री को किया गया अनिवार्य

**पीएम किसान पोर्टल पर डाटा अपडेशन की कार्यवाही फिर से हुई प्रारंभ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत नए आवेदन की प्रक्रिया लगभग तीन महीने से बंद होने के कारण वरासत से भूमि प्राप्त नए लाभार्थियों को योजना में पंजीकरण तथा ऐसे लाभार्थी जिनका आवेदन तहसील, जनपद और राज्य स्तर से रिजेकटेड था, वह अपने आवेदन में आवश्यक त्रुटि सुधार नहीं कर पा रहे थे। भारत सरकार द्वारा अनिवार्य फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण की शर्त के साथ योजना में नवीन आवेदन की प्रक्रिया को फिर से शुरू कर दिया गया है। जिसमें वरासत से भूमि प्राप्त नए लाभार्थियों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण कराने के बाद पीएम किसान योजना में आवेदन किया जा सकता है। पूर्व में आवेदन कर चुके रिजेकटेड लाभार्थियों को भी आवश्यक त्रुटि सुधार का मौका दिया गया है । उप कृषि निदेशक श्री वर्मा द्वारा बताया गया कि ल्भारत सरकार द्वारा पीएम किसान योजना में फार्मर रजिस्ट्री को अनिवार्य कर दिया गया है इसलिए फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकृत किसान ही योजना में आवेदन और त्रुटि सुधार कर पाएंगे। भारत सरकार द्वारा योजना की अगली किश्त नवम्बर माह में जारी किए जाने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए किसानों से अपेक्षा की गई है कि योजना की अगली किश्त से पहले फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण कराते हुए पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लंबित आवेदनों में खतौनी अपलोड या अन्य आवश्यक कार्यवाही अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्र के माध्यम से पूरी कर लें। जिससे योजना में पात्र होने की दशा में उन्हे योजना की अगली किश्त का नियमानुसार लाभ दिलाया जा सके ।

## चीनी मिल नानपारा का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**डीएम ने मिल प्रबन्धन को निर्देश दिया कि मिल का मरम्मत कार्य शीघ्र-अतिशीघ्र गुणवत्तापूर्ण ढ़ग से पूर्ण कर लिया जाय**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. नानपारा के अध्यक्ष/जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा चीनी मिल का निरीक्षण कर मिल के आगामी पेराई सीजन संचालन (सत्र 2025-26) हेतु वर्तमान समय में मिल के मशीनरी उपकरणों के डिस्मेन्टलिंग, टेस्टिंग, चेकिंग व साफ-सफाई इत्यादि कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

डीएम ने मिल प्रबन्धन को निर्देश दिया कि मिल का मरम्मत कार्य शीघ्र-अतिशीघ्र गुणवत्तापूर्ण ढ़ग से पूर्ण कर लिया जाय ताकि मिल का संचालन निर्धारित तिथि से हो सके। साथ ही ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाय कि कृषकों को गन्ना आपूर्ति में किसी प्रकार समस्या न होन पाये। श्री त्रिपाठी ने मिल कार्मिकों का आहवान किया कि मिल के संचालन में गन्ना कृषकों एवं मिल के हितों को सर्वोपरि रखें।मिल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी द्वारा मिल के गत पेराई सत्र 2024-25 में प्राप्त तकनीकी परिणामों एवं आगामी पेराई सत्र 2025-26 हेतु स्वीकृत वार्षिक वित्तीय व्ययों पर नियन्त्रण व अनुशासन रखने, मितव्ययता/वित्तीय सुचिता को बनाये रखने के साथ-साथ वेतन एवं मजदूरी मद में नियमानुसार नियन्त्रण, स्वीकृत बजट के अन्दर निर्धारित लक्ष्यों के अनुपात आवश्यक कार्यवाही हेतु मिल अधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए आवयक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा श्रीमती मोनालिसा जौहरी, प्रधान प्रबन्धक, चीनी मिल, नानपारा श्रीमती ज्योति मौर्या, मुख्य अभियन्ता वीरेन्द्र कुमार, मुख्य रसायनविद गजेन्द्र सिंह, मुख्य लेखाकार गीतेन्द्र कुमार, मुख्य गन्ना अधिकारी गौरव द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर की मिलेगी सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला पूर्ति अधिकारी नगेन्द्र तिवारी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 02 निःशुल्क एल.पी.जी. सिलेण्डर रिफिल प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम चरण में माह अक्टूबर से दिसम्बर, 2025 तथा द्वितीय चरण में माह जनवरी, 2026 से मार्च, 2026 तक लाभार्थियों को 01-01 पूर्णतया निःशुल्क उज्ज्वला रिफिल गैस सिलेण्डर का वितरण कराया जाएगा।

प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत 1.85 करोड़ परिवारों को इस योजना के तहत आच्छादित किया जाएगा। सर्वप्रथम जिनके आधार प्रमाणित हैं ऐसे 1.23 करोड़ लाभार्थियों को निःशुल्क एल.पी.जी. रिफिल सिलेण्डर का वितरण किया जाएगा।उन्होनें बताया कि इसके उपरान्त जैसे-जैसे लाभार्थियों के आधार प्रमाणित होते जायेंगे, उसी क्रम में उन्हें निःशुल्क एल.पी.जी. रिफिल का वितरण किया जाएगा। आधार प्रमाणित कराने हेतु लाभार्थी को स्वयं सम्बन्धित गैस एजेन्सी से सम्पर्क करना होगा तथा लाभार्थियों के आधार प्रमाणित कराने हेतु सम्बन्धित गैस एजेन्सी द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जायेगा। निःशुल्क उज्ज्वला रिफिल सिलेण्डर प्राप्त करने हेतु लाभार्थी को पहले प्रचलित उपभोक्ता दर से सिलेण्डर के सम्पूर्ण धनराशि का भुगतान गैस एजेन्सी को करना होगा तथा 14.2 किग्रा0 एल.पी.जी. सिलेण्डर रिफिल दिये जाने के उपरान्त रिफिल की सम्पूर्ण धनराशि को सब्सिडी के रूप में लाभार्थी के आधार प्रमाणित खाते में 04-05 दिन के उपरान्त सम्बन्धित ऑयल कम्पनी द्वारा अन्तरित की जायेगी। डीएसओ श्री तिवारी ने जनपद के समस्त प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों से अपील की है कि जिन्होनें अभी तक अपना आधार प्रमाणीकरण नहीं कराया है प्रमाणीकरण कराकर निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर का लाभ उठाये।

## एसपी ने किया गोण्डा पुलिस लाइन में भूमि पूजन, बनेगी 12 मंजिला आवासीय बिल्डिंग

**यह परियोजना उत्तर प्रदेश शासन की एक महत्त्वपूर्ण योजना के अंतर्गत स्वीकृत की गई है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा पुलिस लाइन में शासन के द्वारा स्वीकृत बहुमंजिला आवास निर्माण कार्य का भूमि पूज न कर शुभारंभ किया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने परियोजना के उद्देश्य, निर्माण की गुणवत्ता तथा समयबद्ध पूर्णता के संबंध में संबं धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश प्रदान किए।

यह परियोजना उत्तर प्रदेश शासन की एक महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत स्वीकृत की गई है, जिसका निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग संस्था द्वारा चिन्मय कन्स्ट्रक्शन कम्पनी लखनऊ के माध्यम से कराया जा रहा है। इस परियोजना के तहत पुलिस लाइन में ग्राउंड फ्लोर सहित कुल 12 मंजिलों के चार टावरों का निर्माण किया जा रहा है।प्रत्येक फ्लोर पर चार आवासीय कमरे निर्मित किए जाएंगे, इस प्रकार कुल 192 आवास 1 बीएचके का निर्मा ण प्रस्तावित है।इस परियोजना की कुल अनुमा नित लागत 37 करोड़ 92 लाख रुपये निर्धा रित की गई है।पुलिस अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि इस आवास निर्माण परियोजना से पु लिस कर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी,जिससे उन्हें कार्य के दौरान सुविधा, सुरक्षा एवं स्थायित्व प्राप्त होगा।उन्होंने क हा कि आवासीय सुविधा का सीधा प्रभाव पुलि स कर्मियों के कार्य के प्रति समर्पण,मनोबल औ र कार्यकुशलता पर पड़ेगा, जिससे जनसेवा की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। पुलिस अधीक्षक महोदय ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता तथा समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के नि र्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक के द्वारा निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए टावरों की रूप रेखा,डिजाइन एवं आवासीय व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी ली गई तथा अधिकारि यों को निर्माण कार्य की प्रगति की नियमित मॉ निटरिंग के निर्देश भी दिए गए।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार राव त,प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक 17 अक्टूबर को

बहराइच । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जनपद में संचालित महत्वपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा हेतु 17 अक्टूबर 2025 को अपरान्ह 05:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## जिला उद्योग बन्धु की बैठक 16 अक्टूबर को

बहराइच । उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उद्यमियों, व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक माह आयोजित होने वाली जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति एवं एम.ओ.यू. से सम्बन्धित बैठक 16 अक्टूबर 2025 को पूर्वान्ह 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।

## पीएम सूर्य घर योजना में जनपद को ''ए'' श्रेणी में लाने का प्रयास करें अधिकारी: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं मुख्यमंत्री डैश बोर्ड की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि अब तक जनपद में माह सितम्बर 2025 तक 1513 संयंत्र स्थापित हो गये हैं। योजनान्तर्गत जनपद की रैंकिंग बी श्रेणी में है एवं जनपद बहराइच को कुल 08 अंक प्राप्त हुए हैं। डीएम ने जनपद को ए श्रेणी में लाने हेतु प्रगति में अपेक्षित सुधार लाने का निर्देश देते हुए माह अक्टूबर हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को 100-100 तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को 25 संयंत्र स्थापित कराये जाने का लक्ष्य आवंटित किया।पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अन्तर्गत अधिक से अधिक संयंत्रों की स्थापना के लिए डीएम ने सभासदों के साथ बैठक आयोजित कराये जाने का निर्देश दिया। डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मीटर की मासिक रीडिंग अंकित करते समय मीटर रीडर द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी प्रदान की जाय। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को सरकारी भवनों पर सोलर पावर प्लांट की स्थापना हेतु यूपीनेडा को निर्धारित प्रारूप पर प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। माह अक्टूबर 2025 में उक्त योजना के अंतर्गत 1856 का लक्ष्य निर्धारित है।मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने डीआईओएस, बीएसए व जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिया कि ज्यादा से ज्यादा बालिकाओं का पंजीकरण कराकर योजना से आच्छादित किया जाय। डीएम ने कहा कि कक्षा 01, 06 व 09 में पढ़ रही बालिकाओं की कटेगरी तय करके उनका फार्म भरवाया जाय। फैमिली आईडी की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि ऐसे विभाग जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों की संख्या अधिक हो वहां के अधिकारी, कर्मचारी अपना फैमिली आईडी बनवाये। डीएसओ को निर्देश दिये गये कि प्रत्येक खाद्यान्न वितरण की दुकानों पर अधिक से अधिक लोगों का फैमिली आईडी बनवाया जाय ताकि जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य को समय से पूर्ण कर लिया जाय।मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि जिन विभागों की प्रगति 'ए' श्रेणी से निम्न है उनके द्वारा प्रगति में सुधार लाने का प्रयास करें तथा ए श्रेणी में वाले विभाग 'ए' प्लस श्रेणी में आने का प्रयास करें और 'ए' प्लस वाले यथास्थिति को बनाये रखें।

# जन्मे हैं कृष्ण कन्हैया गोकुल में बाजे बधाइयां गीत पर झूम उठे श्रोता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

तिलोई अमेठी । क्षेत्र के गांव पूरे दान सिंह वैस शंकरगंज में ब्लाक प्रमुख तिलोई के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि जिसके ऊपर भगवान की कृपा होती है उसके ऊपर सभी कृपा करते हैं।महाराज अंग की कथा सुनाते हुये कथा व्यास ने कहा कि इनका बेटा वेन हुआ जो बहुत दुराचारी था जिससे परेशान होकर अंग अपने ही राज्य में एक गुफा में जाकर छिप गये इसलिये व्यक्ति को उत्तम संस्कारी संतान का निर्माण करना चाहिये अन्यथा बुढ़ापे में ऐसे ही रोना पड़ता है।महाराज पृथु की कथा सुनाते हुये कहा कि महाराज पृथु बडे ही धर्मात्मा राजा हुये जिनके प्रताप के कारण ही इस धरा का नाम पृथ्वी पड़ा, महाराज पृथु नें यज्ञ किया फलस्वरूप भगवान से दस हजार कान मांग लिया क्योंकि दो कानों से भगवान की कथा सुनने से मन नही भरता महाराज जीनें कहा कि जिन कानों से भगवान की कथा नहीं प्रवेश करती है वो कान सांप के बिल के समान है।सतत्कुमारों नें महाराज पृथु को उपदेश देते हुये कहा कि आत्म वस्तुओं से संग करो, महाराज पृथु तें दक्षिणा स्वरूप अपना सम्पूर्ण राज्म दान में दिया जिसे सनत्कुमारों नें स्वीकार करके पुनः महाराज पृथु को वापस दे दिया। कथा व्यास ने कहा कि जीवात्मा और परमात्मा में क्या सम्बन्ध है इसका ज्ञान होना चाहिये। ऋषभदेव की कथा सुनाते हुये महाराज जी नें बताया की यहीं से जैन मत का प्रारम्भ हुआ।कथा व्यास ने भगवान के हरि अवतार की कथा सुनाते हुये कहा कि यह संसार बनें का साथी है इसके बाद महाराज जी नें समुद्रमन्थन की कथा सुनाई है जब दैत्य अमृत लेकर भागने लगे तब भगवान ने मोहिनी अवतार लेकर सभी दैत्यों को मोहित कर लिया और सभी देवता अमृत पी गये।उन्होंने कहा कि जब घरती पर जरासंघ और कंस आदि आततायियों का आतंक बढ गया तब भगवान नें मथुरा में देवकी मां के गर्भ से कंस के जेल में हुआ फिर वसुदेव जी नें गोकुल में नंद बाबा के यहां ले जाकर पहुंचा दिया और पूरे नंद भवन में आनंद छा गया चारों तरफ बधाइयां गाई जाने लगी सम्पूर्ण नंदगांव आनंद में सराबोर हो गया। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और यजमान परिवार द्वारा पुष्पवर्षा की गई। जन्मे हैं आज कृष्ण कन्हैया गोकुल में आज बाजे बधाइयां पर पूरा पंडाल झूम उठा। आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र बिंदु रही।कार्यक्रम का संचालन धर्मेश मिश्रा ने किया। यजमान अर्चना सिंह कृष्ण कुमार सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया। श्रीमद भागवत के चतुर्थ दिवस पर समाज सेवी मनीष सिंह बाबूपुर गौरीगंज, धीरु सिंह द्वारा प्रसाद वितरित किया गया।इस मौके पर कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह,पूर्व विधायक तेजभान सिंह, राधेश्याम धोबी, मानधारा सिंह, गौरीगंज के ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह, बाबू तेज प्रताप सिंह,सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह, राम विलास सिंह,विपुल सिंह चौहान, अतुल शर्मा, धैर्यवान सिंह,अमन सिंह चौहान, राजेश विक्रम सिंह,अंकित पासी, डीएफओ रणवीर मिश्रा,खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी, राम किशन कश्यप, शीतला प्रसाद मिश्रा,सचिन सिंह,राम प्रसाद मिश्रा,सत्येन्द्र तिवारी, विवेक शुक्ला, जय शंकर त्रिवेदी, सोनू यज्ञसैनी,अश्वनी द्विवेदी, विकास सिंह,पंकज शुक्ला,हनुमंत सिंह, प्रमोद तिवारी, दिलीप शुक्ला, अभय सिंह चौहान, डॉ आयुषी सिंह,बीरेंद्र प्रताप सिंह, मुन्ना सिंह पिठला, श्याम बहादुर सिंह, देवी शरण बाजपेई,मनीष सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह उर्फ राम जी, बबलू सिंह,धीरु सिंह,भावना सिंह, अपूर्वा सिंह, अर्जिता सिंह, गरिमा सिंह, संध्या सिंह, शिवी सिंह,अर्चना शुक्ला, ज्योति सिंह सहित हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

**श्रीमद भागवत कथा पण्डाल में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर हुई पुष्पवर्षा**

**श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र बिंदु रही**

# रामलीला मेले में हुआ विराट कवि सम्मेलन और मुशायरा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।नगर में स्थित रामलीला ग्राउंड में मेले का आयोजन चल रहा है रामलीला मेले को लेकर विराट कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन कराया गया कार्यक्रम रविवार की रात्रि में शुरू होकर देर रात तक चलता इस दौरान काफी संख्या में लोग परिवार के साथ कवि सम्मेलन में पहुंचे और कवयित्रियों को सुना गया इसमें नामी गिरामी कवियों को बुलाया गया संयोजक मुकेश गुप्ता ने बताया कि कवि सम्मेलन में अजात शत्रु, जयंत शाह, योगेश चौहान, जीतेश राज, संजीव शशि, सुल्तान जहां, सरोज, नेहा मिश्रा, विकाश आर्य, अंबर मिश्रा के अलावा सारिका सरल कवि आदि शामिल रहे कवियों को आयोजकों व अतिथियों ने शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह व पटका पहनाकर सम्मानित किया कवि सम्मेलन की परंपरा को निभाते हुए उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह एवं तहसीलदार आशीष गुप्ता के निर्देशन में श्रीराम लीला मेला कमेटी पूरनपुर द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन एवं मुशायरा में श्रेष्ठ कवियों ने सुंदर व मनोहारी काव्यपाठ किया जिसके आयोजनकर्ता एडवोकेट मुकेश गुप्ता थे कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यायक बाबूराम पासवान, चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता,पंडित राम अवतार शर्मा,और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया देर रात तक चले इस कर्यक्रम की प्रशंसा करते हुए उप जिला अधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने कहा आयोजन बहुत ही शानदार रहा सभी कवि व कवयित्रियों ने अच्छा पढा इस मौके पर विद्यायक बाबूराम पासवान, एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, तहसीलदार और मेला कंट्रोलर आशीष गुप्ता, चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान,भाजपा नेता गुरुभाग सिंह, प्रफुल्ल मिश्रा, महेंद्र मिश्रा, संत बाबा राघव दास, संजय सक्सेना एडवोकेट, गौरव पांडे एडवोकेट, शिवराम सनाढ्य एडवोकेट,नवीन अग्रवाल, सौरभ पांडे, राधाकृष्ण कुशवाहा,मुकेश गुप्ता एडवोकेट, महेश आजाद,त्रिभुवन शर्मा, विशाल वर्मा,संजय मिश्रा, बजरंग दल, विजयपाल सिंह विक्की, डॉक्टर तेजू के अलावा नगर के सैकड़ों प्रमुख लोग मौजूद रहे हैं।

## पीलीभीत में 16 अक्टूबर को होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

पीलीभीत।साहित्य और कला की नगरी पीलीभीत में 16 अक्टूबर की शाम उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तत्वाधान में एक ऐतिहासिक आल इंडिया कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन किया जाएगा इसका शुभारंभ नकटादाना चौराहा स्थित बाल्टन क्लब मैदान में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि ज़िला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव रहेंगे।यह महफ़िल केवल अल्फाज़ों का संगम नहीं, बल्कि जज्बातों का मेला भी होगा, जहां राष्ट्रीय स्तर के दिग्गज कवि और शायर अपनी ओजस्वी कविताओं, हास्य व्यंग्य और दिल को छू लेने वाली ग़ज़लों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देंगे। कवि सम्मेलन ''शाम-ए-सुख़न'' नाम से आयोजित होगा, जिसमें डॉ. वसीम बरेलवी, डॉ. सर्वेश अस्थान, डॉ. अखिलेश मिश्रा, स्वयं श्रीवास्तव, पॉपुलर मेरठी, शबीना अदीब, अबरार काशिफ़, नदीम फ़र्रुख़, नदीम शाद, आदिल रशीद, शाइस्ता सना, मनिका दूबे, हिमांशी बाबरा और राहुल शर्मा जैसे नामचीन कवि और शायर भाग लेंगे।व्यापार मंडल ज़िला अध्यक्ष एम ए जिलानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में हज़ारों की संख्या में श्रोताओं की उपस्थिति होगी और प्रवेश एंट्री पास से होगा।

## अमरिया तहसील में फैला भ्रष्टाचार अधिवक्ता हड़ताल पर पेशकार के ट्रांसफर की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।अमरिया तहसील के पेशकार के खिलाफ अधिवक्ता हड़ताल पर अधिवक्ताओं ने डीएम को भेजे पत्र में कहा कि जनपद की तहसील में अमरिया में भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत की है।डीएम को भेजे पत्र में कहा कि का दिनांक 9 अक्टूबर को तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध शांतिपूर्ण धरने पर बैठे हैं। इसके चलते 10 अक्टूबर को उप जिलाधिकारी अमरिया ने बार के सम्मानित अधिवक्ता हबीब अहमद खा को अपने कार्यालय में वार्ता करने हेतु बुलाया था।वार्ता हो ही रही थी।तभी पेशकार राकेश कुमार कार्यालय में आकर बैठ गए और बिना किसी कारण के उप जिलाधिकारी के समझाने के बाद भी अधिवक्ता हबीब अहमद खा से अभद्रता करते हुए जोर-जोर से चिल्लाने लगा कि तुम धरना करके क्या कर लोग जैसा हम चाहेंगे वैसा ही अमरिया तहसील में होगा हमारे इशारे पर अमरिया तहसील चलेगी ना ही प्राइवेट कर्मचारी हटेंगे और ना ही किसी का पटल बदला जाएगा अधिवक्ता हबीब अहमद खान ने जैसे ही पेशकार राकेश कुमार का समझने का प्रयास का वैसे ही पेशकार राकेश कुमार आग बबूला हो गए और अपनी कुर्सी से खड़े हो गए तहसील में मौजूद सभी कर्मचारियों को बुला लिया और जबरदस्ती अधिवक्ता हबीब अहमद खान के साथ मारपीट पर उतारू हो गए तहसील के सभी कार्यालय बंद करने लगे शोर की आवाज सुनकर सभी अधिवक्ता और उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और भीड़ से बहुत मुश्किल से अधिवक्ता हबीब अहमद खान को बाहर निकाला पेशकार राकेश कुमार के विरुद्ध पूर्व में भी कई शिकायत है।जिनका मामला अभी भी चल रहा हैं।तहसील के अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा है।कि जब तक पेशकार राकेश कुमार का ट्रांसफर अमरिया तहसील से नहीं होगा तब तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य नहीं करेंगे पत्र में अध्यक्ष अमरिया बार एसोसिएशन एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमरिया बार एसोसिएशन के हस्ताक्षर है।

## कचहरी परिसर में अधिवक्ता पर जानलेवा हमला दो आरोपी गिरफ्तार एसपी ने लिया घटनास्थल का लिया जायजा

पीलीभीत।मंगलवार सुबह जिला न्यायालय परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब एक अधिवक्ता पर अचानक बांके से जान लेवा हमला हो गया। घटना में अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए जानकारी के अनुसार बीसलपुर में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता ओमपाल हत्या के एक मुकदमे में पेशी के लिए कोर्ट आए थे। उसी दौरान मुकदमे के दूसरे पक्ष के लोगों ने अचानक हमला कर दिया। घायल अधिवक्ता को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है। कि हमलावर कचहरी के पीछे खुले रास्ते से अंदर घुसे थे। और हथियार छिपाकर लाए थे।एसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया जाएगा।

# सीएचसी में इलाज न मिलने से महिला की मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लम्भुआ/सुल्तानपुर। लंभुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में मंगलवार सुबह महिला मरीज की इलाज के अभाव में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि करीब एक घंटे तक सीएचसी के बेड पर महिला दर्द में तड़पती रही। लेकिन कोई भी डॉक्टर उन्हें देखने नहीं आया। समय पर इलाज न मिलने से मरीज ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजनों ने सीएचसी अधीक्षक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सीएचसी में मौजूद कर्मचारियों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। इसके साथ ही सीएमओ को भी घटना की जानकारी दी। सीएमओ ने जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। तब जाकर परिजन शांत हुए। लापरवाही का आलम यह है कि महिला की मौत होने के बाद भी सीएचसी अधीक्षक मौके पर अब तक नहीं पहुंचे। जिसके बाद गुस्साए परिजनों व किसान संगठन ने सीएचसी के बाहर धरना देना शुरू कर दिया। मोमिना की बेटी आमिना किसान संगठन की सदस्य है। पूरा मामला सुलतानपुर स्थित लंभुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का है। जहां 65 वर्षीय मोमिना पत्नी सन्नाम खान का इलाज के अभाव में निधन हो गया। मृतका की बेटी आमना ने बताया कि मां (मोमिना) को घबराहट और बेचैनी की शिकायत थी। उनकी बेटी आमीना उन्हें सुबह 8 बजे सीएचसी लेकर आईं। अस्पताल में केवल गार्ड ही मौजूद था, डॉक्टर अनुपस्थित थे। बेटी ने मां को वार्ड में बेड पर लिटाया और डॉक्टर की तलाश में इधर-उधर दौड़ती रही। लगभग एक घंटे तक कोई डॉक्टर नहीं आया और इलाज के अभाव में मोमिना ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया।

आमीना ने बताया कि उन्होंने सीएचसी अनिल सिंह अधीक्षक को फोन किया, जिन्होंने एक बार फोन उठाया, लेकिन उसके बाद जवाब देना बंद कर दिया। आधे घंटे बाद दो स्टाफ पहुंचे, जांच की और चले गए। काफी देर बाद डॉक्टर आए और मोमिना को मृत घोषित किया। परिजनों ने कहा कि जब तक कोई वरिष्ठ अधिकारी नहीं आता, वे शव नहीं उठाएंगे। मृतका मोमिना के पति सन्नाम मुंबई में बेकरी में मजदूरी करते हैं। उनके चार पुत्र सद्दाम (30), हाशिम (27), कासिम (24), सैफ (19) और चार बेटियां - सोनी (34), अफरोज (20), सफरीना (15), नरगिस (28) हैं। गौरतलब है कि यह चार दिनों में लापरवाही का दूसरा मामला है, जिससे स्थानीय लोगों में स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्था पर चिंता और आक्रोश बढ़ गया है। सीएचसी में इलाज के अभाव में हुई महिला की मौत के मामले को भाकियू (आजाद हिंद) गुट ने मामले को लिया संज्ञान अस्पताल के सामने धरने में बैठे भाकियू आजाद हिंद के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात सिंह, अस्पताल में हुई लापरवाही पर कार्यवाही मांग मांग कर रहे हैं। महिला की डेड बॉडी अस्पताल में मौजूद है। परिजनों ने अस्पताल के स्टाफ पर लगाया लापरवाही का आरोप। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. भरत भूषण ने बताया कि यह प्रकरण संज्ञान में है। उन्होंने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध तमंचा के साथ दो युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जामो पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को एक तमंचा व तीन जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जामो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर बजाज पल्सर मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट सवार महेश कुमार पुत्र भगवती प्रसाद निवासी ग्राम पूरे नथई मिश्र मजरे सुखीबाजगढ़ थाना जामो,वीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ आकाश सिंह पुत्र जिमिराज सिंह निवासी पुरे गपाल सिंह कटारी थाना जामो जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।बजाज पल्सर बिना नम्बर प्लेट के कागज मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में महेश के कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस व वीरेन्द्र के कब्जे से दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ।इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

### अब चेहरा स्कैन कर लगाई जाएगी मनरेगा मजदूरों की हाजिरी

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मनरेगा मजदूरों की हाजिरी अब मोबाइल ऐप के माध्यम से चेहरा स्कैन कर लगाई जाएगी। यह व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा पारदर्शिता और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के उद्देश्य से लागू की जा रही है। अब मजदूरों को कार्य स्थल पर सुबह और शाम दो बार हाजिरी देनी होगी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मजदूर वास्तव में कार्य पर उपस्थित रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने बताया कि सुलतानपुर जिले में इस नई प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने सभी ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया है कि ल्लनेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम ऐप का प्रयोग करते हुए मजदूरों की हाजिरी कराई जाए। डीसी मनरेगा अजीत कुमार ने बताया कि जिले में कुल 2 7601 लाख से अधिक जॉब कार्डधारी मजदूर हैं। इनमें से लगभग 1.28 लाख मजदूरों को पहले चरण में फ़ेस अटेंडेंस सिस्टम में जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि अब हर साइट पर सुपरवाइज़र या मेट के पास स्मार्टफोन होगा, जिससे मजदूरों की उपस्थिति दिन में दो बार कृ सुबह कार्य शुरू होने से पहले और शाम कार्य समाप्ति के समय कृ चेहरा स्कैन कर दर्ज की जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य मनरेगा योजना में पारदर्शिता लाना और फर्जी हाजिरी व भुगतान में होने वाली गड़बड़ी पर अंकुश लगाना है। अधिकारियों के अनुसार, जिले में प्रतिदिन लगभग 1.89 लाख मजदूर कार्यरत रहते हैं। इस प्रणाली से न केवल हाजिरी सही ढंग से लगेगी बल्कि भुगतान भी समय पर हो सकेगा। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या और स्मार्टफोन की कमी जैसी चुनौतियाँ भी सामने आ रही हैं। सीडीओ अंकुर कौशिक ने बताया कि जिन स्थानों पर नेटवर्क कमजोर है, वहां वैकल्पिक समाधान के रूप में ऑफलाइन डेटा सिंक की सुविधा भी दी जाएगी ताकि मजदूरों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। डीसी मनरेगा अजीत कुमार ने कहा कि ल्लसरकार की यह पहल मनरेगा योजना को और अधिक पारदर्शी तथा जवाबदेह बनाएगी। सुलतानपुर में सभी बीडीओ और ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया है कि नई व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराया जाए।

### सोते समय युवक को सांप ने डसा

बल्दीराय/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना हलियापुर क्षेत्र के ग्राम पूरे बड़हरियन मेघमऊ में बीती रात घर के अन्दर सो रहे यूवक को जहरीले सांप ने डस लिया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना क्षेत्र के ग्राम मेघमऊ निवासी अजय पांडेय पुत्र शिव बरन पांडेय उम्र 45 वर्ष बीती रात्रि घर के कमरे में सो रहा था अचानक जहरीले सांपने उसे डस लिया यूवक की हालत गंभीर होने पर इलाज के लिये सौ शैय्या अस्पाताल पिठला ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने रिफर कर दिया। जिला अस्पाताल अयोध्या में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई युवक की मौत के बाद परिवार वालो का रो रो कर बुरा हाल है मृतक युवक के तीन पुत्र रिषभ उम्र 22 वर्ष सौरभ उम्र 18 वर्ष शान्तनु उम्र उम्र 15 वर्ष है। पुलिस ने शव को पीएम करवा कर परिवार वालो को सौंप दिया ग्रामीणो ने बताया घटना की सूचना लेखपाल को दी गई है।

## महिला उत्पीड़न के मामलों में संवेदनशीलता जरूरी : डॉ. प्रियंका मौर्या

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने तहसील गौरीगंज सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की जनसुनवाई की। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं अपनी शिकायतों के साथ उपस्थित हुईं। जनसुनवाई के दौरान डॉ. मौर्या ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यस्थल पर शोषण, संपत्ति विवाद, मानसिक उत्पीड़न जैसे गंभीर मामलों को व्यक्तिगत रूप से सुना और प्रत्येक शिकायतकर्ता को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महिला आयोग पूरी तरह समर्पित है। डॉ. मौर्या ने संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं, और उनका सशक्तिकरण तभी संभव है जब उन्हें न्याय, सुरक्षा और सम्मान मिले। जनसुनवाई के दौरान कुछ मामलों में मौके पर ही समाधान भी निकाला गया। कई मामलों में संबंधित पुलिस थानों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। वहीं, लंबित मामलों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई। डॉ. मौर्या ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत पर फॉलोअप कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और शिकायतकर्ता को उसकी जानकारी भी दी जाए। उन्होंने कहा कि डरने की जरूरत नहीं है। कानून आपके साथ है और महिला आयोग हर उस महिला के साथ खड़ा है जो किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का शिकार हो रही है। उन्होंने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी और उन्हें जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मौर्या ने यह भी कहा कि आयोग का उद्देश्य केवल सुनवाई करना नहीं, बल्कि पीड़िता को न्याय दिलाना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की शासन द्वारा संचालित योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए।

# लिटिल एंजेल्स स्कूल में चल रहे कबड्डी टूर्नामेंट का हुआ समापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।जनपद के प्रतिष्ठित लिटिल एंजेल्स स्कूल में आयोजित दो दिवसीय सीमा अग्रवाल मेमोरियल इंटर स्कूल कबड्डी टूर्नामेंट का समापन रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ।पहले सेमीफाइनल में गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्प्रिंगडेल कॉलेज को हराकर फाइनल में प्रवेश किया,वहीं दूसरे सेमीफाइनल में लिटिल एंजेल्स स्कूल ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए बेनहर गुरुकुल को मात दी।फाइनल मुकाबले में लिटिल एंजेल्स स्कूल और गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल की टीमों के बीच कड़ी टक्कर हुई। मुकाबले से पहले विद्यालय प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.सी. पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्ज्वल अग्रवाल, उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेड मिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा, अकाउंटेंट राजेश गंगवार तथा अतिथि कपिल देव अध्यक्ष जिला फुटबॉल एसोसिएशन, अभिजीत आनंद (को-फाउंडर, इफ्सा), हर्ष कंचन और आनंद मौर्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।टॉस के बाद शुरू हुए फाइनल में लिटिल एंजेल्स स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल को हराकर लगातार तीसरी बार खिताब अपने नाम किया।पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता और उपविजेता टीमों के साथ सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। विशेष पुरस्कारों में गर्वित गंगवार और हर्षित कौशिक को क्रमशः बेस्ट रेडर और बेस्ट डिफेंडर का खिताब मिला, जबकि ऑलराउंडर अवार्ड मयंक पटेल गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल को दिया गया।अंत में खेल शिक्षक प्रदीप राघव ने अतिथियों, विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया है।

### प्राथमिक विद्यालय में कई परीक्षाओं का हुआ आयोजन

पीलीभीत।प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में विद्यालय स्तरीय हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा की स्पेल बी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। हिंदी भाषा की श्रुतलेख प्रतियोगिता में कौशल राज और रेनू कुमारी, सुलेख प्रतियोगिता में ऋषभ और झलक वर्मा, हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कृष्णा और प्रांशी, कविता पाठ प्रतियोगिता में आकाश और झलक वर्मा तथा हिंदी निबंध प्रतियोगिता में कृष्णा और प्रांशी विजेता बने। इसी प्रकार अंग्रेजी भाषा की श्रुतलेख प्रतियोगिता में आकाश और रेनू कुमारी, सुलेख प्रतियोगिता में ऋषभ और पल्लवी, स्पेल बी में कौशल राज और सोनी, कविता पाठ प्रतियोगिता में आर्यन कुमार मौर्य और गुंजन तथा क्विज में पल्लव मौर्य और आयुषी सागर विजेता बने।सभी विजेताओं एवं अन्य प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# मां ने नवजात का गला दबाकर ली जान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कूरेभार/सुल्तानपुर। जिले में मंगलवार सुबह मां ने नवजात का गला दबाकर उसकी जान ले ली। इसके बाद उसे झोले में भरकर नदी में फेंकने जा रही थी तभी मौके पर मौजूद लोगों को शक हुआ। उन्होंने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। नवजात को तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामला गंभीर है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी और आरोपी महिला को जेल भेजने की प्रक्रिया चल रही है। महिला की 8 माह पहले ही तलाक हुई है। उसकी दूसरी बार शादी हुई थी। पति ने महिला पर गांव के कई लोगों से अवैध संबंध होने के आरोप लगाते हुए उसे तलाक दे दिया था। जानकारी के अनुसार, अयोध्या जिले की सीमा से लगे कूरेभार थाना क्षेत्र के जमोली गांव निवासी शहनाज ने सोमवार की रात घर पर ही नवजात बच्ची को जन्म दिया। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे वह बिना बताए घर से निकली और झोले में नवजात को रखकर ऑटो से करीब नौ किलोमीटर दूर बाबूगंज नहर के पास उतरी। जब ऑटो चालक आगे बढ़ गया, तो महिला ने मौका पाकर झोला नहर में फेंकने की कोशिश की। स्थानीय लोगों को उसकी हरकत संदिग्ध लगी और उन्होंने तुरंत दौड़कर उसे पकड़ लिया। इसके बाद सूचना द्वारिकागंज चौकी पुलिस को दी गई। चौकी इंचार्ज व पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जब पुलिस ने झोला खोला तो उसमें नवजात बच्ची मृत हालत में मिली। पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने नवजात को मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पारिवारिक पृष्ठभूमि में सूत्रों के अनुसार, शहनाज की दो शादियां हो चुकी हैं और दोनों से तलाक हो चुका है। उसकी पहली शादी आठ वर्ष पूर्व अयोध्या के मलेथू बुजुर्ग गांव में हुई थी। शादी के आठ माह बाद उसने बेटी अनम को जन्म दिया, जिसके बाद पति ने चरित्र पर शक करते हुए उसे तलाक दे दिया। कुछ साल बाद उसकी दूसरी शादी जाने बाजार क्षेत्र में हुई, लेकिन चरित्रहीनता के आरोपों के चलते यह रिश्ता भी टूट गया। तब से वह अपने मायके जमोली गांव में रह रही थी। बताया जा रहा है कि गांव में उसके कई लोगों से अवैध संबंध थे और बीती रात उसने इन्हीं संबंधों के चलते नवजात को जन्म दिया। अपने कुकर्म को छिपाने के लिए उसने बच्ची को मारकर नहर में फेंकने की कोशिश की। महिला की मां ने बताया कि वह सुबह खेत पर गई हुई थी और बेटी कब घर से निकली, उसे जानकारी नहीं है। पिता जुम्मन, जो राजगीरी का काम करते थे, की पांच वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है।

## बारह लाख रुपये के अवैध पटाखा के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी ।थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने दीपावली के त्यौहार पर अवैध तरीके से पटाखा का व्यवसाय करने वाले लोगों पर शिकंजा कसते हुये अवैध पटाखा भण्डारण एवं बिक्री करने वाले एक युवक को बारह लाख रुपये के पटाखों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर आगामी त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत अवैध पटाखों के निर्माण, भण्डारण, बिक्री एवं परिवहन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग हेतु क्षेत्र में मौजूद थी तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे क्रासिंग दादरा रोड के आगे गली में कपिल के मकान के अन्दर कुछ लोग पटाखों का भण्डारण किये हुए हैं तथा बेचते भी हैं। उक्त सूचना पर तत्काल मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर अवैध रूप से पटाखा भण्डारण किये हुये कपिल कुमार पुत्र जगप्रसाद निवासी वार्ड संख्या एक नगर पंचायत मुसाफिरखाना को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने ग्यारह प्लास्टिक की बोरियों व दो जूट की बोरियों में दस हजार अनार, चार प्लास्टिक की बोरियों में आठ मसताब, पांच प्लास्टिक की बोरियों में पांच हजार सुतली बम व बारह अदद कार्टन में विभिन्न कम्पनियों के बारह हजार पैकेट पटाखे, अतिशबाजी के साथ गिरफ्तार किया गया। पटाखा निर्माण व बिक्री करने का लाइसेंस मांगने पर दिखा नही सका।पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में कपिल कुमार ने बताया कि वह व उसके पड़ोसी अब्दुल गफ्फार उर्फ चमरू पुत्र नवाब अली,कयूम अली पुत्र नवाब अली,खलील अहमद पुत्र नवाब अली निवासीगण वार्ड संख्या एक नगर पंचायत एरिया मुसाफिरखाना थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी दीपावली में पटाखें बेचने के लिये लाये थे तथा सुतली बम का निर्माण वह सब लोग स्वयं मिलकर करते है जिसे उसके बंद पड़े मकान में रख दिया था और चोरी चुपके बेच भी रहे थे ।

## सम्पादकीय

# बड़े उद्योगों की जवाबदेही

लगातार ग्लोबल वार्मिंग संकट से जूझती दुनिया में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर नियंत्रण की दिशा में भारत सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता जतायी है। केंद्र सरकार के गत सप्ताह की शुरुआत में अधिसूचित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता लक्ष्य नियम, भारत में औद्योगिक प्रदूषण और पर्यावरणीय क्षरण रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा रहा है। इन नियमों ने कार्बन-प्रधान उद्योगों के लिये देश के पहले कानूनी रूप से बाध्यकारी उत्सर्जन न्यूनतम करने के लक्ष्य निर्धारित किए हैं। ऐसे में, जो उत्पादन इकाइयां अपने निर्धारित लक्ष्य से कम कार्बन का उत्सर्जन करती हैं, वे व्यापार योग्य कार्बन क्रेडिट प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकती हैं। वहीं दूसरी ओर निर्धारित लक्ष्य से अधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाली इकाइयों को भारतीय कार्बन बाजार से समतुल्य क्रेडिट खरीदना होगा या फिर जुर्माना देने को बाध्य होना होगा। दरअसल, एल्युमीनियम, सीमेंट, लुगदी एवं कागज आदि क्षेत्रों की 282 औद्योगिक इकाइयों को 2023-24 के आधार रेखा स्तर से अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि पहले अनुपालन चक्र में कुछ बड़ी कंपनियां शामिल हैं, जिसमें वेदांता, हिंडाल्को, नाल्को और बाल्को द्वारा संचालित एल्युमीनियम स्मेल्टर और अल्ट्राटेक, डालमिया, जे.के सीमेंटे,श्री सीमेंट और एसीसी के स्वामित्व वाले बड़े सीमेंट संयत्र शामिल हैं। निश्चित रूप से केंद्र सरकार ने एक सख्त संदेश दिया है कि बड़े औद्योगिक घरानों को हरित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये अनुकरणीय उदाहरण पेश करना होगा। यदि ये ताकतवर बड़े घराने हरित लक्ष्यों की पूर्ति के लिये सार्थक पहल करते हैं तो आम लोगों को भी उससे प्रेरणा मिलेगी। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक देश है। जिसमें चीन पहले और अमेरिका दूसरे स्थान पर है। निस्संदेह, नये नियम, जो उद्योगों को उत्सर्जन कम करने के लिये प्रोत्सहित करते हैं, उनके औद्योगिक प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार ऊ़र्जा दक्षता योजना पर आधारित हैं। जिसने ऊ़र्जा-बचत के लक्ष्य निर्धारित किए। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिसे दंड लगाने और समयबद्ध निगरानी व वसूली का काम सौंपा गया है, को कानूनी ढांचे के अनुसार सख्ती से कार्य करने की आवश्यकता है। इस बाबत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को बड़े औद्योगिक दिग्गजों के प्रतिरोध के लिये पूरी तरह तैयार रहना चाहिए। यह बात उत्साहजनक है कि भारत ने इस वर्ष पहली छमाही में पहले से कहीं अधिक सौर और पवन ऊ़र्जा का उत्पादन किया। जबकि इस अवधि के दौरान भारत के बिजली क्षेत्र में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में साल-दर-साल आधार पर एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। मानवीय गतिविधियों से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसों को जलवायु परिवर्तन का सबसे अहम कारक माना जाता है। हमारा देश, जिसने इस वर्ष ही जलवायु प्रभाव संबंधी आपदाओं की बाढ़ देखी है, को स्वच्छ ऊ़र्जा को बढ़ावा देने के लिये युद्ध स्तर पर प्रयास करना चाहिए। निस्संदेह, सतत विकास - जलवायु के प्रति संवेदनशीलता कार्बन-तटस्थ भविष्य की ओर बढ़ने के अनुरूप होना चाहिए।

केंद्र सरकार के गत सप्ताह की शुरुआत में अधिसूचित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता लक्ष्य नियम, भारत में औद्योगिक प्रदूषण और पर्यावरणीय क्षरण रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा रहा है। इन नियमों ने कार्बन-प्रधान उद्योगों के लिये देश के पहले कानूनी रूप से बाध्यकारी उत्सर्जन न्यूनतम करने के लक्ष्य निर्धारित किए हैं।

# विश्वास का वैश्विक सेतु और व्यापारिक समरसता का आधार

विश्व मानक दिवस उन हजारों विशेषज्ञों और कर्मयोगियों को सम्मान देने का भी अवसर है जो अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में बैठकर विश्व के हित में ऐसे मानक तय करते हैं और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के निर्माण और कार्यान्वयन में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और सुरक्षा के साथ-साथ जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मानकीकरण की भूमिका पर ज़ोर देना है, जो सबके लिए समान हों, निष्पक्ष हों और मानवता की सुरक्षा और प्रगति के लिए हों। यह दिवस 1946 में हुई पहली बैठक की याद में मनाया जाता है, जिसमें 25 देशों के प्रतिनिधि लंदन में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन की स्थापना के लिए एकत्र हुए थे, जो मानकीकरण पर अपने प्रयासों को केंद्रित करेगा। हालाँकि अगले वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन का गठन किया गया था, लेकिन पहला विश्व मानक दिवस 1970 में ही मनाया गया। विश्व मानक दिवस का उद्देश्य जनता को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक करना है। अर्थात स्वास्थ्य सेवा से लेकर तकनीक तक, लगभग हर क्षेत्र के उत्पादों और सेवाओं में सुरक्षा, विश्वसनीयता और गुणवत्ता। 2025 की थीम 'सहयोग' है, जो प्रगति को संभव बनाने के लिए साझेदारी के महत्व को दर्शाती है। यह सहयोग की शक्ति और इस विश्वास का प्रमाण है कि हम अपने-अपने हिस्सों के योग से भी अधिक शक्तिशाली हैं। साथ मिलकर काम करके, हम लोगों को स्थिरता की चुनौतियों का सीधा सामना करने के लिए वास्तविक समाधानों से सशक्त बना रहे हैं। इसके अतिरिक्त, भारतीय मानक ब्यूरो ने इस वर्ष की थीम को 'सतत विकास लक्ष्यः लक्ष्य प्राप्ति में सामूहिक साझेदारी' के रूप रखा है। एक बेहतर विश्व निर्माण के लिए साझा दृष्टिकोण का विशेष महत्व है, इस दिवस को मनाने का लक्ष्य उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान देना और उपभोक्ताओं, नियामकों और उद्योग के बीच मानकीकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

विश्व मानक दिवस प्रत्येक वर्ष 14 अक्तूबर को मनाया जाता है। यह दिवस उस अदृश्य व्यवस्था का उत्सव है जो हमारे जीवन, उद्योग, व्यापार और सुरक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करती है। मानकीकरण केवल कोई तकनीकी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह विश्वसनीयता, सुरक्षा, पारदर्शिता और आपसी सहयोग की ऐसी बुनियाद है जो मानव जीवन की सहजता और स्थिरता का आधार बनती है। इस दिवस का उद्देश्य यह स्मरण कराना है कि किसी भी उत्पाद, सेवा या व्यवस्था की उपयोगिता तभी टिकाऊ और भरोसेमंद हो सकती है जब उसमें निर्धारित मानक और गुणवत्ता की कसौटी कायम हो। विश्व मानक दिवस उन हजारों विशेषज्ञों और कर्मयोगियों को सम्मान देने का भी अवसर है जो अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में बैठकर विश्व के हित में ऐसे मानक तय करते हैं और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के निर्माण और कार्यान्वयन में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और सुरक्षा के साथ-साथ जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मानकीकरण की भूमिका पर ज़ोर देना है, जो सबके लिए समान हों, निष्पक्ष हों और मानवता की सुरक्षा और प्रगति के लिए हों। यह दिवस 1946 में हुई पहली बैठक की याद में मनाया जाता है, जिसमें 25 देशों के प्रतिनिधि लंदन में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन की स्थापना के लिए एकत्र हुए थे, जो मानकीकरण पर अपने प्रयासों को केंद्रित करेगा। हालाँकि अगले वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन का गठन किया गया था, लेकिन पहला विश्व मानक दिवस 1970 में ही मनाया गया। विश्व मानक दिवस का उद्देश्य जनता को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक करना है। अर्थात स्वास्थ्य सेवा से लेकर तकनीक तक, लगभग हर क्षेत्र के उत्पादों और सेवाओं में सुरक्षा, विश्वसनीयता और गुणवत्ता। 2025 की थीम 'सहयोग' है, जो प्रगति को संभव बनाने के लिए साझेदारी के महत्व को दर्शाती है। यह सहयोग की शक्ति और इस विश्वास का प्रमाण है कि हम अपने-अपने हिस्सों के योग से भी अधिक शक्तिशाली हैं। साथ मिलकर काम करके, हम लोगों को स्थिरता की चुनौतियों का सीधा सामना करने के लिए वास्तविक समाधानों से सशक्त बना रहे हैं। इसके अतिरिक्त, भारतीय मानक ब्यूरो ने इस वर्ष की थीम को 'सतत विकास लक्ष्यः लक्ष्य प्राप्ति में सामूहिक साझेदारी' के रूप रखा है। एक बेहतर विश्व निर्माण के लिए साझा दृष्टिकोण का विशेष महत्व है, इस दिवस को मनाने का लक्ष्य उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान देना और उपभोक्ताओं, नियामकों और उद्योग के बीच मानकीकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। आज जब वैश्वीकरण, तकनीकी तीव्रता, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य संकट और आपूर्ति श्रृंखला जैसी जटिल चुनौतियाँ सामने हैं, तब मानकीकरण का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। मानक ही वह भाषा हैं जिनसे विश्व के देश एक-दूसरे को समझ पाते हैं। जब कोई वस्तु या सेवा एक निश्चित मानक के अनुरूप होती है, तो उसे किसी भी देश में स्वीकार किया जा सकता है। इससे व्यापार सहज होता है, उपभोक्ता का भरोसा बढ़ता है और देशों के बीच परस्पर निर्भरता मजबूत होती है। यही कारण है कि मानकीकरण को विश्व व्यापार की आत्मा कहा जाता है। इससे केवल आर्थिक लाभ नहीं होता, बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता, सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन को भी सुनिश्चित करता है। विश्व मानक दिवस के इस सन्देश के विपरीत आज की राजनीति में कई बार ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं जो विश्व व्यापार और आपसी सहयोग की भावना को कमजोर करते हैं। अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अपनाई जा रही अतिशयोक्ति पूर्ण टैरिफ नीति इसका उदाहरण है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रतिस्पर्धा के नाम पर आयातित वस्तुओं पर भारी शुल्क लगाकर एक प्रकार से व्यापार युद्ध का वातावरण बना दिया है। यह नीति केवल व्यापारिक हितों को नहीं बल्कि वैश्विक संतुलन को भी प्रभावित कर रही है। टैरिफ की यह दीवारें देशों के बीच अविश्वास बढ़ाती हैं, कीमतों में वृद्धि करती हैं और आपूर्ति श्रृंखला को असंतुलित करती हैं। आयातित वस्तुओं की लागत बढ़ने से उपभोक्ताओं को अधिक कीमत चुकानी पड़ती है, उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ती है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की गति धीमी पड़ जाती है। विश्व व्यापार संगठन ने पहले ही चेताया है कि ऐसी टैरिफ नीतियाँ वैश्विक व्यापार वृद्धि को घटा रही हैं और निवेशकों में अस्थिरता पैदा कर रही हैं। टैरिफ केवल कर या शुल्क नहीं होते, वे राष्ट्रों के बीच विश्वास का संकेत भी होते हैं। जब कोई देश बार-बार अपने आर्थिक हितों की आड़ में ऊँचे शुल्क लगाता है, तो अन्य राष्ट्र प्रतिकार के रूप में अपने दरवाज़े बंद करने लगते हैं। परिणाम यह होता है कि जो विश्व पहले एक साझा बाज़ार की ओर बढ़ रहा था, वह फिर से सीमाओं और अविश्वास की जंजीरों में बँधने लगता है। ऐसे में विश्व मानक दिवस यह सन्देश देता है कि दुनिया को जोड़ने का वास्तविक माध्यम व्यापारिक शुल्क नहीं बल्कि मानकीकरण है। मानक देशों को एक साझा धरातल प्रदान करते हैं, जहाँ उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा का विश्वास इतना मजबूत होता है कि किसी अतिरिक्त शुल्क या रोक की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। मानकीकरण दरअसल विश्वास का पुल है जो सीमाओं के आर-पार लोगों, वस्तुओं और विचारों को जोड़ता है। जब एक देश दूसरे देश के मानकों को स्वीकार करता है, तो यह आपसी सम्मान और पारदर्शिता का प्रतीक होता है। इसी प्रक्रिया से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सरलता आती है, सुरक्षा और गुणवत्ता की गारंटी मिलती है और उपभोक्ता हित सुरक्षित रहते हैं। मानकीकरण की यह प्रक्रिया न केवल औद्योगिक या व्यापारिक है बल्कि यह मानवीय भी है। इसके मूल में समानता, निष्पक्षता और सहयोग की भावना निहित है। यह वह दर्शन है जो कहता है कि विश्व एक परिवार है और सबकी भलाई में ही अपनी भलाई है। अतः जब कोई राष्ट्र टैरिफ या प्रतिबंधों की दीवार खड़ी करता है, तो वह इस वैश्विक परिवार के बीच विभाजन की रेखा खींचता है। मानक उन रेखाओं को मिटाते हैं और संबंधों को जोड़ते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि मानकीकरण केवल औद्योगिक मंच तक सीमित न रहे, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय नीति का भी आधार बने। विश्व के सभी देश मानकों के निर्धारण में समान भागीदारी करें ताकि कोई भी राष्ट्र या कंपनी इस प्रक्रिया पर वर्चस्व न जमा सके। छोटे और विकासशील देशों को भी अंतरराष्ट्रीय मानक संस्थाओं में समान अवसर मिले ताकि वे अपने उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से वैश्विक व्यापार में समान रूप से शामिल हो सकें। इसके साथ ही प्रमाणन प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना आवश्यक है ताकि छोटे उद्योग भी मानक के अनुरूप अपने उत्पादों को विश्व स्तर पर प्रस्तुत कर सकें। विश्व मानक दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि मानवता की प्रगति केवल आर्थिक शक्ति में नहीं बल्कि उस सहयोग और विश्वास में है जो मानकीकरण के माध्यम से संभव होता है। अतिशयोक्ति पूर्ण टैरिफ जैसी नीतियाँ क्षणिक राजनीतिक लाभ तो दे सकती हैं, पर वे विश्व के समन्वित विकास और आपसी विश्वास को नष्ट करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी राष्ट्र मानकीकरण की भावना को अपनाएँ और विश्व व्यापार को किसी प्रतिस्पर्धा या प्रतिशोध का माध्यम न बनाकर साझेदारी और साझा उन्नति का माध्यम बनाएँ। मानकीकरण ही वह अदृश्य तंतु एवं बुनियादी आधार है जो दुनिया को एकजुट रखता है। यह न केवल उत्पादन और व्यापार में गुणवत्ता लाता है बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में विश्वसनीयता और सुरक्षा का भाव जगाता है। विश्व मानक दिवस इस विचार का प्रतीक है कि जब तक हम समान मानकों और साझा मूल्यों से नहीं जुड़ते, तब तक विश्व की एकता अधूरी है। इसलिए इस दिवस पर यह संकल्प लिया जाना चाहिए कि हम ऐसी नीतियों से दूर रहें जो विभाजन उत्पन्न करें, और मानकीकरण की उस साझा राह पर चलें जो सबके लिए विश्वास, सुरक्षा और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। संपूर्ण मानक प्रणाली सहयोग पर आधारित है। - ललित गर्ग

# संविधान की दुहाई और अराजकता का खेल

डॉ. सुधाकर आशावादी

देश में नकारात्मक शक्तियों के लिए हर घटना में जातीय विद्वेष तलाशना भी फैशन बन गया है। घटना कोई भी हो, किसी भी गरिमामय पद की जाति खंगालकर व्यक्ति के मान अपमान को जातीय मान अपमान से जोड़कर सड़कों पर उतरने में नकारात्मक शक्तियों को देर नहीं लगती।

देश का दुर्भाग्य है, कि सामूहिक रूप से राष्ट्र को समृद्ध बनाने के प्रयास की जगह जनमानस को जाति, धर्म, पंथ, भाषा, क्षेत्र के नाम पर लड़ाकर राजनीतिक दल देश में अराजकता का वातावरण बनाने पर तुले हैं। उन्हें देश में कुछ भी सकारात्मक दिखाई नहीं देता। जन साधारण के लिए रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था में जुटे सरकारी प्रयास दिखाई नहीं देते। आम आदमी के जीवन यापन का स्तर पूर्व की अपेक्षा उन्नत होता हुआ दिखाई नहीं देता। यदि विघटन के बीज बोने वाले चंद लोग सच को स्वीकार करना सीख जाते, तो कदाचित देश के प्रति उनका दृष्टिकोण सकारात्मक होता, किन्तु ऐसा नहीं है। जिनके मुँह का स्वाद बरसों पहले छूट चुका है, वे सत्ता के बिना जल बिन मछली, नृत्य बिन बिजली सरीखे छटपटा रहे हैं तथा देश विदेश में जाकर भारत को बदनाम करने के साथ साथ देश की जनता को बरगलाकर सड़कों पर अराजकता फ़ैलाने के लिए उकसा रहे हैं। बहरहाल लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर अराजकता का जो नंगा नाच आजकल किया जा रहा है, वह किसी से छिपा नहीं है। सब कुछ व्यवस्थित ढंग से चलते हुए यकायक ऐसे घटनाक्रम सामने आ जाते हैं, जिनसे नकारात्मक और राष्ट्र विरोधी तत्वों को देश में अराजकता फ़ैलाने का अवसर मिल जाता है। ये अवसर किसी षड्यंत्र के तहत प्राप्त किए जाते हैं या हर घटना को अराजकता फ़ैलाने का अवसर बनाया जाता है, यह जांच का विषय हो सकता है। देश में नकारात्मक शक्तियों के लिए हर घटना में जातीय विद्वेष तलाशना भी फैशन बन गया है। घटना कोई भी हो, किसी भी गरिमामय पद की जाति खंगालकर व्यक्ति के मान अपमान को जातीय मान अपमान से जोड़कर सड़कों पर उतरने में नकारात्मक शक्तियों को देर नहीं लगती। सियासी तत्व जैसे ऐसे अवसरों की ताक में अपनी पूरी टीम के साथ तैयार बैठे रहते हैं, कि कब कोई किसी के लिए अपशब्द कहे या अभद्र और आपत्तिजनक आचरण करे और कब वे घटना के तिल को ताड़ बनाकर सड़क पर अराजकता फैलाकर व्यवस्था को बदनाम करें और समाज को विघटित करने के मंसूबों को पूरा करने के लिए तत्पर रहें। रोजी रोटी की तलाश में जुटे अधिकांश लोगों को चाहे वे किसी भी धर्म, सम्प्रदाय, जाति व क्षेत्र से जुड़े हों, विघटनकारी तत्वों से कोई सरोकार नहीं होता, फिर भी चंद लोगों द्वारा फैलाई जाने वाली अराजकता समाज में वैमनस्य को बढ़ावा देने आधार बनती है। विडंबना यही है, कि संविधान की दुहाई देने वाले लोग स्वयं संविधान का आदर नहीं करते। संविधान को अपनी जेब में लेकर घूमने वाले लोग सड़कों पर अराजकता कौन से संविधान के अनुरूप फैलाते हैं, यह स्वयं में बड़ा सवाल है। कौन नहीं जानता कि लोकतंत्र में संविधान सर्वोपरि होता है, संविधान सभी के समानाधिकार की बात करता है, वह शाब्दिक आचरण से किसी को भी किसी की भावना आहत करने की आजादी प्रदान नहीं करता। वह तर्क आधारित व्यवस्था का सम्मान करता है। विचारों की लड़ाई विचारों से लड़ने को मान्यता प्रदान करता है, न कि समाज में जातीय विद्वेष को बढ़ावा देकर समाज में नफरत के बीज बोकर। समय आ गया है कि जाति के नाम पर विद्वेष उत्पन्न करने वाले तत्वों को राष्ट्र द्रोह का दोषी मानते हुए कठोर दंड का प्रावधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही संविधान की दुहाई देकर संविधान का मखौल उड़ाने वाले तत्वों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि कोई संविधान के नाम पर देश में अराजकता फ़ैलाने का दुस्साहस न कर सके।

## सेहत मंत्र

# जरूरत से ज्यादा विटामिन 'इ' लेने से टूट सकती हैं आपकी हड्डियां

हमने हमेशा सुना है कि विटामिन ए का सेवन हड्डियों, दांतों और आंखों के लिए बहुत जरूरी है। इस बात को देखते हुए लोग ज्यादा मात्रा में विटामिन ए युक्त चीजों का सेवन करते हैं लेकिन जरूरत से ज्यादा विटामिन ए हड्डियों के लिए हानिकारक है। इसकी अधिकता से हड्डियों के टूटने का खतरा बढ़ जाता है। **कम होता है हड्डियों का घनत्व** : जर्नल ऑफ एंडोक्राइनोलॉजी में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक चूहों पर किए गए एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि इंसानों में विटामिन ए की प्रतिदिन खुराक (आरडीए) से 4.5 से 13 गुना ज्यादा एवं निरंतर सेवन से हड्डियों में बहुत ज्यादा कमजोरी आ जाती है। इस बारे में स्वीडन यूनिवर्सिटी ऑफ गोथनबर्ग के अनुसंधानकर्ताओं ने लोगों को अपने आहार में विटामिन ए युक्त आहार शामिल करने को लेकर सतर्क होने की सलाह दी है। ज्यादा मात्रा में खाया गया विटामिन ए हड्डियों के घनत्व को खत्म कम करने लगता है। **कई जैविक प्रक्रियाओं में जरूरी**: शारीरिक विकास, प्रतिरोधक



क्षमता की कमजोरी दूर करने,अंगों के सही ढंग से काम करने सहित कई तरह की जैविक प्रक्रिया में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। **शरीर विटामिन ए बनाने में अक्षम**: हमारे शरीर विटामिन ए बनाने में अक्षम है लेकिन खाद्य पदार्थों, दूध और दूध से बने आहार, हरी सब्जियों आदि में यह पाया जाता है। जो शरीरिक जरूरतों को पूरा करने में पर्याप्त है। **अतिरिक्त पदार्थ पहुंचाता है नुकसान**: कुछ लोग जरूरत से ज्यादा विटामिन ए युक्त आहार खाते हैं। जिसकी शरीर में अधिकता से हड्डियों को नुकसान पहुंच सकता है।

## धर्म मंत्र

### कामाख्या मंदिर : देवी मां का इकलौता ऐसा मंदिर, जहां दसों महाविद्या हैं विराजित

गुवाहाटी के कामाख्या शक्तिपीठ में देवी मां 64 योगिनियों और दस महाविद्याओं के साथ विराजित हैं। ये दुनिया की इकलौती शक्तिपीठ है, जहां दसों महाविद्या- भुवनेश्वरी, बगला, छिन्नमस्तिका, काली, तारा, मातंगी, कमला, सरस्वती, धूमावती और भैरवी एक ही स्थान पर विराजमान हैं। कामाख्या शक्तिपीठ गुवाहाटी (असम) के पश्चिम में 8 कि.मी. दूर नीलांचल पर्वत पर है। माता के सभी शक्तिपीठों में से कामाख्या शक्तिपीठ को सर्वोत्तम माना जाता है। देवी पुराण के अनुसार माता सती ने अपने पिता के यज्ञ कुंड आत्मदाह कर लिया था। इसके बाद भगवान शिव माता के शरीर को उठाकर विनाश नृत्य करना आरंभ कर दिया था। शिवजी के तांडव की वजह से संपूर्ण सृष्टि के विनाश का संकट खड़ा हो गया है। इस संकट को दूर करने के लिए भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र की मदद देवी सती की देह के टुकड़े-टुकड़े कर किए। जहां-जहां सती के शरीर के अंग गिरे, वो स्थान शक्तिपीठ बन गए। कामाख्या शक्तिपीठ पर माता सती का गुह्वा मतलब योनि भाग गिरा था। इस कारण कामाख्या महापीठ की उत्पत्ति हुई। कहा जाता है यहां देवी का योनि भाग होने की वजह से साल में एक बार तीन दिन के लिए माता रजस्वला होती हैं। इस दौरान यहां अम्बूवाची मेला आयोजित होता है। ये मेला हर साल जून में लगता है। इन तीन दिनों में मंदिर को बंद कर दिया जाता है। तीन दिनों के बाद मंदिर को बहुत ही उत्साह के साथ खोला जाता है। अम्बुबासी मेला को अम्बुबाची नाम से भी जाना जाता है। अम्बुवाची शब्द अंबु और बाती दो शब्दों के मेल से बना है जिसमें अंबु का अर्थ है पानी जबकि बाची का अर्थ है उतफूलन।

## पर्यटन



# भारत में बसे हैं ये छोटे-छोटे मिनी आइलैंड

आइलैंड में छुट्टियां बिताने की बात हो तो लोग विदेशी कंट्री में ही जाना पसंद करते है। मगर भारत में भी ऐसे कई आइलैंड है, जिसे देखने के लिए आप विदेश जाने का ऑफर भी छोड़ दें। पहाड़ों और पानी से घिरे इन खूबसूरत आइलैंड को देखने के बाद आप बार-बार यहां आना चाहोगे। तो चलिए जानते हैं भारत के कुछ ऐसे खूबसूरत आइलैंड के बारे में जहां आप अपनी छुट्टियां यादगार बना सकते हैं। 1. अंडमानः अंडमान आइलैंड के चारों तरफ फैली शांति और खूबसूरती किसी जन्नत से कम नहीं। भीड़भाड़ से दूर छुट्टियां एंजॉय करने के लिए यह बेस्ट प्लेस है। 2. लक्ष्यद्वीपः अरब सागर में बसे इस आइलैंड की खूबसूरत जंगल, पाम ट्री और नारियल के पेड़ टूरिस्ट और अपनी ओर आकर्षित करते हैं। अक्टूबर से मई तक यहां जाने का सबसे सही समय है। 3. दीवः समुद्र के खूबसूरत नजारों के अलावा यहां देखने के लिए खूबसूरत मंदिर, चर्च और म्यूजियम भी हैं। इसके अलावा आप इस आइलैंड में पुर्तगाली संस्कृति की झलक देख सकते हैं। 4. सेंट मेरीः यह कर्नाटक में छोटे-छोटे द्वीपों का एक समूह है। मेपल से नाव लेकर 15 मिनट में यहां पहुंचा जा सकता है। यहां का कोकोनट गार्डन देखने दूर-दूर से टूरिस्ट्स आते हैं। 5. दमनः पुरानी इमारतें, नदियां, झरने, समुद्र का किनारा और यहां खूबसूरत नजारे इस आइलैंड को खास बनाते हैं। इसके अलावा घूमने के लिए दमनगंगा, मोती बीच, देविका बीच और जैमपोरे बीच भी है। आप यहां किसी भी मौसम में घूमने के आ सकते हैं। 6. निकोबारः सितंबर-अक्टूबर में घूमने का प्लान बना रहे हैं तो इसके लिए आप निकोबार द्वीपसमूह में भी जा सकते हैं। यहां की वॉटर एक्टिविटी आपके ट्रिप को रोमांच से भर देगी। वहीं, यहां की खूबसूरती और शांति आपकी छुट्टियों को सुकून भरी बनाएगी। 7. बारातांग आइलैंडः बारातांग आइलैंड में लाइम स्टोन की गुफाओं को देखने का अनुभव आप भी कभी नहीं भूल पाएंगे। सितंबर से अक्टूबर के बीच तो इसकी खूबसूरती और भी बढ़ जाती है।

# क्विज प्रतियोगिता में बालिकाओं की बल्ले बल्ले, मिर्ज़ा ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौली गौसपुर बाराबंकी।श्री सुंदरलाल महाविद्यालय औरेला सैदनपुर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित खंड स्तरीय क्विज में कक्षा 6 से 8 तक के छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिता में चयनित पांच प्रतिभागियों हर्षिता मरकामऊ पलक व मोहन डूडी पल्लवी दानापुर शुक्ल व दिवाकर सिरौलीगौसपुर को खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा ने प्रशस्ति पत्र व उपहार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया।बीईओ फिजा मिर्ज़ा ने कहा कि गणित और विज्ञान केवल विषय नहीं, बल्कि खोज और नवाचार की दिशा में पहला कदम हैं।कार्यक्रम में नवीन मिश्रा अर्चना मिश्रा दिलीप तिवारी संजीव मिश्रा अरुण वर्मा मनीष बैसवार अंकित जायसवाल अनूप अवस्थी दीपक कुमार और सूरज वर्मा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# मिसाइल मैन को भावभीनी श्रद्धांजलि



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जन्म जयंती पर पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल को सिटी बाजार स्थित ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज कार्यालय में भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अब्दुल कलाम साहब को खिराज ए अक़ीदत पेश करते कहा कि उन्होंने कहा कि अब्दुल कलाम साहब पसमांदा समाज के थे कलाम साहब के मसऊदी के विचार आज भी युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।इस अवसर पर कमाल अंसारी, नसीम ख़ान, मुस्तकीम मलिक, नईम सिद्दीकी, महमूद चौधरी, अरमान राईन, मो. अयूब क्रांति, मो. इमरान, जावेद राईन, मुख्तार अहमद, मुसीर राईन, गुलजार कुरैशी, अशफाक राईन, मो. नदीम, रिजवान राईन, निसार राईन, गुफरान राईन, अब्दुल्ला राईन, मो. शाहरुख, हारून राईन, मो. आमिर, सब्बू राईन, सलमान राईन, मो. सलमान, रिजवान अहमद, रऊफ राईन, इकराम राईन, खलील राईन, मो. आसिफ़, मो. रियाज़, इस्लामुद्दीन राईन, मो. आबिद, राजू राईन, हाजी अहमद राईन आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय गोशालाओं का औचक निरीक्षण, परखी व्यवस्था



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। रामसनेहीघाट में मंगलवार को तहसील प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में स्थित गोशालाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने गोशालाओं में साफ-सफाई और हरे चारे की व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश दिए। न्यायिक उप जिलाधिकारी आकांक्षा गुप्ता और नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने अहमदपुर गोशाला का निरीक्षण किया, जबकि तहसीलदार शशांक उपाध्याय ने बठौली गोशाला का निरीक्षण किया। इसके अलावा, बाबा का पुरवा मालिनपुर में मुख्यमंत्री संदर्भ का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने चारे का स्टाक रजिस्टर, जानवरों की संख्या की जानकारी की गई।लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# पत्नी के साथ मेला गया व्यक्ति की संदिग्ध दशा में मिला शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। पत्नी और बच्चों के साथ मेला देखकर लौट रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव मंगलवार सुबह गांव के बाहर सड़क किनारे मिला। जबकि उसकी बाइक पास ही पड़ी थी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

घुघटेर थाना क्षेत्र के ददेरा गांव निवासी हनुमंत उर्फ हनुमान गौतम 35 वर्ष पुत्र चोखे लाल गौतम सोमवार को अपनी पत्नी पूजा और बच्चों के साथ लखनऊ के डालीगंज अपनी ससुराल गया था। वहां से वह देवा मेला देखने की बात कह परिवार समेत निकला। मंगलवार सुबह गांव के बाहर सड़क किनारे हनुमान का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक के भाई रामशंकर ने थाने में दी तहरीर में पत्नी की भूमिका पर सवाल उठाए।

घटना के समय पत्नी और बच्चे साथ थे, लेकिन शव मिलने के बाद वे मौके पर नहीं मिले। सुबह पत्नी मायके वालों के साथ पहुंची। पूछे जाने पर उसने बताया कि देवा मेला देखकर वह पति और बच्चों के साथ गांव लौट रही थी। रास्ते में बेटे को लघुशंका लगी, तो पति ने बाइक रोकी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने हनुमान को टक्कर मार दी। घबराकर वह बच्चों को लेकर मायके चली गई और वहां से परिजनों को सूचना दी।

**पुलिस की उम्मीद**

मृतक के दो पुत्र हैं बड़ा बेटा यश आठ वर्ष और छोटा छः माह का है।बताया जा रहा है कि घटना यश के सामने ही हुई।ऐसे में पुलिस को उम्मीद है कि यश ही अपने पिता की मौत का सच सामने ला सकता है। थानाध्यक्ष बेचू सिंह यादव ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना सफदरगंज के बनौक गांव के पास एक सड़क हादसे में एक 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हुई । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।बनौक गांव का हुसैनी पुत्र कन्हई अपनी बाइक से पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने जा रहा था। तभी रामनगर जा रहा चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हुसैनी की मौके पर ही मौत हुई। हादसा ग्राम बनौक के मंदिर के पास रामपुर सहादतगंज चौडगरा रोड पर हुआ। बताया जा रहा है कि चार पहिया वाहन सफदरगंज की तरफ से था। सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजवीर सिंह यादव और गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे थे।मृतक हुसैनी के दो पुत्र हैं।जिनमें से एक का नाम राम सजीवन करीब 35 वर्ष और दूसरे का नाम जगजीवन राम लगभग 28 वर्ष है। परिवार के मुखिया की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।इस संबंध में थाना सफदरगंज के थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरासिया ने बताया कि दुर्घटना कर भाग रहा कार को कब्जे में ले लिया है।

## पराली व त्योहारों के मद्देनजर एसडीएम ने की बैठक, दिशा निर्देश

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सिरौलीगौसपुर सभागार में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह की अध्यक्षता एवं तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा के संयोजन में मंगलवार को आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में पराली न जलाने, आगामी त्योहारों की तैयारियों और संचारी दस्तक अभियान सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई।अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों और लेखपालों सहित गांव में कार्यरत सभी कर्मचारियों को किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक करने का काम करें। त्योहारों के मद्देनजर, उपजिलाधिकारी ने पुलिस और विकास खंड के अधिकारियों को गांवों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने और त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों को त्योहारों के दौरान आतिशबाजी बाजारों पर विशेष नजर रखने और क्षेत्र में लगातार भ्रमण करने के लिए कहा गया।बैठक में संचारी दस्तक अभियान पर भी चर्चा हुई।बैठक में नायब तहसीलदार अन्नू सिंह, दिनेश पाण्डेय,सिरौलीगौसपुर के खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, दरियाबाद की खंड विकास अधिकारी मोनिका पाठक, राजस्व निरीक्षक व लेखपाल सहित विभिन्न विकास खंडों के अधिकारी, पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## तहसील लेखपाल इकाई का चुनाव संपन्न, अध्यक्ष बने चंदन, गुरु शरण आडिटर

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील रामनगर लेखपाल संघ इकाई का द्विवार्षिक निर्वाचन तहसील सभागार में शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक माहौल में सम्पन्न हुआ।निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार सोनल सिंह तथा पर्यवेक्षक अजय कुमार सिंह की देखरेख में सभी पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए।अध्यक्ष पद पर चन्दन रावत वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीर सिंह कनिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा मंत्री विनीत कुमार उपमंत्री नूर मोहम्मद कोषाध्यक्ष रामसुफल वर्मा व ऑडिटर गुरु सरन निर्वाचित हुए।उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल व तहसीलदार विपुल सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।इसी दौरान लेखपालों ने संगठन की एकता और सेवा भाव को बनाए रखने का संकल्प लिया।

## सांड की टक्कर से ऑटो पलटा चालक की मौत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघटेर थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव निवासी संतलाल आटो चलाकर परिवार का जीवन यापन करता था।दोपहर को संतलाल भोजन करने आटो से घर लौट रहा था।अटहरा- निगोहां मार्ग पर नारदपुर गांव के निकट पहले से बीच सड़क पर आपस में लड रहे दो सांडों में से अचानक एक सांड सड़क पर भागा।तभी सामने आ रहा आटो से टकरा गया।सांड की टक्कर इतनी तेज थी की आटो पलट गया, चालक संतलाल उसी में दब गया। ग्रामीणों ने चालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## पराली प्रबंधन,महादेवा महोत्सव की तैयारी बैठक

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल की अध्यक्षता में पराली प्रबंधन दीपावली एवं महादेवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक हुई।इसमें तहसीलदार विपुल सिंह नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी तथा क्षेत्र की 76 ग्राम पंचायतों के प्रधान शामिल हुए।एसडीएम ने किसानों को पराली न जलाने की सख्त हिदायत देते हुए कहा कि इससे मृदा की गुणवत्ता घटती है और वायु प्रदूषण बढ़ता है।बैठक के बाद उन्होंने पराली प्रबंधन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो गांव गांव जाकर किसानों को जागरूक करेगा।उन्होंने ग्राम प्रधानों से अपील की कि वे किसानों को पराली का कम्पोस्ट खाद या पशु चारे के रूप में उपयोग करने के लिए प्रेरित करें।एसडीएम ने स्पष्ट किया कि पराली न जलाने वाले किसानों को योजनाओं में प्राथमिकता दी जाएगी जबकि नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई होगी।कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार एडीओ अभय शुक्ल डॉ. दलबीर सिंह समेत बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी व प्रधान मौजूद रहे।

## तालाब में डूब कर ग्रामीण की मौत

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के ग्राम लहड़रा मजरे बुधई पुरवा में एक व्यक्ति की तालाब में डूबने से मौत हुई।मृतक ग्राम मरौचा थाना बदोसराय निवासी 50 वर्षीय रामकैलाश रावत किसी परिचित से मिलने गांव आया था।शौच के लिए गया था पैर फिसलने से तालाब में डूबकर मौत हुई। थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## बाइक चोरी की घटनाओं में वृद्धि, लोग परेशान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में बाइक चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है, जिससे बाइक मालिकों की परेशानी बढ़ गयी है. पुलिस मामले का उद्भेदन करने में प्रयासरत है इसके बावजूद कई बदमाश अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं ताजा घटना शनिवार की है, जिसमें बलरामपुर ज0 रनमस्तपुर थाना घुंघचाई निवासी सविनोद पुत्र विश्राम सिंह की बाइक चोरी हो गयी विनोद ने बताया थाना पूरनपुर में आवेदन देकर बाइक खोजने की गुहार लगायी है उन्होंने बताया कि वह खुटार से अपने घर आ रहा था तभी रास्ते मे पढ़ने वाले ग्राम कढ़ेरचौरा मे विनोद अपनी बाइक खड़ी कर पान मसाला लेने लगा लगभग 7 बजे थे जिसका नंबर ठद्द 26इ्व7151 था.जब वह पान मसाला लेकर वापस लौटे, तो देखा कि बाइक वहां से गायब थी वही दूसरी घटना एचडीएफसी बैंक में कार्यरत कर्मचारी पारस मिश्रा किसी काम से रजिस्ट्री ऑफिस आये थे जिसकी गाड़ी संख्या ठद्द26 इट 3109 वहां से चोरी हो गई ।

# रामनगर पीजी कॉलेज में विवादों का सिलसिला जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**महिला अतिथि प्रवक्ता ने उत्पीड़न का लगाया आरोप, मुख्यमंत्री कार्यालय के बाहर सपरिवार आत्मदाह की चेतावनी**

रामनगर, बाराबंकी। पीजी कॉलेज रामनगर में प्राचार्य और प्राध्यापकों के बीच चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले हिंदी विभागाध्यक्ष अखिलेश वर्मा से जुड़ा विवाद सुर्खियों में था, जिसका समाधान अभी पूरी तरह नहीं हो पाया था कि अब एक महिला अतिथि प्रवक्ता ने उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाते हुए नया मामला उठा दिया है। अतिथि प्रवक्ता रानी सैनी ने एसडीएम से लेकर मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई है और आरोप लगाया है कि उच्च स्तर से न्याय न मिलने पर वह सपरिवार मुख्यमंत्री कार्यालय के बाहर आत्मदाह जैसे चरम कदम को उठाने को विवश होंगी।महाविद्यालय की प्रबंध समिति में अध्यक्ष के रूप में जिलाधिकारी बाराबंकी, सचिव के रूप में उपजिलाधिकारी रामनगर सहित कई अधिकारी शामिल हैं। इसके बावजूद कॉलेज परिसर में लगातार तनाव बना हुआ है और पठन-पाठन का स्तर लगातार गिर रहा है, जिससे संस्थान की छवि धूमिल होती जा रही है । कुछ समय पूर्व प्राचार्य और प्राध्यापकों के बीच हुए विवाद में एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था, जो न्यायालय में विचाराधीन है। अब अतिथि प्रवक्ता रानी सैनी ने आरोप लगाया है कि उक्त मुकदमे में झूठी गवाही देने से इनकार करने पर जानबूझकर उनका विस्तारीकरण रोका गया और उन्हें बीच सत्र में कॉलेज आने से रोक दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत करने पर उन्हें प्राचार्य के कुछ सहयोगी प्राध्यापकों द्वारा जान-माल की धमकियां दी जा रही हैं और कहा गया है कि उनकी 'पहुंच बहुत ऊपर तक' है। लगातार मिल रही धमकियों से वह और उनका परिवार दहशत में जी रहे हैं, लेकिन फिर भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।कॉलेज की सचिव एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जिले स्तर पर महिला सदस्य सहित एक जांच कमेटी गठित की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच निष्पक्ष रूप से की जाएगी और शीघ्र ही न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# लेखपाल संघ का चुनाव, शुभेंद्र अध्यक्ष, मंत्री बने समर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील इकाई के द्विवार्षिक चुनाव में शुभेंद्र अवस्थी निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। मंगलवार को सिरौलीगौसपुर तहसील सभागार में मंगलवार को हुए इस निर्वाचन में अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया। चुनाव अधिकारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह, राहुल कनौजिया व राजेश कुमार यादव की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। लेखपाल शुभेन्द्र अवस्थी तहसील अध्यक्ष, विवेक कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और रामकरन को कनिष्ठ उपाध्यक्ष एवं समर सिंह को मंत्री , प्रदीप वर्मा को उपमंत्री और आनन्द यादव कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं अश्वनी कुमार को आडिटर नियुक्त किया गया।

# डी फार्मा में एडमिशन के नाम पर हजारों की ठगी मुकदमा दर्ज मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। डी फार्मा में एडमिशन के नाम पर युवक से हजारों रुपए की ठगी की गई। रुपए संस्थान को न भेजने पर छात्र की डिग्री और मार्कशीट नहीं मिल सकी। कई बार आरोपी से संपर्क किया तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। अब वह नगर में खुला अपना ऑफिस बंद कर फरार हो गया। घर पर भी उसका कोई सुराग नहीं लग रहा है। एसपी के आदेश पर पुलिस ने फर्जीबाड़े में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।नगर में ऑफिस खोलकर पढ़ाई के नाम पर छात्रों को जमकर ठगा गया। कईयों का भविष्य अंधकार में पहुंच गया। फीस के नाम छात्रों से रुपए बसूलकर संस्थान को न भेजकर खुद हड़प लिए। नगर के मोहल्ला रजागंज निवासी सलमान हाशमी ने बताया क्षेत्र के गांव सबलपुर खास निवासी अनूप मिश्रा पुत्र राम बहादुर मिश्र ने पूरनपुर में ऑफिस खोला था। यहां वह अन्य संस्थानों में एडमिशन के नाम पर छात्रों से रुपए वसूल कर उन्हें गुमराह करता था। 2021-22 में बरेली जनपद के भुता में स्थित पायनियर इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी में उसका एडमिशन कराने के नाम पर 70 हजार रुपए लिए थे। इसमें आरोपी ने अपने ऑफिस से 60 हजार की रशीद काटकर उसे दी थी। कोर्स कंप्लीट होने के बाद कॉलेज में उसे मार्कशीट डिग्री यह कहकर देने से मना कर दिया कि फीस जमा नहीं है। युवक ने जब अनूप मिश्रा से संपर्क किया तो वह आजकल झूठे आश्वासन देता रहा। दो वर्ष बीत जाने के बावजूद न रुपए मिले न हीं डिग्री मिली कुछ दिन पहले उसने पूरनपुर में स्थित अपना ऑफिस भी बंद कर दिया। मोबाइल पर भी संपर्क न होने पर वह आरोपी के घर पहुंचा। इस पर उसका सुराग नहीं लग सका आरोपी ने युवक से धोखाधड़ी कर उसका रुपये ठग लिए। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# आयोग अध्यक्ष ने किया मेडिकल स्टोर का उद्घाटन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। नगर पंचायत के मोहल्ला छोटा इमामबाड़ा स्थित डब्बू जयसवाल मार्केट में नव स्थापित मेडिकल स्टोर का उद्घाटन एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने चेयरमैन प्रतिनिधि दाउद अंसारी व कलीम अंसारी की गरिमापूर्ण उपस्थिति में किया। इसके पश्चात डाक्टर रिजवान अली सभासद ताहिर द्वारा फूल माला पहना कर श्री रावत का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि के अलावा वीरेंद्र प्रताप, ताहिर अंसारी सभासद, पूर्व प्रधान सरफुद्दीन,शाहे आलम? कुरैशी सभासद सायंम रिजवी कलीम अंसारी,अबसार सभासद रजा हसन, उस्मान शाबान अली, सगीर नेता, अंकित जायसवाल आदि गणमान्य मौजूद रहे।

# भारत ने वेस्टइंडीज को किया क्लीन स्वीप

एजेंसी

नई दिल्ली। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारत ने दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच के पांचवें दिन मंगलवार को यहां वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। भारत ने 121 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन एक विकेट पर 63 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। उसे जीत के लिए केवल 58 रन की जरूरत थी। भारत ने आखिर में 35.2 ओवर में तीन विकेट पर 124 रन बनाए। राहुल 58 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (175) और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 129) के शतकों की मदद से अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 248 रन ही बना पाई थी और उसे फॉलोऑन करना पड़ा था। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में जॉन कैम्पबेल (199 गेंदों पर 115 रन) और शाई होप (214 गेंदों पर 103 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 177 रन की



साझेदारी की जिससे उसकी टीम 390 रन बनाने में सफल रही। इससे मैच पांचवें दिन तक खिंच गया। भारत ने अहमदाबाद में खेला गया पहला टेस्ट मैच तीन दिन के अंदर पारी और 140 रन से जीता था। भारत की घरेलू धरती पर श्रेष्ठता की पुष्टि करने के अलावा यह जीत भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में शुभमन गिल की श्रृंखला में पहली जीत के रूप में भी दर्ज की जाएगी। राहुल ने छह चौके और दो छक्के लगाए तथा साई सुदर्शन (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़े। गिल ने 13 रन बनाए जबकि ध्रुव जुरेल छह रन बनाकर नाबाद रहे। गिल ने पुरस्कार वितरण समारोह में मुस्कुराते हुए कहा, ''मैं इस टीम का प्रबंधन करने का आदी हो रहा हूं। कभी-कभी आपको साहसिक निर्णय लेने पड़ते हैं।'' बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को मैच में आठ विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिसमें पहली पारी में लिए गए पांच विकेट भी शामिल हैं। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों ने इस मैच में अपना जज्बा दिखाया लेकिन इसके बावजूद रोस्टन चेज, क्रैग ब्रैथवेट के बाद, कप्तान के रूप में अपने पहले पांच टेस्ट मैच हारने वाले वेस्टइंडीज के दूसरे कप्तान बन गए। चेज़ ने पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, ''मुझे लगता है कि हमारे खिलाड़ी कैरेबियाई देशों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से हैं। इसलिए हमें इस आखिरी टेस्ट मैच को एक मानदंड के रूप में उपयोग करना होगा। हमें यहां से जितना संभव हो सके उतना सुधार करना होगा। दो टेस्ट मैचों में भारतीय गेंदबाजों ने विपक्षी टीम के सभी 40 विकेट चटकाए, जिसमें तेज गेंदबाजों ने प्रतिकूल पिचों पर सराहनीय योगदान दिया तथा कोटला में जब परिस्थितियां अनुकूल नहीं थीं, तब स्पिनरों ने धैर्य दिखाया। भारतीय बल्लेबाजों की ओर से दो मैचों में पांच शतक बनाए गए। वेस्टइंडीज के पास हालांकि कमजोर आक्रमण था।

# संजू सैमसन की केरल रणजी टीम में वापसी, लाल गेंद क्रिकेट में नए अध्याय की शुरुआत

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन की रणजी ट्रॉफी में वापसी ने केरल क्रिकेट में उत्साह और उम्मीदों की नई लहर ला दी है। करीब एक साल बाद वह फिर से लाल गेंद क्रिकेट में उतरने जा रहे हैं। केरल की टीम 15 अक्टूबर से महाराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2025S26 सीजन का पहला मुकाबला खेलेगी और सैमसन की वापसी इस मैच का सबसे बड़ा आकर्षण होगी। संजू सैमसन ने आखिरी बार पिछले साल कर्नाटक के खिलाफ पहला श्रेणी (फर्स्ट क्लास) मैच खेला था। पिछले एक साल से राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी और भारतीय टी20 टीम का हिस्सा रहने के कारण वे ज्यादातर टी20 और वनडे प्रारूपों पर फोकस कर रहे थे, लेकिन अब एक बार फिर वह केरल की सफ़ेद ड्रेस में मैदान पर उतरेंगे। इस सीजन में केरल की कप्तानी मोहम्मद अजहरुद्दीन के हाथों में होगी, जबकि बाबा अपराजित को उपकप्तान



बनाया गया है। टीम मैनेजमेंट ने सैमसन को फ्री रोल देते हुए राष्ट्रीय टीम में उनके आगामी चयन को भी ध्यान में रखा है। संजू की वापसी क्रिकेट से बढ़कर एक भावनात्मक क्षण है। पिछले वर्ष उनका केरल क्रिकेट संघ (केसीए) से टकराव सुर्खियों में रहा था। विजय हजारे ट्रॉफी टीम से बाहर किए जाने के बाद विवाद गहराया था। उनके पिता ने केसीए पर पक्षपात के आरोप लगाए थे, तो राजनीतिक नेता शशि थरूर ने भी इस मुद्दे पर सवाल उठाए थे। वहीं केसीए ने अनुशासनहीनता को आधार बताते हुए अपने फैसले का बचाव किया था। इस विवाद ने न सिर्फ सैमसन के लिए मुश्किलें खड़ी कीं, बल्कि केरल की घरेलू टीम पर भी असर डाला। केरल क्रिकेट लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद सैमसन और संघ के बीच दूरियां कम होती दिखीं। रणजी टीम में उनकी वापसी को एक तरह से नई शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है – जहां प्रतिभा और प्रबंधन के बीच सुलह की झलक दिखती है।

## संक्षिप्त समाचार

### छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आने के बाद एक बल्लेबाज के रूप में अधिक सोच रहा हूं: जडेजा

**नयी दिल्ली।** भारत के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने मंगलवार को कहा कि बल्लेबाजी के लिए छठे नंबर पर आने से उन्हें एक अच्छे बल्लेबाज के रूप में सोचने में मदद मिली है। उन्होंने इस बदलाव का श्रेय मुख्य कोच गौतम गंभीर को दिया और कहा कि इससे वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहे। जडेजा को वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में हरफनमौला प्रदर्शन के लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भारत ने मंगलवार को यहां दूसरे मैच में सात विकेट से जीत दर्ज की। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने अहमदाबाद में पहले मैच में आठ विकेट लिए और 104 रन की पारी खेली थी। जडेजा ने दूसरे मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, ''मुझे लगता है कि हम जानते हैं कि पिछले पांच-छह महीनों में हम किस तरह की क्रिकेट खेल रहे हैं। इसलिए एक टीम के रूप में यह अच्छा संकेत है कि हम लगातार ऐसा करने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा, ''जब से गौती भाई (गंभीर) ने कहा कि मुझे अब छठे नंबर पर बल्लेबाजी करनी है तब से ही मैं एक अदद बल्लेबाज के रूप में सोच रहा हूं और यह मेरे लिए अच्छा साबित हुआ है। पहले मैं कई वर्षों तक आठवें और नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करता रहा हूं, इसलिए मेरी मानसिकता अब की मानसिकता से थोड़ी अलग थी। जडेजा ने कहा कि वह रिकार्ड के बारे में ज्यादा नहीं सोचते लेकिन टीम में अपनी भूमिका को सही ठहराने के लिए बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन करने के प्रति हमेशा सचेत रहते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए बल्ले और गेंद दोनों से योगदान देने पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मैं हमेशा ऐसा करने के लिए तत्पर रहता हूं। मुझे लगता है कि अगर मैं बल्ले और गेंद से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता हूं, तो यह एक खिलाड़ी के रूप में मेरी उपयोगिता को नहीं दर्शाता है। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कुलदीप यादव ने कहा कि इस धीमी पिच पर लंबे स्पैल में गेंदबाजी करना एक चुनौती थी। उन्होंने कहा, ''यह बिल्कुल अलग विकेट था। यहां ज़्यादा ओवर डालना एक चुनौती थी, लेकिन मुझे यहां गेंदबाजी करने में मज़ा आया। मुझे अधिक से अधिक ओवर करना पसंद है।

### पाकिस्तान पर भी बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा इंग्लैंड

**कोलंबो।** लगातार तीन जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी इंग्लैंड की टीम महिला वनडे विश्व कप में बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ भी बड़ी जीत हासिल करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। दक्षिण अफ्रीका पर 10 विकेट से जीत से शुरू हुई तीन एकतरफा जीत ने इंग्लैंड को सेमीफाइनल में पहुंचने का प्रबल दावेदार बना दिया है तथा नेट स्किवर-ब्रंट की अगुवाई वाली टीम भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसी बड़ी टीमों के खिलाफ खेलने से पहले अपनी लय को नए मुकाम पर पहुंचाने की कोशिश करेगी। स्किवर-ब्रंट ने अब तक आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और कप्तान ने दिखाया है कि वह बल्ले और गेंद दोनों से विरोधी टीम पर किस तरह कहर बरपा सकती हैं। इंग्लैंड की श्रीलंका के खिलाफ 89 रन की जीत में उन्होंने 117 रन बनाने के अलावा दो विकेट भी लिए थे। स्किवर-ब्रंट के अलावा एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, हीथर नाइट और सोफिया डंकले जैसी बल्लेबाजों ने भी अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे उसकी टीम छह अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सात अंक लेकर पहले स्थान पर है। इंग्लैंड ने दिखा दिया है कि वे कितनी जल्दी विभिन्न स्थानों और पिचों के साथ सामंजस्य बिठा लेते हैं, उन्होंने अपने दो शुरुआती मैच दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ गुवाहाटी में खेले और फिर श्रीलंका के खिलाफ खेलने के लिए कोलंबो पहुंचे। पाकिस्तान की टीम अपने सभी मैच को लंबो में खेल रही है लेकिन इसके बावजूद वह प्रभावशाली प्रदर्शन करने में नाकाम रही है। उसकी टीम इंग्लैंड का विजय अभियान रोक पाएगी इसकी संभावना बहुत कम नजर आती है। इंग्लैंड इस मैच में जीत दर्ज करने पर अंक तालिका में पहले स्थान पर पहुंच जाएगा। पाकिस्तान को अब तक अपने तीनों में इतने हार का सामना करना पड़ा है और वह अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। उसके बल्लेबाज नहीं चल पा रहे हैं। उसकी टीम ने तीन मैच में अभी तक केवल एक बार 150 रन की संख्या को पार किया है। टीम इस प्रकार हैं: इंग्लैंड: नैट स्किवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, सारा ग्लेन, एमी जोन्स, हीथर नाइट, एम्मा लैम्ब, लिन्सी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज। पाकिस्तान: फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, एमान फातिमा, मुनीबा अली, नाशरा संधू, नतालिया परवेज, ओमाइमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शमास, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिद्रा नवाज, सैयदा अरूब शाह।

### केंद्र सरकार ने 16वें वित्त आयोग का कार्यकाल 30 नवंबर तक बढ़ाया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 16वें वित्त आयोग का कार्यकाल को एक महीने बढ़ाकर 30 नवंबर तक कर दिया है। 16वां वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है, जो केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों पर सुझाव देता है। वित्त मंत्रालय ने 10 अक्टूबर को जारी की एक अधिसूचना में कहा कि 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर तक बढ़ाई जा रही है। सरकार ने 31 दिसंबर, 2023 को 16वें वित्त आयोग का गठन किया था। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया को इसका चेयरमैन बनाया गया था। इस आयोग को 31 अक्टूबर तक अपनी रिपोर्ट देनी थी। 16वां वित्त आयोग मुख्य रूप से 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली 5 साल की अवधि के लिए केंद्र और राज्यों के बीच करों के वितरण पर सिफारिशें करेगा। आयोग में चार सदस्य हैं, जिनमें सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू और अर्थशास्त्री मनोज पांडा आयोग के पूर्णकालिक सदस्य हैं, जबकि एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष और आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर अंशकालिक सदस्य हैं। केंद्र और राज्यों के बीच कर हस्तांतरण और राजस्व वृद्धि के उपायों पर सुझाव देने के अलावा, आयोग आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत गठित निधियों के संदर्भ में आपदा प्रबंधन पहलों के वित्तपोषण की वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा भी करेगा।

### अनंत गोयंका होंगे फिक्की के अगले अध्यक्ष

**श्रीनगर।** आरपीजी समूह के उपाध्यक्ष अनंत गोयंका उद्योग मंडल फिक्की के अगले अध्यक्ष होंगे। फिक्की की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में मंगलवार को वर्ष 2025-26 के लिए चयनित अध्यक्ष के रूप में श्री गोयंका के नाम की घोषणा की गयी। वह 28 और 29 नवंबर को दिल्ली में होने वाली संगठन की 98वीं आम सभा में पदभार ग्रहण करेंगे। श्री गोयंका मौजूदा अध्यक्ष हर्ष वर्धन अग्रवाल का स्थान लेंगे। वह इस समय फिक्की के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। श्री गोयंका 2012 से 2023 तक टायर बनाने वाली कंपनी सिएट के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रहे हैं। उससे पहले वह यूनीलिवर और केईसी इंटरनेशनल के साथ भी काम कर चुके हैं।

# पर्थ वनडे से बाहर हुए एडम ज़म्पा और इंग्लिस, कूहनेमन और फिलिप को मौका

एजेंसी

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम ज़म्पा और विकेटकीपर बल्लेबाज जॉश इंग्लिस भारत के खिलाफ पर्थ में होने वाले पहले वनडे मैच से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह मैथ्यू कूहनेमन और जॉश फिलिप को टीम में शामिल किया गया है। ज़म्पा पारिवारिक कारणों से टीम से बाहर हैं क्योंकि उनकी पत्नी हैरियट गर्भावस्था के अंतिम चरण में हैं और डिलीवरी की तारीख नज़दीक है। पर्थ से घर वापस लौटना कठिन होने के कारण ज़म्पा ने न्यू साउथ वेल्स में ही रहने का फैसला किया है। वे संभवतः एडिलेड और सिडनी में होने वाले दूसरे और तीसरे वनडे में टीम से जुड़ेंगे। इसके बाद होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज़ में उनके खेलने की पूरी संभावना है। वहीं, इंग्लिस पिंडली (काफ़) की चोट



से उबर नहीं पाए हैं, जो उन्हें न्यूजीलैंड दौरे से पहले लगी थी। इसी कारण वे पहले वनडे से बाहर हैं। इंग्लिस एडिलेड में होने वाले दूसरे वनडे से भी बाहर रहेंगे, लेकिन टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि वे 25 अक्टूबर को सिडनी में होने वाले तीसरे वनडे तक फिट हो जाएंगे। मैथ्यू कूहनेमन तीन साल बाद वनडे टीम में वापसी करेंगे। उन्होंने आखिरी बार 2022 में श्रीलंका में वनडे खेला था। वे पूरे विंटर ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ विभिन्न दौरों पर रहे, लेकिन इस दौरान उन्हें केवल एक ही टी20 मैच में मौका मिला। घरेलू क्रिकेट में उन्होंने हाल ही में बेहतरीन प्रदर्शन किया है, उन्होंने तीन वनडे मैचों में 4 विकेट लिए और 56 रनों की शानदार पारी खेली। जॉश फिलिप को पर्थ वनडे में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी दी जाएगी क्योंकि एलेक्स कैरी शील्ड मैच खेलने के लिए एडिलेड में रहेंगे। फिलिप ने आखिरी बार 2021 में वेस्टइंडीज दौरे पर वनडे खेला था। वे घरेलू क्रिकेट में शानदार फॉर्म में हैं और उनके चयन से टीम को मजबूती मिलने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं को तीनों प्रारूपों में खिलाड़ियों के बोझ को संभालते हुए ऐशेज की तैयारी भी करनी है। कैमरन ग्रीन पहले दो वनडे खेलेंगे लेकिन तीसरे वनडे में शील्ड मैच की तैयारी के चलते उन्हें आराम दिया जा सकता है। ग्रीन गेंदबाजी की लोड को शील्ड मैच में धीरे-धीरे बढ़ाएंगे।

मिचेल मार्श (कप्तान), ज़ेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कूपर कॉनॉली, बेन द्वार्शुइस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंग्लिस (विकेटकीपर), मैथ्यू कूहनेमन, मिचेल ओवेन, जॉश फिलिप (विकेटकीपर), मैट रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क, एडम ज़म्पा।

## भारतीय टीम प्रबंधन कोटला की पिच से नाखुश, भविष्य में तेज गेंदबाजों के लिए मददगार पिच की मांग

नयी दिल्ली। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच मंगलवार को आसानी से सात विकेट से जीतने के बावजूद भारतीय टीम प्रबंधन यहां के फिरोज शाह कोटला मैदान की पिच से ज्यादा खुश नहीं है। भारतीय टीम का अगला टेस्ट मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नवंबर में कोलकाता और गुवाहाटी में खेला जायेगा। इन मैचों में टीम प्रबंधन ऐसी पिचें चाहेगा जो जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज जैसे प्रमुख तेज गेंदबाजों के लिए अधिक प्रभावी हो, भले ही दक्षिण अफ्रीका की टीम में कगिसो रबाडा जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाज है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की यह श्रृंखला 14 नवंबर से शुरू होगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इस पिच को लेकर निराशा जतायी। पिच से मध्यम गति के गेंदबाजों और अंगुली के स्पिनरों को कोई मदद नहीं मिली।

# थोक महंगाई दर सितंबर महीने में घटकर 0.13 फीसदी पर आई

एजेंसी

नई दिल्ली। महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को बड़ी राहत मिली है। खुदरा महंगाई के बाद थोक महंगाई दर में गिरावट आई है। खाने-पीने की चीजों के दाम घटने से सितंबर महीने में थोक महंगाई दर घटकर 0.13 फीसदी पर आ गई। इससे पहले अगस्त में यह 0.52 फीसदी रही थी। पिछले वर्ष सितंबर में यह 1.91 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि सितंबर महीने में खाद्य और ईंधन की कीमतों में भारी गिरावट से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर घटकर 0.13 फीसदी रह गई, जो अगस्त में 0.52 फीसदी थी। इससे पहले जुलाई और जून महीने में ये क्रमशः -0.58 फीसदी और -0.19 फीसदी रही थी। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की कीमतें सितंबर में 5.22 फीसदी कम हुईं, जबकि अगस्त में यह 3.06 फीसदी था। सब्जियों की कीमत सितंबर महीने में 24.41 फीसदी घटीं है, जबकि अगस्त में यह 14.18 फीसदी कम हुई थीं। विनिर्मित उत्पादों के मामले में महंगाई अगस्त के 2.55 फीसदी के मुकाबले घटकर 2.33 फीसदी रह गई। मंत्रालय के मुताबिक सितंबर, 2025 में मुद्रास्फीति यानी महंगाई की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं, अन्य परिवहन उपकरणों और वस्त्रों आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। इसके अलावा ईंधन और बिजली की कीमतें सितंबर में 2.58 फीसदी कम हुईं, जबकि अगस्त महीने में इनमें 3.17 फीसदी की गिरावट आई थी। उल्लेखनीय है कि सितंबर महीने में खुदरा महंगाई दर घटकर 8 साल के निचले स्तर 1.5 फीसदी पर आ गई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) खुदरा महंगाई दर पर नजर रखता है। केंद्रीय बैंक ने अक्टूबर महीने की शुरुआत में नीतिगत दरों को 5.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रखा था।



# इरेडा का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में 41 फीसदी बढ़कर 549 करोड़ रुपये

एजेंसी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। इरेडा का एकल शुद्ध लाभ 30 सितंबर को समाप्त जुलाई-सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 41 फीसदी बढ़कर 549 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 388 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि कंपनी की परिचालन आय चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 26 फीसदी बढ़कर 2,057 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 1,630 करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का ऋण सालाना आधार पर 64,564 करोड़ रुपये की तुलना में 31 फीसदी बढ़कर 84,477 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह ऋण स्वीकृतियां 145 फीसदी बढ़कर 21,408 करोड़ रुपये हो गईं, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 8,724 करोड़ रुपये थीं। कंपनी का ऋण वितरण 4,462 करोड़ रुपये से 81 फीसदी बढ़कर 8,062 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा सितंबर तक कंपनी की कुल संपत्ति 12,920 करोड़ रुपये थी, जो एक साल पहले के 9,336 करोड़ रुपये से 38 प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इरेडा लिमिटेड की चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के नतीजे पर कहा कि मजबूत प्रगति के साथ, स्वच्छ ऊर्जा की ओर भारत की यात्रा अद्भुत गति पकड़ रही है। जोश और उद्देश्य के साथ इरेडा सतत विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रहा है, भारत के भविष्य को रोशन कर रहा है और हम सभी को एक हरित, उज्जवल कल के निर्माण के लिए प्रेरित कर रहा है।

# विशाखापत्तनम में एआई केंद्र स्थापित करने के लिए 15 अरब डॉलर का निवेश करेगा गूगल

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिकी टेक कंपनी गूगल ने विशाखापत्तनम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) हब बनाने का ऐलान किया है। कंपनी अगले पांच वर्ष में केंद्र स्थापित करने के लिए 15 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी। यह अमेरिका के बाहर कंपनी की सबसे बड़ी परियोजना और एआई हब होगा। गूगल क्लाउड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) थॉमस कुरियन ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में मंगलवार को 'भारत एआई शक्ति' कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि गूगल का ये नया एआई केंद्र एआई बुनियादी ढांचे, नई डेटा सेंटर क्षमता, बड़े ऊर्जा स्रोतों एवं विस्तारित ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क को एकीकृत करेगा। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और आंध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री चंद्र बाबू नायडू भी मौजूद रहे। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि गूगल का नया गीगावाट स्तरीय एआई हब भारत एआई मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने में काफ़ी मददगार साबित होगा। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने ज़ोर देकर कहा कि इस परियोजना का शुभारंभ प्रगतिशील नीति-निर्माण और शासन संबंधी निर्णय लेने की गतिशीलता के बीच सामंजस्य को दर्शाता है।




# सर्राफा बाजार में तेजी का सिलसिला जारी, नए शिखर पर सोना और चांदी

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमत में रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला आज भी जारी है। ये दोनों चमकीली धातुएं आज एक बार फिर मजबूती के नए शिखर पर पहुंची हुई हैं। आज के कारोबार में सोना 320 रुपये से लेकर 340 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। इसी तरह चांदी की कीमत 6,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक उछल कर नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,25,410 रुपये से लेकर 1,25,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,14,960 रुपये से लेकर 1,15,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी के भाव में भी उछाल आने के



कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,85,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,25,560 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,15,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,25,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,25,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,15,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,25,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,14,960 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,25,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,25,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,15,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,25,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,15,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# राहुल गांधी ने आईपीएस वाई पूरन की आत्महत्या मामले में की कार्रवाई की मांग

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के परिवार से मिलने के बाद उनकी आत्महत्या के मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी न होने पर नाराजगी जताते हुए सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की। राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में कहा कि वाई पूरन कुमार की आत्महत्या समाज और सिस्टम की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी है। उनकी पत्नी एक सप्ताह से पति का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार करने की प्रतीक्षा में हैं और पूरा दलित समाज इस पीड़ा को महसूस कर रहा है। सरकार तुरंत दोषियों के खिलाफ कदम उठाए।





कांग्रेस महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक्स पर कहा कि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार ने जातिगत उत्पीड़न के चलते आत्महत्या की और परिवार न्याय के लिए भटक रहा है। यह प्रकरण दिखाता है कि इस सरकार में उच्च पदों पर पहुंचे दलितों को भी सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित नहीं है और ऐसी घटनाएं देश के लिए कलंक हैं। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने मंगलवार को चंडीगढ़ में वाई पूरन कुमार की पत्नी अमनीत पी कुमार और उनकी बेटियों से मुलाकात की। उनके साथ हरियाणा के नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस के राव नरेंद्र सिंह, सांसद कुमारी सैलजा, वरूण चौधरी, दीपेंद्र सिंह हुड्डा एवं अन्य नेता भी मौजूद थे। मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने मीडिया से कहा कि यह सिर्फ एक परिवार का मामला नहीं है, बल्कि पूरे दलित समाज के लिए गलत संदेश जा रहा है कि वे चाहे योग्य एवं सफल हों, फिर भी दबाए जा सकते हैं।

# डोर-टू-डोर सेवाएं देश की जरूरत, ये बढ़ाएंगी दक्षता और घटाएंगी लॉजिस्टिक्स लागत : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि डोर-टू-डोर सेवाएं देश की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ये सेवाएं न केवल उद्योगों की दक्षता बढ़ाएंगी बल्कि परिवहन और लॉजिस्टिक्स लागत को भी काफी कम करेंगी। वैष्णव ने यहां रेल भवन में वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश के सोनिक में बने इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स हब का उद्घाटन किया और दो नई डोर-टू-डोर फ्रेट एवं पार्सल सेवाओं को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर उन्होंने बताया कि अब उद्योगों को अपने माल की ढुलाई के लिए पूरी रेक भरने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार कुछ कंटेनर ही भेज सकेंगे। रेल मंत्री ने कहा कि भारतीय रेल अब फैक्टरी से लेकर ग्राहक तक 'डोर-टू-डोर' सुविधा उपलब्ध कराएगी, जिससे फैक्टरी और रेलवे लोडिंग-अनलोडिंग प्वाइंट के बीच की दूरी और असुविधा खत्म होगी। इसके लिए देशभर में बने गुड्स शेड्स और लॉजिस्टिक्स टर्मिनल्स को कंटेनर लोडिंग व अनलोडिंग सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, ताकि ग्राहक पूरी तरह से इस नई सेवा का लाभ उठा सकें। रेल मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश का सोनिक अब देश का पहला इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स हब बन गया है, जहां यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। 'गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल' पहल के तहत अब तक 115 टर्मिनल विकसित किए जा चुके हैं, जो मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स सेवाएं प्रदान करेंगे। सोनिक टर्मिनल लखनऊ से लगभग 50 किलोमीटर और कानपुर से 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह दोनों प्रमुख औद्योगिक और शहरी केंद्रों को जोड़ता है। इस टर्मिनल का प्रबंधन कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकोर) द्वारा किया जाएगा, जो 'फर्स्ट माइल' और 'लास्ट माइल' कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा। यह केंद्र उर्वरक, खाद्यान्न, सीमेंट और ट्रैक्टर जैसे विविध माल की ढुलाई के लिए तैयार है। वैष्णव ने बताया कि ट्रैक्टर अब किसानों तक पहले से अधिक सस्ती दरों पर पहुंचाए जाएंगे। जैसे कार परिवहन की व्यवस्था सुचारू है, वैसे ही अब ट्रैक्टर और निर्माण उपकरणों (जैसे जेसीबी) के लिए भी रेलमार्ग से कुशल परिवहन की सुविधा मिलेगी। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और सीईओ सतीश कुमार ने कहा कि डोर-टू-डोर डिलीवरी सेवा रेल आधारित लॉजिस्टिक्स में एक बड़ा परिवर्तन है। अब भारतीय रेल केवल माल ढुलाई करने वाली संस्था नहीं रहेगी, बल्कि एक पूर्ण लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता के रूप में उभर रही है। यह 'विकसित भारत' की लॉजिस्टिक्स दृष्टि को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह उल्लेखनीय है कि भारतीय रेल विश्व की दूसरी सबसे बड़ी मालवाहक संस्था है, जो हर वर्ष करीब 1.6 अरब टन माल का परिवहन करती है। नई रेल सेवाओं के प्रमुख विवरण 1. सोनिक (लखनऊ डिवीजन) में इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स हबः यह केंद्र कानपुर-लखनऊ क्षेत्र की बढ़ती लॉजिस्टिक्स आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इसमें डोर-टू-डोर सेवा, कार्गो वितरण और इन्वेंट्री प्रबंधन जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

2. दिल्ली॒कोलकाता के बीच एश्योर्ड ट्रांजिट कंटेनर ट्रेन सेवाः

यह नई प्रीमियम सेवा सुनिश्चित समय (120 घंटे) में डिलीवरी की गारंटी देती है। ट्रेन सप्ताह में दो बार (बुधवार और शनिवार) चलेगी। इसमें दिल्ली, आगरा, कानपुर और कोलकाता के बीच निर्धारित समय में लोडिंग-अनलोडिंग की सुविधा होगी। ग्राहक अपनी सुविधा अनुसार चार विकल्पों में सेवा ले सकेंगे–डोर-टू-डोर, डोर-टू-टर्मिनल, टर्मिनल-टू-डोर और टर्मिनल-टू-टर्मिनल। इस सेवा की बुकिंग और ट्रैकिंग 'कॉनकॉर ई-लॉजिस्टिक्स मोबाइल ऐप' के माध्यम से की जा सकेगी, जो फर्स्ट और लास्ट माइल कनेक्टिविटी को डिजिटल रूप से जोड़ता है।

# पेज एक का शेष

## अयोध्या...

ऑपरेशन महादेव इस बात के उदाहरण हैं कि भारत अब किसी भी हमले का जवाब उसके मूल स्थान पर जाकर देने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत पर हमले की योजना बनाने वाले आतंकी समूहों के मुख्यालयों, लॉन्चिंग पैडों और प्रशिक्षण केंद्रों को नष्ट किया गया, जबकि 'ऑपरेशन महादेव' में भारतीयों पर हमला करने वाले आतंकियों को सटीकता से समाप्त किया गया। शाह ने कहा, इन अभियानों ने दुनिया को यह संदेश दिया है कि आतंकवादियों के लिए अब कोई स्थान सुरक्षित नहीं है। वे जहां भी होंगे, भारत की सुरक्षा एजेंसियां उन्हें सजा देंगी। गृह मंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति अब केवल रक्षात्मक नहीं, बल्कि प्रत्याक्रमणकारी हो चुकी है। उन्होंने याद दिलाया कि मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 समाप्त करने से लेकर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसे निर्णायक कदम उठाकर यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब आतंक के हर स्रोत पर सीधे प्रहार करने में सक्षम है। अमित शाह ने एनएसजी की वीरता और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि 1984 में स्थापना के बाद से एनएसजी ने ऑपरेशन अश्वमेध, वज्र शक्ति, ऑपरेशन ढांगू सुरक्षा और अक्षरधाम जैसे कई बड़े आतंकी हमलों के दौरान असाधारण साहस का परिचय दिया है। उन्होंने कहा, ल्लएनएसजी ने संगठित अपराध और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश को बार-बार सुरक्षित किया है। हर नागरिक के मन में यह विश्वास है कि देश की सुरक्षा एनएसजी जैसे वीर जवानों के मजबूत हाथों में है।

अमित शाह ने एनएसजी कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्र सरकार उनकी कार्यक्षमता और साजो-सामान को लगातार सुदृढ़ कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में एनएसजी को अत्याधुनिक तकनीक और रणनीतिक क्षमताओं से और अधिक सशक्त किया जाएगा ताकि देश की सुरक्षा में कोई कमी न रह जाए।

## एनएसजी ...

सर्वत्र, सर्वोत्तम और सुरक्षा इन तीन सूत्रों को लेकर साहस और राष्ट्र भक्ति को अपना गुण बनाकर एनएसजी ने चार दशकों से देश में आर्गेनाइज क्राइम और आतंकवाद के खिलाफ बहुत बड़ी लड़ाई लड़ी है। मानेसर एनएसजी परिसर में कमांडों द्वारा किए गए प्रदर्शन को देखकर हर नागरिक को संतोष हो जाना चाहिए कि हमारी सुरक्षा सुरक्षित हाथों में है।

अमित शाह ने आगे कहा कि मानेसर स्थित एनएसजी सेंटर में आठ एकड़ भूमि में 141 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक स्पेशल ऑपरेशंस ट्रेनिंग सेंटर बनेगा। यहां कमांडो आतंकवाद का सामना करने की ट्रेनिंग लेंगे। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में केवल केंद्र सरकार आतंकवाद का सामना नहीं कर सकती, देश की सभी राज्य सरकारें और राज्य पुलिस के विशेष दस्ते, एनएसजी, सीआरपीएफ सभी मिलकर देश को सुरक्षित करेंगे। एनएसजी ने सर्वत्र, सर्वोत्तम और सुरक्षा इन तीन मंत्रों को जमीन पर उतारते हुए 1984 से ऑपरेशन अवश्वमेघ, ऑपरेशन व्रज शक्ति, ऑपरेशन अक्षरधाम जैसे कई ऑपरेशन करते हुए राष्ट्र को सुरक्षित किया है। पूरा देश एनएसजी की बहादुरी पर नाज करता है।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हम एनएसजी के काम में बहुत बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं। एनएसजी के मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, अहमदाबाद, जम्मू और अयोध्या में भी सेंटर बनने जा रहे हैं। इन जगहों पर कमांडों 365 दिन 24 घंटे तैनात रहेंगे ताकि अकस्मात होने वाले आतंकी हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा की वीर भूमि पर बने हेडक्वाटर पर एनएसजी और देश भर के राज्य पुलिस के आतंकविरोधी दस्तों की ट्रेनिंग और फिटनेस होगी।

गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति देश ने अपनाई है। 2019 से लगातार एक के बाद एक ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। हमारी सरकार ने एनआईए एक्ट में संशोधन किया, पीएमएलए और ईडी को आतंकी ग्रुपों की फंडिंग पर एक्टिव किया है। टेरर फंडिंग के साइंटिफिक इनवेस्टिगेशन का सिस्टम बनाया गया है। शाह ने कहा कि तीन आपराधिक कानूनों में पहली बार हमने टेरेरिज्म की व्याख्या करके अदालत में लूज पोज को भरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर से आतंकियों के मर्म स्थान पर आघात करने का काम किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि आतंकवादी कहीं पर भी छिपे हों, कितनी भी मजबूत तरीके से छिपने की व्यवस्था की गई हो। हमारे जवानों ने तीनों ऑपरेशन के माध्यम से तय कर दिया है कि दुनिया में आतंकवादियों को कहीं भी छिपने की जगह नहीं मिल सकती। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हमारे जवानों ने आतंकियों के हेड क्वाटर को ध्वस्त कर दिया। ऑपरेशन महादेव ने आतंकवादियों को समाप्त कर दिया। देश का विश्वास सुरक्षा बलों पर बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि एनएसजी के जवानों ने चार दशक लंबी यात्रा में देश के 770 से ज्यादा महत्वपूर्ण स्थानों की रेकी की है। अकस्मात हमला होता है तो कैसे बचाया जाए, इसका डाटाबैंक बनाया गया है। अस्पताल, बहुत सारे धार्मिक स्थान, जलमार्ग, संसद की अच्छी तरह से प्लानिंग करके डेटा तैयार किया है। अमित शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में एनएसजी को हम आधुनिक तकनीक से लैस करने के साथ-साथ बहुत बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि चार दशक का एनएसजी का इतिहास आने वाले वर्षों तक एनएसजी दोहराती रहेगी। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, केंद्रीय गृहसचिव गोविंद मोहन, एनएसजी महानिदेशक भृगु श्रीनिवासन आदि मौजूद थे।

## ग्राम ...

किया जाए। उन्होंने इसके लिए एक स्पष्ट नियमावली तैयार करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतों के पास जितनी अधिक स्व-वित्तीय क्षमता होगी, उतनी ही तेजी से ग्रामीण विकास के कार्य आगे बढ़ेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत प्रतिनिधियों को वित्तीय प्रबंधन, डिजिटल सेवा वितरण और जनसुविधा संचालन के विषय में प्रशिक्षण दिया जाए। मुख्यमंत्री ने अंत में कहा कि ल्लग्राम पंचायतों की समृद्धि ही आत्मनिर्भर भारत की नींव है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर ग्राम पंचायत सेवा, स्वच्छता और स्वावलंबन की प्रतीक बने।

## 14.82 लाख ...

। इसमें राज्य कर्मचारी, राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारी, स्थानीय निकायों और जिला पंचायतों के कर्मचारी, राजकीय विभागों के कार्यप्रभारित एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी सम्मिलित हैं।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने भी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बीते 29 सितंबर 2025 द्वारा बोनस प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

## मंगोलिया...

की माँ के सम्मान में हैदराबाद हाउस में संयुक्त रूप से एक पौधा लगाया। यह पहल प्रधानमंत्री की 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल और राष्ट्रपति के एक अरब पेड़ अभियान को एक साथ लाती है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह की रक्षा करने की एक साझा प्रतिबद्धता है।

## बिहार...

प्रसाद, प्राणपुर से निशा सिंह, कोढ़ा से कविता देवी, सहरसा से आलोक रंजन झा, गौरा-बौराम से सुजीत कुमार सिंह और दरभंगा से संजय सरावगी को टिकट मिला है।

इसी तरह से केवटी से मुरारी मोहन झा, जाले से जिवेश कुमार मिश्रा, औराई से रमा निषाद, कुढ़नी से केदार प्रसाद गुप्ता, बरुराज से अरुण कुमार सिंह, साहेबगंज से राजू कुमार सिंह, बैकुंडपुर से मिथिलेश तिवारी, सिवान से मंगल पांडेय, दरौंदा से कर्णजीत सिंह, गोरेयाकोठी से देवेश कांत सिंह, तरैया से जनक सिंह, अमनौर से कृष्ण कुमार मंटू, हाजीपुर से अवधेश सिंह, लालगंज से संजय कुमार सिंह, पातेपुर से लखेंद्र कुमार रौशन, मेहिउद्दीननगर से राजेश कुमार सिंह, मछवारा से सुरेंद्र मेहता, तेघरा से रजनीश कुमार और बेगूसराय से कुंदन कुमार ,भागलपुर से रोहित पांडेय, बांका से राम नारायण मंडल,कटोरिया से पूरण लाल टुड्डू, तारापुर से सम्राट चौधरी, मुंगेर से कुमार प्रणय और लखीसराय से विजय कुमार सिन्हा को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने दक्षिण बिहार के बिहारशरीफ से सुनील कुमार, दीघा से संजीव चौरसिया, बांकीपुर से नितिन नबीन, कुम्हरार से संजय गुप्ता, पटना साहिब से रत्नेश कुशवाहा, दानापुर से रामकृपाल यादव, बिक्रम से सिद्धार्थ सौरव, बड़हरा से राघवेंद्र प्रताप सिंह, आरा से संजय सिंह टाइगर, तरारी से विशाल प्रशांत, अरवल से मनोज शर्मा, औरंगाबाद से त्रिविक्रम नारायण सिंह, गुरुआ से उपेंद्र दांगी, गया शहर से प्रेम कुमार, वजीरगंज से बीरेंद्र सिंह, हिसुआ से अनिल सिंहए वारिसलीगंज से अरुणा देवी और जमुई से श्रेयसी सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। टिकट नहीं मिलने के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने कहा कि ''मैं भारतीय जनता पार्टी के निर्णय के साथ हूं। भारतीय जनता पार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मुझे पार्टी से कोई शिकायत नहीं है। नई पीढ़ी का स्वागत है। अभिनंदन है। उन्होंने कहा, ''कि पटना साहिब विधानसभा के लोगों ने मुझे लगातार सात बार विजयी बनाया है। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के रूप में जो स्नेह और प्यार मुझे दिया उसे मैं कभी भूल नहीं पाऊंगा। सबका आभार।

## नीतीश...

राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को उतारने की योजना है। इसी तरह तारापुर विधानसभा सीट भाजपा के खाते में आ गई है। नीतीश कुमार के गृह जिले में भी सीट बंटबारे को लेकर वे नाखुश है। नीतीश कुमार ने पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह को अपनी चिंताओं से अवगत कराया और उनसे सीट बंटवारे पर भाजपा के साथ फिर से बातचीत शुरू करने का आग्रह किया है। नीतीश कुमार ने उन नौ सीटों पर आपत्ति जताई, जो पहले जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के पास थीं और उन्होंने जोर देकर कहा कि ये सीटें उनकी पार्टी के पास ही रहनी चाहिए।

मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास से लेकर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आवास तक और राष्ट्रीय कार्यकारी संजय झा के आवास पर लगातार बैठक होती रही। विधिवत रूप से घोषणा नहीं होने के बावजूद नीतीश कुमार ने पहले चरण के उम्मीदवारों को सिंबल बांटना भी शुरू कर दिया है। नीतीश ने पहले चरण के अधिकांश नेताओं को सिंबल दे दिया है। इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता विजेंद्र यादव एक बार फिर से सुपौल से नामांकन करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा महनार से, मोकामा से अनंत सिंह आदि प्रमुख नाम हैं। इससे पहले आज अनंत सिंह पूजा-पाठ करते नजर आए।सोमवार को भी पूरे दिन बैठक होती रही। बिहार भाजपा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, मंत्री विजय कुमार चौधरी के बीच सोमवार को कई चरण की बैठक हुई।

दरअसल, नीतीश कुमार की नाराजगी जदयू की कई सीटिंग सीट पर है, जिसे लोजपा-आर को दिया गया है। सोनबरसा से जदयू के रत्नेश सदा विधायक हैं और बिहार सरकार में मंत्री भी हैं। उनकी सीट को लेकर भी चर्चा थी कि उसे लोजपा-आर को दिया गया है, लेकिन नीतीश कुमार की तरफ से पार्टी के विधान परिषद सदस्य ललन सर्राफ ने रत्नेश सदा को सिंबल दे दिया है। इसी तरह वैशाली सीट, नालंदा जिले की कुछ सीट पर नीतीश कुमार की नाराजगी है। आधा दर्जन से अधिक सीटें ऐसी हैं, जो विवाद में हैं। तारापुर सीट भी जदयू के पास थी, लेकिन उसे भाजपा को देने की बात आ रही थी। तारापुर से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी खुद चुनाव लड़ना चाह रहे थे। अंदर खाने से जो खबर आ रही है, उसके मुताबिक नीतीश कुमार को मनाने के लिए खुद अमित शाह पटना आने वाले हैं। दूसरी ओर आज सम्राट चौधरी ने अपने पोस्ट में लिखा कि राजग दलों में सीट संख्या का विषय सौहार्दपूर्ण बातचीत में पूरा हो चुका है। कौन दल किस सीट पर लड़ेगा यह चर्चा भी सकारात्मक बातचीत के साथ अंतिम दौर में है। मोदी जी और नीतीश जी के नेतृत्व में राजग के सभी दल एकजुटता के साथ पूरी तरह से तैयार हैं।

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने भी कहा कि विपक्ष घबरा गया है। राजग में क्या हो रहा है, इस बारे में भ्रांतियां फैला रहे हैं। नीतीश कुमार चुनाव मैदान के लिए तैयार हैं। वे राजग के लिए चुनाव प्रचार भी करेंगे।

इससे पहले केंद्रीय मंत्री और भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को घोषणा की थी कि बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा और जदयू दोनों 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा-आर 29 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाली हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) और उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक मोर्चा छह-छह सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। हालांकि, बिहार में सत्तारूढ़ राजग के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे की घोषणा के तुरंत बाद मतभेद सामने आ गए। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की अगुवाई वाली हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा, जिन्हें छह-छह सीटें मिली थीं, ने सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर अपनी नाराज़गी जताई थी। सीट बंटवारे पर टिप्पणी करते हुए, जीतन राम मांझी ने रविवार को संवाददाताओं से कहा, ''आलाकमान ने जो फैसला किया है, उसे हमने स्वीकार कर लिया है। लेकिन हमें सिर्फ़ छह सीटें देकर, उन्होंने हमें कम करके आंका है। चुनावों में इसका राजग को नुकसान हो सकता है।''

इसी तरह उपेंद्र कुशवाहा ने सीट बंटवारे की घोषणा के बाद देर रात एक्स पर एक पोस्ट में अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लिखा, ''प्रिय मित्रों/सहयोगियों, मैं आपसे क्षमा चाहता हूं। हमें मिली सीटों की संख्या आपकी उम्मीदों के मुताबिक नहीं है। मैं समझता हूं कि इस फैसले से उन साथियों को ठेस पहुंचेगी, जो हमारी पार्टी के उम्मीदवार बनने की ख्वाहिश रखते थे।''

उन्होंने कहा, ''आज कई घरों में खाना नहीं बना होगा। हालांकि, मुझे यकीन है कि आप सभी मेरी और पार्टी की सीमाओं को समझते हैं। मैं आपसे विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूं कि आप अपना गुस्सा शांत होने दें और फिर आपको खुद एहसास होगा कि यह फैसला कितना सही या गलत है। बाकी तो समय ही बताएगा।''अब जानकारों का ऐसा मानना है कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नाराजगी के बाद राजग में सीट शेयरिंग के फार्मूले में बदलाव संभव हो सकता है।

## कोई...

इंटरनेट कंपनियों और वेबसाइटों को किए गए भुगतान, प्रचार सामग्री के निर्माण, सोशल मीडिया खातों के संचालन से जुड़े व्यय और अन्य डिजिटल प्रचार संबंधी खर्च शामिल होंगे।

## अपने ...

थाईलैंड, युगांडा, उरुग्वे और वियतनाम के प्रमुख भागीदारी कर रहे हैं। उद्घाटन सत्र में रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के लिए यह सिर्फ़ बातचीत का विषय नहीं है, क्योंकि हजारों भारतीय संयुक्त राष्ट्र के झंडे तले शांति और विकास के लिए काम करते हैं। यह एक प्रमुख उदाहरण है, जो भारत के सिद्धांत और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत के लिए शांति स्थापना कभी भी एक विकल्प का कार्य नहीं रहा है, बल्कि एक आस्था का विषय रहा है। अपनी स्वतंत्रता के आरंभ से ही भारत अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के अपने मिशन में संयुक्त राष्ट्र के साथ दृढ़ता से खड़ा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत महात्मा गांधी की भूमि है, जहां शांति हमारे अहिंसा और सत्य के दर्शन में गहराई से निहित है। महात्मा गांधी के लिए शांति केवल युद्ध नहीं, बल्कि न्याय, सद्भाव और नैतिक शक्ति की एक सकारात्मक स्थिति थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि हजारों भारतीय संयुक्त राष्ट्र के झंडे तले शांति स्थापना के विचार के लिए प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि यह आस्था का विषय है, न कि केवल पसंद का कार्य। उन्होंने कहा कि यूएनटीसीसी प्रमुखों का सम्मेलन शांति और मानवीय गरिमा को बनाए रखने के प्रयासों की पुष्टि करता है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के महत्व पर चर्चा की, जिसे द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हुई तबाही के बाद बनाया गया था।

उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन शांति, स्थिरता और मानवीय गरिमा को बनाए रखने के हमारे सामूहिक प्रयास की पुष्टि है, जो संयुक्त राष्ट्र के चार्टर का आधार है। द्वितीय विश्व युद्ध की तबाही के बाद संयुक्त राष्ट्र चार्टर का निर्माण एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रों ने महसूस किया कि विकास, वृद्धि और समृद्धि के लिए शांति आवश्यक है। भारत संयुक्त राष्ट्र चार्टर का संस्थापक हस्ताक्षरकर्ता था। यह भारत के अपने 'वसुधैव कुटुम्बकम' के दर्शन को दर्शाता है, जो हमें सिखाता है कि दुनिया एक परिवार है।

सम्मेलन में थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि शांति स्थापना में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक भारत ने संयुक्त राष्ट्र के कुल 71 शांति अभियानों में से 51 अभियानों में लगभग 3 लाख पुरुषों और महिलाओं को भेजा है। हमारे सैनिकों ने अदम्य संकल्प के साथ सेवा की है, साथ ही हमें अमूल्य अनुभव भी प्राप्त हुआ है, जिसे हम हमेशा सभी के साथ साझा करने के लिए तत्पर हैं। नई दिल्ली स्थित संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र ने शांति स्थापना कार्यों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है, जिससे साझा समझ को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की मेजबानी में पहली बार इस सम्मेलन का आयोजन आपसी सहयोग को मजबूत करने और वैश्विक शांति के मिशन को आगे बढ़ाने के हमारे साझा संकल्प की भी पुष्टि है।

## गूगल ...

सुनिश्चित करेगा और भारत को वैश्विक टेक्नोलॉजी लीडर के रूप में स्थापित करेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक्स पर लिखा कि गूगल द्वारा निवेश की घोषणा एक बड़ा अवसर है। भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों के कारण अब डिजिटल नेतृत्वकर्ता बन गया है और जल्द ही एआई और क्वांटम जैसे क्षेत्रों में भी अग्रणी होगा। उन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और आईटी मंत्री लोकेश नारा की पहल की सराहना की। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गूगल का यह 15 अरब डॉलर का निवेश विश्वस्तरीय एआई हब और डाटा सेंटर के निर्माण में होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके विजन और तेजी से अमल की वजह से यह संभव हुआ है। एआई के इस युग में भारत को अग्रणी बनाए रखने के लिए युवाओं को री-स्किल और अप-स्किल करना बेहद जरूरी है। यह डाटा इंफ्रास्ट्रक्चर स्टार्टअप्स, शोध और युवाओं के लिए बेहद लाभकारी होगा।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने इस दिन को राज्य के लिए ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल आंध्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी बल्कि भारतीय युवाओं के लिए भी नए अवसरों के द्वार खोलेगी। उन्होंने भारत सरकार और गूगल की तेज कार्यशैली की सराहना की और कहा कि डेटा विकास का नया ईंधन है, जिसे एआई के साथ प्रभावी रूप से उपयोग करना होगा। उद्योगपति गौतम अडानी ने एक्स पर पोस्ट किया कि यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। अडानी समूह गूगल के साथ मिलकर विशाखापत्तनम में भारत का सबसे बड़ा एआई डाटा सेंटर परिसर बना रहा है, जो विशेष रूप से एआई की मांगों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यह केंद्र डीप लर्निंग, न्यूरल नेटवर्क प्रशिक्षण और बड़े एआई मॉडल के निष्कर्षण के लिए आवश्यक कंप्यूटिंग शक्ति प्रदान करेगा और देश के स्वास्थ्य, कृषि, लॉजिस्टिक्स और वित्त जैसे क्षेत्रों में एआई समाधान को बढ़ावा देगा।

उल्लेखनीय है कि गूगल अगले पांच वर्षों में विशाखापत्तनम में 15 अरब डॉलर का एआई हब स्थापित करेगा। यह प्रोजेक्ट अडानीकॉननेक्स और एयरटेल के साथ साझेदारी में होगा, जिसमें क्लीन एनर्जी और सबसी केबल नेटवर्क का उपयोग होगा। गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कुरियन ने कहा कि इस डेटा सेंटर की शुरुआती क्षमता 1 गीगावाट होगी, जिसे बाद में बढ़ाया जाएगा। आंध्र प्रदेश सरकार के अनुसार, इस निवेश से करीब 1.88 लाख नई नौकरियां सृजित होंगी। यह अमेरिका के बाहर गूगल का सबसे बड़ा एआई हब होगा और 12 देशों के वैश्विक नेटवर्क का हिस्सा होगा।

## प्रधानमंत्री ...

समिति द्वारा संचालित किया जाता है। इसके बाद प्रधानमंत्री कुरनूल जाएंगे, जहां दोपहर लगभग 2:30 बजे वे लगभग 13,430 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पण करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इन परियोजनाओं में उद्योग, सड़क, रेलवे, ऊर्जा, रक्षा विनिर्माण और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। इनका उद्देश्य क्षेत्रीय बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना और आंध्र प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति देना है। प्रधानमंत्री 2,880 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कुरनूल-ञ्ञ्ञ पूलिंग स्टेशन पर पारेषण प्रणाली सुदृढ़ीकरण परियोजना की आधारशिला रखेंगे। इससे 6,000 एमवीए की परिवर्तन क्षमता बढ़ेगी और नवीकरणीय ऊर्जा के पारेषण को बढ़ावा मिलेगा।

औद्योगिक विकास को बल देने के लिए, प्रधानमंत्री कुरनूल के ओर्वाकल औद्योगिक क्षेत्र और कडप्पा के कोप्पर्थी औद्योगिक क्षेत्र की आधारशिला रखेंगे, जिन पर कुल 4,920 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। इन परियोजनाओं से करीब एक लाख रोजगार सृजित होने और 21,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने की संभावना है। सड़क अवसंरचना में सुधार के तहत प्रधानमंत्री 960 करोड़ रुपये की लागत वाले सब्बावरम-शीलानगर छह-लेन ग्रीनफील्ड राजमार्ग की नींव रखेंगे। इसके अलावा 1,140 करोड़ रुपये की विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा, जिनसे राज्यभर में यातायात, सुरक्षा और संपर्कता में सुधार होगा। रेलवे क्षेत्र में प्रधानमंत्री 1,200 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पण करेंगे। इनमें कोट्टावलसा-विजयनगरम चौथी रेलवे लाइन, पेंडुर्ती-सिम्हाचलम उत्तर रेल फ्लाईओवर और शिमिलिगुड़ा-गोरपुर खंड के दोहरीकरण जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। ऊर्जा क्षेत्र में प्रधानमंत्री 1,730 करोड़ रुपये की गेल इंडिया लिमिटेड की श्रीकाकुलम-अंगुल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन और चित्तूर स्थित इंडियन ऑयल एलपीजी बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन करेंगे। यह संयंत्र 7.2 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को लाभान्वित करेगा। रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री कृष्णा जिले के निम्मलुरु में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की एडवांस्ड नाइट विजन प्रोडक्ट्स फैक्ट्री को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। लगभग 360 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह फैक्टरी भारतीय सशस्त्र बलों के लिए उन्नत इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल प्रणालियों का निर्माण करेगी, जिससे रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा।

# सीएम धामी ने 1456 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

## बोले-अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करें

- लोक सेवा आयोग के माध्यम से 109 नवचयनित को मिली नियुक्तिअधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित हुए 1347 सहायक शिक्षक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नवनियुक्त युवाओं से अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण की भावना के साथ करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करेंगे। यह अवसर नियुक्ति अभ्यर्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, साथ ही राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नींव निर्धारण के लिए भी महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को दून मेडिकल कॉलेज, पटेलनगर में आयोजित कार्यक्रम में 1456 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इन नवनियुक्त अभ्यर्थियों में लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित 109 समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी और उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित 1347 सहायक अध्यापक (एलटी) शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने नियुक्त होने वाले सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अवसर नियुक्ति अभ्यर्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। साथ ही राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नींव निर्धारण के लिए भी महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राज्य की शासन व्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण आधार उसका प्रशासनिक तंत्र होता है। सचिवालय को राज्य की शासन व्यवस्था का मस्तिष्क कह सकते हैं, क्योंकि यहीं पर नीतियां बनती हैं, निर्णय लिए जाते हैं और विकास परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का खाका तैयार किया जाता है। इस पूरी व्यवस्था को प्रभावी बनाने में समीक्षा अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब एक बच्चे को अच्छी शिक्षा मिलती है तो वह अपने जीवन को बेहतर बनाने के साथ समाज और देश के लिए भी अमूल्य योगदान देता है।

# एनएचआरसी के स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे रामनाथ कोविंद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के स्थापना दिवस समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि होंगे। यह कार्यक्रम यहां के विज्ञान भवन में 16 अक्टूबर को मनाया जाएगा।

एनएचआरसी के मुताबिक, इस अवसर पर एनएचआरसी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम उद्घाटन भाषण देंगे। उनके साथ आयोग के सदस्य न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी, मती विजया भारती सयानी, प्रियांक कानूनगो, महासचिव भरत लाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। समारोह के बाद जेल के कैदियों के मानवाधिकार विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न सत्रों के माध्यम से जेल कैदियों के अधिकारों और उनके कल्याण से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इन सत्रों में केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों, राजनयिकों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, कानूनी विशेषज्ञों, नागरिक समाज के सदस्यों और मानवाधिकार रक्षकों सहित कई अन्य लोग भाग लेंगे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अपनी 32 वर्षों की यात्रा में अब तक 2,981 स्वतः संज्ञान मामलों सहित 23 लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया है। आयोग ने मानवाधिकार उल्लंघन के पीड़ितों को राहत के रूप में कुल 263 करोड़ रुपये की अनुशंसा की है।

# संक्षिप्त समाचार

### बीएसएफ ने पंजाब में इस वर्ष 200 से ज़्यादा पाकिस्तानी ड्रोन भारी मात्रा में मादक पदार्थ, गोला बारूद बरामद किया

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पंजाब फ्रंटियर ने सतर्कता और संचालन उत्कृष्टता का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए इस वर्ष 200वां पाकिस्तानी ड्रोन बरामद करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि इस वर्ष 13 अक्टूबर तक बीएसएफ के जवानों ने 287 किलोग्राम हेरोइन, 13 किलोग्राम आईसीई ड्रग, 174 हथियार, 12 हथगोले और दस किलोग्राम से ज़्यादा उच्च विस्फोटक सहित 200 पाकिस्तानी ड्रोनों को सफलतापूर्वक जब्त किया है, जिससे इन घातक हथियारों को भारतीय धरती में घुसपैठ करने से रोका जा सका है। उन्होंने कहा कि इन अथक अभियानों के परिणामस्वरूप तीन पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया गया और सीमा पार अपराधों में शामिल 203 भारतीय तस्करों और 16 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि सीमा पार से लगातार बढ़ते ड्रोन खतरे ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती पेश की है। फिर भी, अत्याधुनिक निगरानी, खुफिया जानकारी पर आधारित अभियानों और बीएसएफ जवानों की अदम्य प्रतिबद्धता के माध्यम से, हवाई घुसपैठ के हर प्रयास का पता लगाया गया है, उसे रोका गया है और सटीकता के साथ निष्प्रभावी किया गया है। उन्होंने कहा कि चाहे शांति का समय हो या उकसावे का, बीएसएफ राष्ट्र की लौह ढाल के रूप में खड़ा है और यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी खतरा – चाहे ज़मीन पर हो या हवा में – भारत की संप्रभुता पर आंच नहीं आ सकती है।

### कनाडा और पाकिस्तान से जुड़े तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड, हथियार गोलाबारूद सहित एक तस्कर गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने मंगलवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है । पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने अमृतसर के थाना तरसिक्का के डेयरीवाल निवासी अमरबीर सिंह उर्फ अमर को गिरफ्तार कर उसके पास से छह पिस्तौल, 11 मैगज़ीन, .30 बोर के 91 कारतूस और नौ मिमी के 20 कारतूस बरामद किए हैं। श्री यादव ने बताया कि प्रारंभिक जाँच से पता चला है कि आरोपी हाल ही में कनाडा से लौटा था और पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और अन्य गुर्गों की पहचान करने, उनके संबंधों का पता लगाने और पूरे सीमा पार तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए जाँच जारी है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस संगठित अपराध से निपटने और राज्य भर में शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### डीएम ने किया ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण, पारदर्शिता और सुरक्षा पर जोर

**फारबिसगंज/अररिया।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत आज अररिया जिले में अररिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अनिल कुमार ने वेयर हाउस का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण जिले में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के प्रथम रेंडमाईजेशन के बाद चल रहे मशीनों के सेग्रीगेशन (विभाजन) कार्य की समीक्षा के लिए किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्य में उच्च स्तरीय पारदर्शिता और शुचिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि मशीनों के पृथक्करण का कार्य प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए पूर्णतः सुव्यवस्थित ढंग से और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी दिशा–निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए किया जाए। श्री कुमार ने वेयर हाउस परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का भी गहन जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा की कार्यप्रणाली, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, प्रवेश–निकास बिंदुओं की स्थिति और वेयर हाउस की सुरक्षा में तैनात पुलिस बल की तैनाती का विस्तृत निरीक्षण किया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से, जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मशीनों के मूवमेंट (आवाजाही) का एक–एक रेकॉर्ड (अभिलेख) पूरी तरह से संधारित किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि वेयर हाउस परिसर में प्रवेश की अनुमति केवल अधिकृत एवं पहचान–पत्र धारक कर्मियों को ही दी जाए ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता से बचा जा सके। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी अररिया, नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग समेत अन्य वरीय अधिकारीगण भी जिलाधिकारी के साथ मौजूद थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों के साथ वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**अररिया।** जिले में निर्वाचन की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अनिल कुमार ने मंगलवार को वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय हो कि जिले में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाईजेशन सम्पन्न होने के उपरांत मशीनों के सेग्रीगेशन का कार्य चल रहा है। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्य में पारदर्शिता एवं शुचिता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए मशीनों का पृथक्करण पूर्णतः सुव्यवस्थित और निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप किया जाए। इस दौरान वेयर हाउस परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने वेयर हाउस में सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन उपकरण, प्रवेश–निकास स्थिति एवं पुलिस बल की तैनाती की स्थिति का जायजा लिया।

### ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ जवान ने की आत्महत्या

**भागलपुर।** जिले के एनटीपीसी थाना क्षेत्र में एक सीआईएसएफ जवान ने फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। घटना बीते देर रात की है। बताया जा रहा है कि घटना एनटीपीसी परिसर में ड्यूटी प्वाइंट पर हुई, जवान वर्दी में ही था। मृतक की पहचान मुंगेर के घरघाट निवासी सीआईएसएफ कांस्टेबल दीपक कुमार(28) के रूप में हुई है। वह भागलपुर एनटीपीसी में ड्यूटी करता था। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से डिप्रेशन में था, जिससे वह काफी परेशान रहता था। कई बार उसका इलाज कराया गया, लेकिन वह ठीक नहीं हो सका। वह ड्यूटी पर गया था। एनटीपीसी परिसर में जहां उसकी ड्यूटी लगी थी, वहीं रेलिंग के सहारे फंदे से झूलकर उसने सुसाइड कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही एनटीपीसी परिसर में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

# मादक पदार्थों और हथियार के खिलाफ अररिया पुलिस का अभियान, पांच गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अररिया। अररिया एसपी अंजनी कुमार के निर्देश पर विधानसभा चुनाव को लेकर पूरे जिले में अवैध हथियार और मादक पदार्थों को खिलाफ पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। जिस कड़ी में अररिया जिला के नगर थाना, आरएस थाना और नरपतगंज थाना पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में 90 ग्राम स्मैक, 700 ग्राम गांजा, एक देशी पिस्टल, एक कारतूस, एक मैगजीन और भारी मात्रा में अनानास की गाड़ी में छिपाकर ले जा रहे 1125 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। मामले में तीनों थाना की पुलिस की ओर से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। जानकारी एसपी अंजनी कुमार ने मंगलवार को दी। एसपी अंजनी कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि अररिया आरएस थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों का कारोबार हो रहा है। साथ ही नगर थाना क्षेत्र में भी हथियारों का सौदा के साथ मादक पदार्थों के कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। इसके अलावा भारी मात्रा में पश्चिम बंगाल से विदेशी शराब के खेप जाने वाला है। सूचना के आधार पर अररिया सदर एसडीपीओ सुशील कुमार के नेतृत्व में डीआईयू और आरएस एवं नगर थाना पुलिस के साथ एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। वहीं विदेशी शराब के खेप जाने के मामले में फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में नरपतगंज थाना और चुनाव को ड्यूटी में आए सीएपीएफ जवानों के साथ एक छापामारी टीम का गठन किया गया। आरएस थाना क्षेत्र के बुआड़ीबाद राय टोला से सहना गोसाईबाड़ी वार्ड संख्या 15 के रहने वाले दो व्यक्ति अब्दुल्ला पिता मो.शफीक और तबरेज पिता मो.अल्ताफ को 90 ग्राम स्मैक और दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। जबकि मंगलवार को अररिया नगर थाना पुलिस की ओर से कमलदाहा गांव से 700 ग्राम गांजा,एक देशी पिस्टल,एक कारतूस,एक मैगजीन,मोबाइल के साथ चिकनी वार्ड संख्या 7 के मेहरू पिता मो.इब्राहिम को गिरफ्तार किया गया। वहीं भारी मात्रा में विदेशी शराब के खेप की सूचना पर नरपतगंज में एनएच 27 पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।वाहन चेकिंग के क्रम में पिकअप संख्या बीआर 31 जीए/4071 से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया।शराब को पिकअप में अनानास के भीतर छिपाकर रखा गया था।मामले में पुलिस ने वैशाली जिला के तिशीयौता गांव के राकेश कुमार पिता मिंटू राय और परमजीत कुमार पिता कृष्णनंदन राय को गिरफ्तार किया गया।शराब का खेप पश्चिमबंगाल से वैशाली मुजफ्फरपुर ले जाया जा रहा था। एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरएस थाना में बरामद स्मैक को लेकर कांड संख्या 189/25 दिनांक 13.10.25 धारा 8(सी),21(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।वहीं नगर थाना में बरामद गांजा और हथियार को लेकर कांड संख्या 429/25 दिनांक 14.10.2025 धारा 8(बी),20(बी)ए एनडीपीएस एक्ट और 25(1-बी)ए,26 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।जबकि नरपतगंज थाना में भारी मात्रा में बरामद शराब को लेकर कांड संख्या 372/25 दिनांक 14.10.2025 धारा 30(ए) बिहार मद्य निषेध अधिनियम 2016 के तहत दर्ज किया गया है।

# मतदाता सूची संशोधन के लिए 17 अक्टूबर तक लिये जायेंगे दावे

जालंधर। पंजाब राज्य चुनाव आयोग ने जिला परिषद और ब्लॉक समिति के सामान्य चुनावों के लिए मतदाता सूचियों के संशोधन के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। उपायुक्त-सह-जिला चुनाव अधिकारी डॉ हिमांशु अग्रवाल ने मंगलवार को इस संबंध में बताया कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार, मतदाता सूचियां 15 नवंबर 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर अद्यतन की जायेंगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी योग्य मतदाता इसमें शामिल हो सकें। उन्होंने बताया कि वर्तमान मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रकाशन 10 अक्टूबर को किया जा चुका है, जिस पर दावे और आपत्तियां 17 अक्टूबर तक स्वीकार किये जायेंगे। दावों और आपत्तियों का निपटारा 23 अक्टूबर तक किया जायेगा। मतदाता सूचियों की अंतिम प्रकाशन 24 अक्टूबर को किया जायेगा। डॉ अग्रवाल ने बताया कि मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए नया मतदाता बनवाने वाले व्यक्ति/ मतदाता की आयु अर्हता तिथि को 18 वर्ष होनी चाहिए।

# पंजाब यूथ कांग्रेस करेगी लुधियाना में आरएसएस कार्यालय का घेराव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़। पंजाब यूथ कांग्रेस आत्महत्या करने वाले केरल के इंजीनियार अनंदु अजी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर बुधवार को लुधियाना में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेगी। उल्लेखनीय है कि अनंदु अजी, एक युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे, जिन्होंने शाखा सत्रों के दौरान और बाद में आरएसएस नेताओं द्वारा बार-बार यौन उत्पीड़न किये जाने से पीड़ित होकर आत्महत्या कर ली थी। पंजाब यूथ कांग्रेस अध्यक्ष मोहित महेन्द्रा ने कहा, ल्ल यह चौंकाने वाली घटना एक बार फिर आरएसएस-भाजपा की गहरी पाखंडता और नैतिक पतन को उजागर करती है , जो सार्वजनिक रूप से संस्कार और नैतिकता की बातें करते हैं, लेकिन निजी तौर पर अपराधियों को संरक्षण देते हैं। श्री महेंद्रा ने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस के प्रभारी कृष्ण अल्लावरू और भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु छिब के निर्देशानुसार, पंजाब यूथ कांग्रेस पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन करेगी और निष्पक्ष जांच एवं दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग करेगी। इस मुद्दे पर भारतीय युवा कांग्रेस के महासचिव डॉ. स्मृति रंजन लेंका ने कहा, ल्लआरएसएस अब अपने झूठे राष्ट्रवाद के भगवा पर्दे के पीछे नहीं छिप सकती। सच्चाई सामने है, हमारे देश के युवाओं का शोषण तथाकथित नैतिक रक्षकों द्वारा किया जा रहा है।

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान लुधियाना का एक दिवसीय दौरा करेंगे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लुधियाना। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को पंजाब के लुधियाना का एक दिवसीय दौरा करेंगे।

इस दौरान श्री चौहान कई कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे तथा अग्रणी कृषि संस्थानों का दौरा करने के साथ किसानों और स्वयं सहायता समूहों की दीदियों से संवाद भी करेंगे। साथ ही, पंजाब के बाढ़ प्रभावित निवासियों के मकानों के पुनर्निर्माण के लिए मौके पर ही केंद्र सरकार की ओर से स्वीकृति पत्र भी सौंपेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, केंद्रीय कृषि मंत्री सुबह दिल्ली से प्रस्थान कर चंडीगढ़ होते हुए लुधियाना पहुंचेंगे। उनके लुधियाना प्रवास की शुरुआत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अंतर्गत भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान (आईआईएमआर) में नवनिर्मित प्रशासनिक भवन के उद्घाटन से होगी। इसी संस्थान परिसर में वे ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण योजनाओं के लाभार्थियों और महिला स्वयं सहायता समूहों की दीदियों से संवाद भी करेंगे। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे, जिसमें वे केंद्र सरकार की प्रमुख कृषि एवं ग्रामीण विकास पहलों तथा पंजाब क्षेत्र के लिए योजनाओं की जानकारी साझा करेंगे। दोपहर में केंद्रीय मंत्री चौहान ग्राम नूरपुर बेट, लुधियाना में किसानों के साथ चौपाल में चर्चा करेंगे। इस अवसर पर धान की कटाई के लिए एसएसएमएस फिटेड कंबाइन हार्वेस्टर और गेहूं की बुआई के लिए हैप्पी स्मार्ट सीडर मशीन का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा। तत्पश्चात, चौहान डोराहा में ''समन्यु हनी'' मधुमक्खी पालन केंद्र का अवलोकन करेंगे, जहां वे क्षेत्र के किसानों से संवाद कर इस व्यवसाय के नए मॉडल और नवाचारों की जानकारी प्राप्त करेंगे। साथ ही, कृषि मंत्रालय की संबंधित योजनाओं पर चर्चा भी करेंगे। श्री चौहान का यह दौरा पंजाब में आधुनिक कृषि उपकरणों को बढ़ावा देने, किसानों एवं महिला समूहों को सशक्त करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# चांदनी चौक की बदहाली को लेकर आआपा विधायक के खिलाफ प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नई दिल्ली। दिल्ली के चांदनी चौक क्षेत्र की बदहाली को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायक के खिलाफ मंगलवार को मोरी गेट के पास धरना-प्रदर्शन किया। मोरी गेट से प्रदर्शन कर शीशगंज गुरुद्वारा के सामने विधायक कार्यालय की ओर जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने बलपूर्वक क्लाथ मार्किट, फतेहपुरी के समीप रोक दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष अरविंद गर्ग ने किया। गर्ग ने कहा कि स्थानीय आआपा विधायक एवं उनके पिता 1998 से चांदनी चौक का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अधिकांश समय सत्ता में रहे हैं पर आज 27 साल बाद भी चांदनी चौक के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि चांदनी चौक में लोग पीने के साफ पानी के लिए त्रस्त हैं, गरीब आदमी स्वरोजगार के मौके के लिए परेशान हैं क्योंकि आआपा विधायकों ने पटरियों पर मुस्लिम समाज को ठिये लगवा दिए हैं तो वहीं क्षेत्र की अर्थ व्यवस्था की नींव व्यापारी सीलिंग से परेशान हैं पर आआपा के चारों विधायक मदमस्त हैं। भाजपा कार्यकर्ता राजेश भाटिया ने कहा कि पहले कांग्रेस फिर केजरीवाल ने मुस्लिम वोट से सत्ता पा कर पुरानी दिल्ली को विकास से वंचित कर दिया है और आज देश को सबसे अधिक रेवेन्यू देने वाले चांदनी चौक की स्थिति एक स्लम से भी बदतर है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित शर्मा, जिला महामंत्री लता सोढ़ी, जिला पदाधिकारी सुनील शर्मा, अशोक शर्मा गुड्डन, अशोक तोमर, गोपाल गर्ग, दीपक महेन्द्र आदि प्रमुख मौजूद रहे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063